



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 302 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ कृ.10 2081 शुक्रवार, 24 जनवरी-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## तेलंगाना की जनसंख्या वृद्धि शून्य के करीब

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आने वाले वर्षों में तेलंगाना राज्य में जनसंख्या वृद्धि में उल्लेखनीय गिरावट या मंदी का अनुभव होगा, क्योंकि जनसंख्या को प्रभावित करने वाले प्रमुख जनसांख्यिकीय संकेतक जैसे बच्चों की जन्म दर, मरने वालों की संख्या और कुल प्रजनन दर में रिकॉर्ड स्तर तक तेजी से गिरावट आने का अनुमान है। 2031-35 तक, जनसंख्या वृद्धि दर, जिसे एक समयावधि में जनसंख्या वृद्धि की दर के रूप में परिभाषित किया जाता है, तेलंगाना राज्य में लगभग शून्य (0.3) हो जाएगी। इसी समय तक, तेलंगाना राज्य भारत में सबसे कम कच्ची जन्म दर (सीबीआर) वाले निचले तीन राज्यों (आंध्र प्रदेश के साथ) में होगा, जो कि एक निश्चित समयावधि में जनसंख्या में प्रति हजार व्यक्तियों पर जीवित जन्मों की संख्या है।

# 'विकसित भारत के लिए एकजुट रहें'

## नेताजी की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने आमजन से किया आह्वान



नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोगों से 'विकसित भारत' के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया और देश को कमजोर करने और इसकी एकता को तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों के खिलाफ चेतावनी दी। सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती के उपलक्ष्य में कटक में आयोजित 'पराक्रम दिवस' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि प्रतिष्ठित स्वतंत्रता सेनानी का जीवन लोगों के लिए निरंतर प्रेरणा का स्रोत है।

**✻ वे कभी भी आराम के दायरे में नहीं फंसे**

अपने भाषण में पीएम मोदी ने कहा कि नेताजी ने आराम के दायरे से बाहर निकलकर देश की आजादी के लिए संघर्ष करना पसंद किया। पीएम ने आगे कहा, वे कभी भी आराम के दायरे में नहीं फंसे। इसी तरह, हम सभी को एक विकसित भारत बनाने के लिए अपने आराम के दायरे से बाहर निकलना होगा। हमें खुद को वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ बनाना होगा। हमें उत्कृष्टता को चुनना होगा और दक्षता पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

**✻ देश के स्वराज पर पूरी तरह केंद्रित थे नेताजी**

उन्होंने कहा कि बोस देश के स्वराज (स्वशासन) पर पूरी तरह केंद्रित थे और कई पृष्ठभूमि के लोग इस उद्देश्य के लिए एकजुट हुए। उन्होंने कहा, अब हमें विकसित भारत के लिए एकजुट रहना होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को भारत की एकता के लिए बोस के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, हमें उन लोगों से सावधान रहना होगा जो देश को कमजोर करना चाहते हैं और इसकी एकता को तोड़ना चाहते हैं।

**✻ विरासत को बढ़ावा देने पर सरकार कर रही काम :**

प्रधानमंत्री ने बोस के नाम पर अंडमान में द्वीपों का नामकरण, इंडिया गेट पर उनकी प्रतिमा स्थापित करना और उनकी जयंती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाना जैसे कई फैसलों का हवाला दिया, जो उनकी विरासत को बढ़ावा देने के लिए उनके काम पर जोर देने के लिए उनकी सरकार की तरफ से लिए गए थे। उन्होंने कहा कि बोस को भारत की विरासत पर गर्व था। उन्होंने कहा कि विकास की तेज गति लोगों की प्रगति, सशस्त्र बलों को मजबूत करने और समग्र विकास के साथ-साथ चलती है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है, आधुनिक बुनियादी ढांचे का भी निर्माण किया जा रहा है और सशस्त्र बलों की ताकत अभूतपूर्व तरीके से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आवाज के रूप में उभरा है।

**✻ पीएम मोदी ने नेताजी को किया नमन :**

इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में एक वीडियो साझा करते हुए लिखा- आज पराक्रम दिवस पर मैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान अद्वितीय है।

वे साहस और धैर्य के प्रतीक थे। उनका विजन हमें प्रेरित करता रहता है, क्योंकि हम उनके सपनों का भारत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।



पीएम मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं अन्य ने सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

## पीएम ने श्रद्धांजलि दी : संसद के सेंट्रल हॉल में विशेष आयोजन, बच्चों से भी मिले पीएम मोदी

नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। संसद के सेंट्रल हॉल में विशेष आयोजन हुआ। जिसमें पीएम मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने वहां मौजूद बच्चों से भी संवाद किया। पीएम ने बच्चों के साथ मिलकर जय हिंद के नारे भी लगाए। इससे पहले सोशल मीडिया पोस्ट में पीएम ने लिखा- भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में उनका योगदान अद्वितीय है। वे साहस और धैर्य के प्रतीक थे। उनका विजन हमें प्रेरित करता रहता है क्योंकि हम उनके सपनों के भारत के निर्माण की दिशा में काम करते हैं।

## भारत-बांग्लादेश सीमा : शांति और सहयोग के लिए मिले बीएसएफ और बीजीबी के सेक्टर कमांडर



कोलकाता, 23 जनवरी (एजेंसियां)। भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर शांति और सहयोग के लिए उप महानिरीक्षक बीएसएफ मालदा सेक्टर और सेक्टर कमांडर बीजीबी राजशाही सेक्टर के बीच सीमा समन्वय बैठक बीओपी सोनामस्जिद, बांग्लादेश में आयोजित की गई। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व तरुण डीआईजी, क्षेत्रीय मुख्यालय बीएसएफ मालदा कुमार गौतम ने किया, जबकि बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर्नल मोहम्मद इमरान इब्ने रौफ, सेक्टर कमांडर, सेक्टर मुख्यालय बीजीबी राजशाही ने किया। प्रतिनिधिमंडल में दोनों बलों के संबंधित बटालियन कमांडर और स्टाफ अधिकारी शामिल हुए। बीएसएफ साउथ बंगाल फ्रंटियर के जनसंपर्क अधिकारी डीआईजी एनके पांडे ने बताया कि बैठक में सीमा प्रबंधन संबंधित सीमावर्ती क्षेत्रों में आपसी हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। द्विपक्षीय सहयोग को मजबूती, सीमा क्षेत्र में अवैध गतिविधियो पर नियंत्रण, अंतर्राष्ट्रीय सीमा समीप किसानों के अतिरिक्त अन्य के आवागमन पर रोक आदि मुद्दों पर चर्चा की गयी और सहमति बनी। सीमा संबंधित समस्याओं पर आपसी बातचीत और सहमति से निदान ढूंढने पर दोनों पक्षों ने जोर दिया। सीमा संबंधित विवादों को मीडिया के कुछ वर्गों में बढ़ा चढ़ा कर प्रस्तुत करने और अफवाहों पर दोनों पक्षों ने चिंता व्यक्त की और इस पर रोकथाम के प्रति सहमती व्यक्त की। बैठक में प्रभावी सीमा प्रबंधन सुनिश्चित करने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया।

## जर्मनी के हाथ लगी भारत की सबमरीन डील!

**स्पेन का पत्ता साफ, ताकतवर होगी नौसेना की नई पनडुब्बी**

बर्लिन, 23 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय नौसेना की बहुप्रतीक्षित एआईपी पनडुब्बी डील को लेकर बहुत बड़ी खबर सामने आई है। ऐसा प्रतीत होता है कि जर्मन फर्म थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम ने भारतीय एआईपी पनडुब्बी के कॉन्ट्रेक्ट को जीत लिया है। थिसेनक्रुप एजी भारत के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ मिलकर भारत में ही छह पनडुब्बियों का निर्माण करेगा।

इससे पहले इस डील के लिए स्पेन की कंपनी नवंतिया भी एक दावेदार थी। कॉन्ट्रैक्ट जीतने के बाद नवंतिया भारत के एलएंडटी के साथ मिलकर इन पनडुब्बियों का निर्माण करने वाला था। हालांकि, भारतीय रक्षा मंत्रालय ने नवंतिया के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है, क्योंकि वह भारतीय नौसेना की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं था। नवंतिया और एलएंडटी ने भारतीय नौसेना की टीम के सामने अपने महत्वपूर्ण एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन सिस्टम की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया था। हालांकि, भारतीय नौसेना ने अपने टेंडर डाक्यूमेंट में अपनी आवश्यकताओं के लिए पहले से समुद्र में सिद्ध एक सिस्टम की मांग की गई थी। नवंतिया के एआईपी तकनीक का अभी तक किसी पनडुब्बी में लगाकर टेस्ट नहीं किया गया है, जो ऑपरेशनल हो। अब नवीनतम घटनाक्रम का मतलब है कि सरकारी स्वामित्व वाली मझगांव डॉकयार्ड्स लिमिटेड, अपने साझेदार जर्मनी के थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स (टीकेएमएस) के साथ, छह पनडुब्बियों को बनाने की दौड़ में एकमात्र विक्रेता बची रहेगी। इस सौदे की लागत 70,000 करोड़ रुपये (लगभग 8.2 बिलियन डॉलर) से अधिक हो सकती है, जो भारतीय रक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित 43,000 करोड़ रुपये के बेंचमार्क से बहुत अधिक है।

## ट्रंप के आने के बाद भारत-चीन में भी बन रही रणनीति!

**बीजिंग के दौरे पर जा रहे विदेश सचिव विक्रम मिस्री**



नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ ले चुके हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद दुनिया के साथ ही भारत, चीन की नजरें भी अमेरिका पर लगी हुई हैं। इस बीच विदेश सचिव विक्रम मिस्री भारत और चीन के बीच विदेश सचिव-उपमंत्री तंत्र की बैठक के लिए 26-27 जनवरी को बीजिंग का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय की तरफ से गुरुवार को इस बात की जानकारी दी गई।

विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि इस द्विपक्षीय तंत्र की बहाली भारत-चीन संबंधों के लिए अगले कदमों पर चर्चा करने के लिए नेतृत्व स्तर पर हुए समझौते से उत्पन्न होती है। इसमें राजनीतिक, आर्थिक और लोगों से लोगों के बीच संबंध शामिल हैं। पिछले महीने, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल चीनी उपराष्ट्रपति हान झेंग से मिलने के लिए बीजिंग गए थे। बैठक के दौरान एनएसए डोभाल ने इस बात पर जोर दिया था कि पांच साल के अंतराल के बाद सीमा मुद्दे पर दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों के बीच बैठक की बहाली दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी सहमति को लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए इसका बहुत महत्व है। भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) की 23वीं बैठक के दौरान भारत और चीन ने सीमा पार सहयोग और आदान-प्रदान के लिए "सकारात्मक दिशा-निर्देश" देने का भी फैसला किया था। इसमें कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली, सीमा पार नदियों और सीमा व्यापार पर डेटा साझा करना शामिल है।

## एक सप्ताह में दूसरी बार साथ मंच पर आए शरद पवार और अजित पवार

मुंबई, 23 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में पिछले पांच साल की राज्य की राजनीति के लिए काफी उतार-चढ़ाव वाले रहे हैं। विधानसभा चुनावों के बाद से राज्य के नए समीकरण बनने की चर्चा छिड़ी हुई है। हफ्ते में दूसरी बार अजित पवार और शरद पवार के एक मंच पर आने के बाद मंच में राजनीतिक पार चढ़ गया है। चर्चा हो रही है कि क्या वाकई में पवार फैमिली में आई दूरियां कम हो रही हैं।

राजनीतिक विश्लेषक बड़े खेला की उम्मीद वक्त कर रहे हैं। गुरुवार को पुणे में वरिष्ठ नेता शरद पवार और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट की बैठक में एक साथ दिखाई दिए। यह उनकी एक सप्ताह में उनकी दूसरी संयुक्त उपस्थिति रही। इससे पहले बारामती में आयोजित '2025 कृषि महोत्सव' में एक मंच पर आए थे।

## हिंदू पहले इसे अपने मन में रखते थे, अब गर्व से कहते हैं 'मैं हिंदू हूं' : अमित शाह



अहमदाबाद, 23 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 10 दिनों में दूसरी बार यानी 23 जनवरी को अहमदाबाद पहुंचे। यहां जीएमडीसी ग्राउंड में उन्होंने हिंदू आध्यात्मिक मेले के उद्घाटन किया। मेले के उद्घाटन कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्य समिति सदस्य सुरेश भैयाजी जोशी, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल होंगे। महापौर प्रतिभा जैन की उपस्थिति में 2000 बहनें कलश यात्रा निकाली। इस मौके पर गृहमंत्री ने कहा, आज देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। नरेंद्र मोदी हमारे प्रधानमंत्री हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार 10 साल से सत्ता में है और 10 साल में इस सरकार ने हमारी विचारधारा, विचारधारा जो कई वर्षों से लंबित थी, उसे पूरा करने का काम किया है। जब किसी को भारत में अपना परिचय देना हो, दिल्ली में अगर कोई कहना चाहे कि मैं हिंदू हूं, या फिर अगर कोई हिंदू बोलना चाहे तो भी इस बात को जुबान पर नहीं आने देता था। लेकिन, अब सभी गर्व से कहते हैं कि मैं हिंदू हूं।

350 साल से अधिक की गुलामी के दौरान भारत के मंदिरों से चुराई गई हमारी मूर्तियों को दुनिया के सामने लाने का कार्यक्रम हो या भारत की संस्कृति को दुनिया के सामने लाने का कार्यक्रम, भाजपा सरकार ने हर बड़े फैसले लिए और उन्हें पूरा किया है। गृहमंत्री ने आगे कहा, अहिंसा के लिए हिंसा का मार्ग अपनाना होगा। आज ऐसे कई संत हैं, जो बिना स्वार्थ के देश की रक्षा कर रहे हैं। शांति का मार्ग सद्भाव से होकर जाता है। भारत के अलावा दुनिया को साथ लेकर चलने वाला और कोई देश नहीं है। हम वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ चलते हैं।

## गृहमंत्री ने खुद बताई तारीख, कहा-सद्भाव और एकता का सशक्त संदेश देता है महाकुंभ

अहमदाबाद, 23 जनवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ 2025 का आयोजन 13 जनवरी से प्रारंभ हो चुका है। इस आयोजन में देश-विदेश से साधु-संत और श्रद्धालु पवित्र नदी में स्नान के लिए एकत्र हो रहे हैं।

वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस आध्यात्मिक आयोजन की सराहना की है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी अन्य आयोजन महाकुंभ से अधिक सद्भाव और एकता का संदेश नहीं देता है। इस दौरान शाह ने पुष्टि की कि वह 27 जनवरी को गंगा में पवित्र डुबकी लगाने के लिए महाकुंभ में आएंगे।

## जगबीर अली की हत्या मामले में घिरी स्टालिन सरकार

**> भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई ने बताया साजिश**



चेन्नई, 23 जनवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने हाल ही में पर्यावरण कार्यकर्ता जगबीर अली की मौत पर राज्य सरकार का घेराव किया है। उन्होंने कहा कि यह पहले से ही तय की गई साजिश थी, जिसके तहत उन्हें जानबूझकर मार दिया गया। उन्होंने कहा कि जिस लॉरी ने अली को टक्कर मारा वो बाद में पीछे की ओर मुड़कर 2-3 बार उन्हें घसीटा, जिससे ये निश्चित किया जा सके कि अली की मौत हो चुकी है।

हालांकि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य सरकार द्वारा मामले की जांच सीबी सीआईडी को सौंपने को लेकर खुशी जताई। साथ ही इस घटना को समान्य दुर्घटना मानने के बजाय गहरी साजिश करार दिया। गौरतलब है कि वेंकलूर निवासी अली की बीते शुक्रवार दोपहर मस्जिद से लौटते समय लॉरी से हत्या कर दी गई। इसको लेकर उनकी पत्नी मरियम ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि उनके पति की मौत दुर्घटना नहीं थी, बल्कि थुलैयनूर के ग्रेनाइट खदान संचालकों द्वारा जानबूझकर की गई हरकत थी। उनकी पत्नी का ने कहा कि अली ने कथित तौर पर शिकायत दर्ज कराई थी और क्षेत्र में अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ अदालतों का दरवाजा खटखटाया था। पलानीस्वामी ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की, न्याय की आवश्यकता और अवैध खनन और कार्यकर्ताओं के खिलाफ हिंसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई पर जोर दिया। इस घटना ने कार्यकर्ताओं और विपक्ष के बीच आक्रोश पैदा कर दिया है, और तमिलनाडु में अवैध खनन कार्यों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है। साथ ही अन्नामलाई ने सांसद नवसकानी पर भी टिप्पणी की, जिन्होंने तमिलनाडु के एक पवित्र हिंदू स्थल, सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर के पास स्थित सिकंदर मलाई दरगाह पर मांसाहारी खाना खाया था। अन्नामलाई ने कहा कि इस सांसद ने जानबूझकर ऐसा किया, जो भारत के संविधान के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का उल्लंघन करता है। उनका मानना था कि ऐसे सांसद को बर्खास्त किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सांसद ने जानबूझकर एक विवाद खड़ा करने के लिए ऐसा किया और इसे धार्मिक भावना का उल्लंघन माना। बता दें कि यह विवाद तब सामने आया जब आईयूएमएल के सांसद नवसकानी ने 22 जनवरी 2025 को थिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित सिकंदर मलाई दरगाह का दौरा किया और वहां मांसाहारी भोजन खाया, जो हिंदू समुदाय के लिए एक पवित्र स्थल है।

## 'दोनों पैसे बांट रहे', संदीप दीक्षित ने बीजेपी-आप पर लगाए गंभीर आरोप

नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जारी सियासी सरगर्मी के बीच आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल लगातार उनके प्रतिद्वंदी बीजेपी प्रत्याशी परवेश साहिब सिंह वर्मा पर पैसे कंबल और जूते बांटने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं अब केजरीवाल के ही खिलाफ नई दिल्ली सीट से कांग्रेस प्रत्याशी संदीप दीक्षित ने परवेश वर्मा और अरविंद केजरीवाल दोनों पर ही पैसे बांटने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने इस मामले में चुनाव आयोग के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का आरोप भी लगाया है।

आम आदमी पार्टी और बीजेपी पर आरोप लगाते हुए संदीप दीक्षित ने कहा कि यह पूरी तरह से सच है कि चुनाव में पैसा बांटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके समर्थक इसको लेकर उन्हें जानकारी भी दे रहे हैं। उन्होंने इस दौरान आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह पर भी निशाना साधा है। न्यूज एजेंसी से बातचीत में नई दिल्ली विधानसभा सीट से प्रत्याशी संदीप दीक्षित ने कहा कि यह सच है कि पैसा बांटा जा रहा है। जब कोई व्यक्ति देख लेता है कि वह विफल हो रहा है और उसके पास विकास के बारे में बात करने के लिए कुछ नहीं है, तब वे पैसा, कंबल बांटना शुरू कर देते हैं। कल मैं ईस्ट किदवई नगर में था और वहां लोगों ने मुझे एक पैकेट दिया और कहा कि परवेश जी यह बांट रहे हैं।

संदीप दीक्षित ने कहा कि चुनाव आयोग को कई बार शिकायतें की गईं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मेरा संजय सिंह से भी एक सवाल है, कल हम काली बाड़ी इलाके में प्रचार कर रहे थे और वहां कुछ महिलाओं ने कहा कि आप 1,000 रुपये बांट रही है और वे इसके लिए जा रहे थे। इसका मतलब है कि दोनों पार्टियां इसमें शामिल हैं।

## यूडीएफ सांसद फ्रांसिस जॉर्ज ने किया वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन, मौजूदा कानून को बताया क्रूर



कोच्चि, 23 जनवरी (एजेंसियां)। केरल के एक यूडीएफ सांसद ने कहा है कि वह भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की तरफ से संसद में पेश किए जाने वाले वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 का समर्थन करेंगे। केरल कांग्रेस (जोसेफ) पार्टी के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में इसके एकमात्र सदस्य फ्रांसिस जॉर्ज ने कहा है कि एक जनप्रतिनिधि और एक राजनीतिक दल के प्रतिनिधि के रूप में वह नए विधेयक का समर्थन करेंगे। केरल कांग्रेस (जोसेफ) केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ की एक प्रमुख सहयोगी है।

**मौजूदा वक्फ कानून को बताया क्रूर :**

सांसद फ्रांसिस जॉर्ज ने हाल ही में कोच्चि के पास मुनंबम में आयोजित 24 घंटे के दिन-रात के विरोध प्रदर्शन के समापन पर बोलते हुए अपना रुख स्पष्ट किया। यह प्रदर्शन वहां के लोगों की तरफ से वक्फ बोर्ड की तरफ से दावा की गई भूमि पर अपने राजस्व अधिकारों को फिर से हासिल करने के लिए की जा रही रिले भूख हड़ताल का हिस्सा था। उन्होंने मौजूदा वक्फ कानून को एक 'कठोर कानून' बताया जिसे लोकतांत्रिक देश में कोई भी स्वीकार नहीं कर सकता। सांसद फ्रांसिस जॉर्ज ने कानून के कई खंडों का हवाला देते हुए कहा, इसलिए, इस कानून को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। इसमें बदलाव की जरूरत है। कोट्टायम के सांसद ने कहा कि जब संशोधन विधेयक संसद में लाया गया था, तब आम सहमति बनाने के प्रयास किए गए थे, लेकिन दुर्भाग्य से इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेज दिया गया।

कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने केरल कांग्रेस (जोसेफ) नेता के रुख पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, जो इस मामले पर उसके आधिकारिक रुख के विपरीत है। जॉर्ज की तरफ से अपनाए गए रुख का स्वागत करते हुए भाजपा नेता शोन जॉर्ज ने कहा कि एक ईसाई सांसद ने दिखा दिया है कि उनमें हिम्मत है। उन्होंने फेसबुक पोस्ट में कहा, उम्मीद है कि संसद में भी यह साबित होगा। शोन जॉर्ज ने जोस के मणि, डीन कुरियाकोस, एंटो एंटनी, हिबी ईडन, जॉन ब्रिटास और बेनी बेहनन जैसे अन्य सांसदों से भी इस मामले पर अपना रुख स्पष्ट करने का आग्रह किया।

## किशोरी को जापानी इंसेफेलाइटिस की पुष्टि

ग्वालियर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। शहर में जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) ने दस्तक दे दी है। सागर ताल के पास सरकारी मल्टी में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी को जेई की पुष्टि हुई है। यह ग्वालियर में इस बीमारी का पहला मामला है।

किशोरी को तेज बुखार, सिर दर्द और उल्टी की समस्या से पीड़ित होने पर न्यू जेएएच में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने जांच के बाद जेई की पुष्टि की। फिलहाल मरीज की हालत में सुधार है, लेकिन पूरे क्षेत्र में अलर्ट जारी किया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह वायरस एक से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है। किशोरी को तेज बुखार और उल्टी की शिकायत होने पर नजदीकी डॉक्टर से इलाज कराया, लेकिन हालत सुधरने की बजाय उसके हाथों ने काम करना बंद कर दिया और वह कोमा में चली गई। डॉ। विजय गर्ग ने बताया कि किशोरी को गंभीर स्थिति में न्यू जेएएच लाया गया था। सैंपल की जांच के बाद जेई की पुष्टि हुई। समय पर इलाज मिलने से मरीज कोमा से बाहर आ चुकी है और अब उसकी हालत स्थिर है।

# संजय राउत ने की बाल ठाकरे को भारत रत्न देने की मांग

## कहा- 'हम जिंदा हैं और पलटवार करेंगे'

**मुंबई, 23 जनवरी (एजेंसियां)।**

शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की जयंती पर आज को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। इस पर अब शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि ये लोग ट्विटर पर बालासाहेब ठाकरे को श्रद्धांजलि देते हैं, तो यह सबसे बड़ा पाखंड है। संजय राउत ने कहा, बालासाहेब ठाकरे का व्यक्तित्व किसी का मोहताज नहीं रहा है, उनका व्यक्तित्व विराट है। नरेंद्र मोदी ने शिवसेना को तोड़ने की बहुत कोशिश की और उन्होंने तोड़ा भी, लेकिन असली शिवसेना हम हैं। आज पीएम मोदी और अमित शाह, एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फडणवीस जैसे लोग ट्विटर पर बालासाहेब ठाकरे को श्रद्धांजलि देते हैं, तो यह सबसे बड़ा पाखंड है। उन्होंने शिवसेना को अपने स्वार्थ के लिए तोड़ दिया, फिर भी हम जिंदा हैं और पलटवार करेंगे।

### संजय राउत ने बीजेपी से की ये मांग



शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने आगे कहा, ट्वीटर पर ढोंग करने से अच्छा है कि उन्हें भारत रत्न दिया जाए। बीजेपी ने ऐसे-ऐसे लोगों को भारत रत्न दिया है, जिनको कोई जानता भी नहीं है। अभी 26 जनवरी आ रही है, बीजेपी को बालासाहेब ठाकरे को भारत रत्न पुरस्कार देने का ऐलान करना चाहिए।

### वह कभी अपने वसूलों के खिलाफ नहीं गए- संजय राउत

उन्होंने कहा, अगर आज बालासाहेब ठाकरे जिंदा होते तो शिवसेना तोड़ने वाले और महाराष्ट्र को लूटने वालों को जूतों से मारते। बालासाहेब ठाकरे ढोंग नहीं करते थे, जो ढोंग करता था उसको जूतों से मारते थे। जिधर मातोश्री है वही असली शिवसेना है, असल शिवसेना हम हैं, वह चाइना माल हैं। बालासाहेब ठाकरे ने इंदिरा गांधी का भी समर्थन किया था और देश में इमरजेंसी का भी समर्थन किया था। उनकी राजनीति आदर्शों की राजनीति थी वह कभी अपने वसूलों के खिलाफ नहीं गए। राजनीति में उन्होंने हमेशा दूसरे लोगों को आगे किया।

### पीएम मोदी और अमित शाह ने किया याद

पीएम मोदी ने बाल ठाकरे को याद करते हुए 'एक्स' पर लिखा, जन कल्याण और महाराष्ट्र के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए उन्हें व्यापक रूप से सम्मान दिया जाता है और याद किया जाता है। जब बात अपने सिद्धांतों की आती थी तो वह समझौता नहीं करते थे और हमेशा भारतीय संस्कृति के गौरव को बढ़ाने में योगदान देते थे। गृह मंत्री अमित शाह ने बाल ठाकरे को याद करते हुए कहा, वह सनातन संस्कृति और राष्ट्र प्रथम की विचारधारा के प्रति आजीवन समर्पित रहे। उन्होंने देशहित को हमेशा सर्वोपरि रखा और विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उनकी वैचारिक दृढ़ता हमेशा प्रेरणा देती रहेगी।

## दाऊद का जानी दुश्मन गैंगस्टर डीके राव को मुंबई पुलिस ने किया गिरफ्तार



मुंबई, 23 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में मुंबई पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। गैंगस्टर डीके राव को मुबंई क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक, एक वसूली के मामले में डीके राव समेत 6 आरोपियों को अरेस्ट किया गया है। एंटी-एक्सटॉर्शन सेल, क्राइम ब्रांच, मुंबई को एक होटल व्यवसायी से शिकायत मिली थी कि गैंगस्टर डीके राव ने 6 और लोगों के साथ मिलकर उनके होटल पर कब्ज़ा करने की साजिश रची थी। इसके अलावा, ढाई करोड़ की रंगदारी मांगी और जान से मारने की धमकी भी दी थी। इस मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। इसी के साथ डीके राव और उसके गुर्गों की तलाश शुरू की गई। अब मुंबई की क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता हासिल हुई है और सभी सात आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

### बिहार में टला बड़ा रेल हादसा, बेपटरी हुई मालगाड़ी; बगल की दीवार टूटी

मुंगेर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। जमालपुर रेल कारखाने की चहारदिवारी टूटकर अप रेलवे ट्रैक पर गिर गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर राहत और बचाव टीम पहुंच गई है। दीवार के गिरे मलबे को रेलवे ट्रैक से हटाया जा रहा है। अप मार्ग पर ट्रेनों का आवगमन बंद कर दिया गया है गनीमत रही कि जिस समय ये हादसा हुआ उस वक्त वहां से कोई ट्रेन नहीं गुजर रही थी। बताया जाता है कारखाने के अंदर मालगाड़ी शंटिंग के लिए जा रही थी। मालगाड़ी आगे पीछे करने के दौरान एक वैगन ट्रैक से उतर गया और दीवार से जा टकराया।

# 24 घंटे फ्री बिजली चाहिए या नहीं'

## चुनाव प्रचार के दौरान बीजेपी पर जमकर बरसीं सीएम आतिशी



नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने देवली विधानसभा के दक्षिणपुरी में 'आप' प्रत्याशी प्रेम चौहान के लिए जनसभा कर समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि दिल्लीवाले फ्री बिजली-पानी जारी रखने और सरकारी स्कूलों-अस्पतालों को शानदार बनाए रखने के लिए एक बार फिर आप की सरकार बनाएं। आप की सरकार बनने के बाद हर महिला को 2,100 रुपये की सम्मान राशि और बुजुर्गों का सारा इलाज मुफ्त होगा। इसलिए दिल्ली की जनता इस बार फिर अरविंद केजरीवाल को चुने। उन्होंने कहा, आपको तय करना है कि मुफ्त और 24 घंटे बिजली चाहिए या फिर बीजेपी शासित राज्यों की तरह महंगी बिजली और लंबे पावर कट चाहिए।

**बीजेपी को वोट देना मतलब वोट बर्बाद- आतिशी**

आतिशी ने कहा, अगर गलती से भी बीजेपी को वोट दे दिया, तो वह शानदार सरकारी स्कूलों को बर्बाद कर देंगे। बीजेपी सिर्फ जुमले और गाली-गलौज की राजनीति करती है। जबकि दिल्ली में कांग्रेस का कोई वजूद नहीं है। उसे वोट देने का मतलब है अपना वोट बर्बाद करना। इसलिए सही जगह पर वोट डालना जरूरी है, जिससे पांच साल तक हमारी जिंदगी में सुधार हो। वहीं चुनाव के वक्त हर तरह के लोग आकर कई तरह की बात करते हैं। कोई बहलाता है, कोई फुसलाता है तो कोई भड़काता है। अगर हमने गलती से गलत पार्टी को वोट दिया तो पांच साल तक वोट का फैसला नहीं बदला जा सकता। इसलिए सोच समझकर हमें अपना वोट डालना चाहिए।

**इस बार दिल्ली में 24 घंटे बिजली आई- आतिशी**

मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा, देवली के लोगों ने झाड़ू का बटन दबाकर अरविंद केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया था। जब से अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने, दिल्ली के एक-एक लोगों को फायदा हुआ। आज दिल्ली में 24 घंटे बिजली आती है। अरविंद केजरीवाल की सरकार बनने से पहले दिल्ली में गर्मियों में 8-8 घंटे के पॉवर कट लगते थे। इस साल इतनी तेज गर्मी पड़ी, लेकिन पावर कट नहीं लगे और 24 घंटे बिजली आई।

### दो दिन से लापता युवक की लाश महिला पंच के घर से मिली पुलिस के सामने बड़ा खुलासा

रायकोट, 23 जनवरी (एजेंसियां)। हलवारा रायकोट के गांव लोहटबद्दी की पंच गुरप्रीत कौर के घर से गांव के ही 35 वर्षीय युवक इकबालजीत सिंह उर्फ मोना का शव बरामद हुआ है। इकबालजीत दो दिन से लापता था और परिवार ने थाना सदर रायकोट और चौकी लोहटबद्दी में रिपोर्ट की थी। सूत्रों के अनुसार 21 जनवरी की रात पंच गुरप्रीत कौर के बेटे सनी और इकबालजीत सिंह ने चिट्टे का टीका लगाया था। ओवरडोज के कारण इकबालजीत की मौत हो गई। सनी घबरा गया और उसने शव को रजाई से ढक कर छुपा दिया। इस बारे में उसने परिवार को भी नहीं बताया। गांव के धार्मिक स्थलों मे इकबालजीत की गुमशुदगी संबंधी स्पीकर से बताया जाने लगा और पुलिस भी सीसीटीवी खंगालने लगी। वीरवार तड़के चौकी लोहटबद्दी और रायकोट सदर पुलिस ने पंच गुरप्रीत कौर के घर में रेड की और सनी से सख्ती से पूछताछ की तो उसने सब कुछ बता दिया।

# महिला ने संबंध बनाने की इजाजत दी हो तब भी नहीं ले सकते फोटो-वीडियो रिकॉर्ड, हाई कोर्ट का अहम फैसला







नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली हाई कोर्ट ने महिलाओं से संबंध बनाने को लेकर एक अहम फैसला सुनाया है। एक मामले की सुनवाई के दौरान ने हाई कोर्ट ने कहा कि महिला ने अगर संबंध बनाने की इजाजत दी भी है तब भी पुरुष उसका और उस मोमेंट का फोटो-वीडियो नहीं ले सकते। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा भले ही महिला ने संबंध बनाने की इजाजत दी हो लेकिन उसके प्राइवेट मोमेंट का मिसयूज नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि उसकी (महिला) सहमति को किसी भी तरह से उसके अनुचित वीडियो को कैद करने और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करने की सहमति के रूप में नहीं समझा जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि शारीरिक संबंध बनाने की सहमति किसी व्यक्ति के निजी क्षणों का दुरुपयोग या शोषण या उन्हें अनुचित और अपमानजनक तरीके से चित्रित करने तक सीमित नहीं है। दिल्ली हाई कोर्ट ने पिछले साल एक विवाहित महिला द्वारा दर्ज कराए गए बलात्कार के मामले में एक व्यक्ति को जमानत देने से इनकार करते हुए यह टिप्पणी की। महिला ने उस शख्स पर ये आरोप लगाया था कि उसने व्हाट्स कॉल पर उसे अनड्रेस करवाया और उसके वीडियो बनाकर भेजने को कहा। इसके बाद उस वीडियो को दिखाकर ब्लैकमेल करने लगा और उसके साथ संबंध बनाए।

**नौकरी का वादा देकर बनाए संबंध**

महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे एक कोर्स में दाखिला लेने के लिए पैसे दिए थे, जिसे उसने नौकरी मिलने के बाद चुकाने का वादा किया था। एफआईआर के मुताबिक, आरोपी ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। उसने जो-जो कहा सब किया। नग्न वीडियो को सार्वजनिक करने की धमकी देकर आरोपी ने दो दिनों तक उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। महिला यानी शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया गया कि आरोपी ने उसके पैतृक गांव के लोगों को वह वीडियो भेजकर उसे बदनाम करना शुरू कर दिया और बाद में उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर दिया।

# सच में चाकू से हमला हुआ या एक्टिंग कर रहे? सैफ अली खान पर हुए हमले को लेकर नितेश राणे ने उठाए सवाल





पुणे, 23 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे एक बार फिर अपने बयान को लेकर चर्चा में हैं। पुणे में हिंदू जनसभा को संबोधित उन्होंने कहा कि देखिए वो बांग्लादेशी मुंबई में क्या कर रहे हैं? सैफ अली खान के घर में घुस गए, देखिए कितने नालायक हैं। पहले सिर्फ सड़क के किनारे खड़े रहते थे, लेकिन अब घर में घुसने लगे हैं।

**वाकई हमला हुआ था?**

उन्होंने आगे कहा, शायद उनको (सैफ अली खान) लेने के लिए आए होंगे। इसे लेकर जाओ हमारे यहां से। नितेश राणे ने सवाल पूछा कि सैफ पर वाकई हमला हुआ था या वो नाटक कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जैसे वो अस्पताल से चलकर बाहर आए देखकर मुझे शक हुआ कि क्या सच में चाकू से हमला किया गया है या फिर ये सिर्फ एक्टिंग कर रहे हैं।

**हिंदू कलाकारों के लिए सामने नहीं आए**

मुंबई में बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले का जिक्र करते हुए नितेश राणे ने कहा कि जब शाहरुख खान या सैफ अली खान को कोई समस्या होती है, तो लोग सक्रिय हो जाते हैं, लेकिन हिंदू कलाकारों के लिए वही समर्थन नहीं दिखता। उन्होंने सुशांत सिंह राजपूत की मौत का हवाला दिया और आरोप लगाया कि कुछ प्रमुख नेता जैसे सुप्रिया सुले और जितेंद्र आव्हाड हिंदू कलाकारों के लिए सामने नहीं आए।

**मुसलमानों से ज्यादा हिंदू ही हिंदुओं का शत्रु**

उन्होंने कहा, मुंब्रा का जितोद्दीन (जितेंद्र आव्हाड) बिल से बाहर नहीं आते हैं। ये आपके बारामती की ताई (सुप्रिया सुले) बाहर नहीं आईं। सुप्रिया को सिर्फ सैफ अली खान की ही चिंता है, शाहरुख के बेटे की चिंता है, नवाब मलिक की चिंता है। कभी किसी हिंदू कलाकार की चिंता करते हुए आपने सुना है, इस पर आप ध्यान दीजिए। सावरकर ने लिखा है कि मुसलमानों से ज्यादा हिंदू ही हिंदुओं का शत्रु हैं।

# कांग्रेस ने आप को बताया 'अल्कोहल अफेक्टेड पार्टी'

## जारी किया शराब नीति पर सीटिंग एमएलए का ऑडियो



नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस में आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। वहीं, इस बीच कांग्रेस ने आप को अल्कोहल अफेक्टेड पार्टी बताया है। एआईसीसी मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि शराब स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और शराब की लत इंसान, उसके परिवार और समाज को बर्बाद कर देती है। उन्होंने कहा कि ये हम सब जानते हैं लेकिन शराब से पैसा बनाने की लत से न सिर्फ इंसान, समाज बल्कि पूरा शहर खराब हो जाता है। हम सबने देखा है कि कैसे अल्कोहल अफेक्टेड पार्टी ने शराब के जरिए पूरी दिल्ली को बर्बाद करके रख दिया। हम आपके सामने एक ऑडियो रख रहे हैं, जिसमें आप का एक विधायक बता रहा है कि कैसे उनकी ही पार्टी के शिक्षा मंत्री-शराब मंत्री ने घोटाला किया।

**हर मर्ज की दवा में दवा नहीं दारू की दलाली**

पवन खेड़ा ने कहा कि केजरीवाल कहते थे कि उनके पास हर मर्ज की दवा है। हमें दवा तो नहीं दिखी, लेकिन दारू की दलाली जरूर दिखी, जिसमें पूरी सरकार डूबी रही। उन्होंने कहा कि अभी हम एक ऑडियो सुनाएंगे। यह ऑडियो नरेला के मौजूदा विधायक शरद चौहान का है, ये किसी से बात करते हुए बता रहे हैं कि जब ये और मनीष सिसोदिया साथ बैठे थे, जब विजय नायर शराब पॉलिसी लेकर आया। तब इन्होंने सिसोदिया को ऐसा करने से मना किया। मनीष सिसोदिया ने जवाब दिया कि अगर ऐसा नहीं किया तो चुनाव लड़ने के पैसे कहां से आएंगे? शरद चौहान ने आगे कहा- हमने गुजरात और गोवा का चुनाव लड़ा तो पैसे शराब के ठेकों से ही आए, अब पंजाब से आ रहे हैं। शरद चौहान ने ये भी बताया कि मनीष सिसोदिया ने उन्हें भी सेटलमेंट करने का ऑफर दिया था, जिसका प्लान भी बना लिया गया था, लेकिन वे बच गए।

**भारत के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ**

वे अपने मन की भड़ास निकालते हुए कह रहे हैं कि मेरे मंत्री और मेरी सरकार ने पैसों के लिए गलत काम किया, क्योंकि चुनाव लड़ने के लिए उन शराब कंपनियों से पैसे लिए गए हैं। केजरीवाल साफ राजनीति का नारा लगाकर सत्ता में आए थे, लेकिन इनकी असलियत अब आपके सामने है। भारत के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि एक मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घोटाला किया हो।

### काम पर लगे थे दमकल वाले तभी कुत्ते ने बुरी तरह काटा, दो कर्मचारी अस्पताल में भर्ती

ठाणे, 23 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के ठाणे शहर से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां फायर फाइटर्स यानी दमकल कर्मियों को ही कुत्ते ने बुरी तरह से काट लिया है। दमकल कर्मी बस स्टॉप के पास गिरे हुए पेड़ को हटा रहे थे। तभी उनपर एक कुत्ते ने बुरी तरह से हमला कर दिया। कुत्ते द्वारा बुरी तरह से काटे जाने के बाद घायल दमकल कर्मियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आइए जानते हैं इस घटना के बारे में। दरअसल, ये पूरी घटना ठाणे के गामदेवी क्षेत्र में हुई है। यहां नगर निगम के इमरजेंसी विभाग को रात 11 बजे बस स्टॉप के पास एक पेड़ के गिरने की जानकारी मिली थी। खबर मिलते ही फायर फाइटर और आपदा प्रबंधन सेल की टीम मौके पर पहुंच गई। इसके बाद उन्होंने पेड़ को हटाना शुरू किया। हालांकि, इसी दौरान एक कुत्ते ने उनपर हमला कर दिया। कुत्ते ने दो दमकल कर्मियों को बुरी तरह से काट लिया ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन सेल के प्रमुख यासीन तड़वी ने इस घटना को लेकर जानकारी साझा की है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में रामायण के बाद राम की एंट्री, बीजेपी के गाने पर आप ने किया पलटवार





नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने बीजेपी के गाने पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि राम को कोई नहीं ला सकता, राम हम सबको लाए हैं। भगवान जी को लाने वाला कोई नहीं है। वही हम सबको लेकर आए हैं और बीजेपी के इसी अहंकार को अयोध्या के लोगों ने नष्ट किया है। आम आदमी पार्टी के विधायक और उम्मीदवार अमानतुल्लाह खान मुसलमान से कह रहे हैं कि बंटोगे तो बीजेपी आ जाएगी, क्या वह मुसलमान को नहीं डरा रहे हैं? क्योंकि आम आदमी पार्टी तो बार-बार बीजेपी पर आरोप लगाती थी कि बंटोगे तो कटोगे के नारे से बीजेपी लोगों को डरा रही है। प्रियंका कक्कड़ ने कहा हम डराने की राजनीति नहीं करते, हम विकास की राजनीति करते हैं। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि जिस तरीके से बीजेपी अरविंद केजरीवाल के खिलाफ गालियां निकालती है, अरविंद केजरीवाल इस बात को जनता के सामने रख रहे हैं और बीजेपी ने उन्हें जो जो कहा है वह जनता को बता रहे हैं। इसमें दिक्कत क्या है? क्या बीजेपी अरविंद केजरीवाल के खिलाफ गलियां नहीं निकालती? क्या अरविंद केजरीवाल ने जो कहा है वो भाजपा नहीं कहती? आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि प्रवासियों को लेकर जो मुद्दा जगदीप धनखड़ ने उठाया, उस पर तो सबसे पहले सवाल बीजेपी से होना चाहिए कि आखिरकार ना बॉर्डर सुरक्षित है ना दिल्ली सुरक्षित है। सवाल प्रवास को लेकर है तो हरदीप पुरी से पूछताछ की जाए उन्हें पता है कि कहां पर रोहिंग्या और बांग्लादेशी उन्होंने बसाए हैं। हरदीप पुरी को गिरफ्तार करिए सच सब सामने आ जाएगा और पता चल जाएगा

# हावड़ा-टाटानगर स्टील एक्सप्रेस पर पथराव

## झारखंड के रहने वाले दो आरोपी गिरफ्तार; आरपीएफ की कार्रवाई



कोलकाता, 23 जनवरी (एजेंसियां)। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 12813 हावड़ा टाटानगर स्टील एक्सप्रेस पर पथराव करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। दक्षिण-पूर्व रेलवे (एसईआर) के एक अधिकारी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। यह घटना एसईआर के खड़गपुर डिवीजन के गालुडीह-राखामाइंस खंड में घाटशिला स्टेशन पर रात के 9:20 मिनट पर घटी। मामले की जांच करते हुए आरपीएफ ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की उम्र 19 और 24 साल है। दोनों झारखंड के पूर्वी सिंहभूम का रहने वाला है। दोनों पर चाईबासा की एक अदालत में मुकदमा चल रहा है। यह घटना महाराष्ट्र के जलगांव में ट्रेन हादसे के बाद सामने आई।

**कैसे हुआ जलगांव ट्रेन हादसा**

उत्तरी महाराष्ट्र के जलगांव जिले में बुधवार शाम एक ट्रेन में आग की अफवाह फैली। जिसके कारण यात्री दहशत में आ गए। घबराए यात्रियों ने ट्रेन से बाहर कूदना शुरू कर दिया। इस दौरान पटरी पर उतरे कुछ यात्री पास की पटरी पर विपरीत दिशा से आ रही दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए। अधिकारियों ने इस हादसे में कम से कम 13 यात्रियों की मौत होने की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि हादसा उस समय हुआ, जब 12533 लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस में सवार यात्री आग लगने के डर से जल्दबाजी में बगल की पटरियों पर कूद गए और बंगलूरू से दिल्ली जा रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने इस बात से इनकार किया कि डिब्बे के अंदर किसी चिंगारी या आग के कारण यात्रियों ने अलार्म बजाया। उन्होंने बताया कि हमें जो सूचना मिली है उसके अनुसार कोच में कोई चिंगारी या आग नहीं देखी गई।

इस बीच स्विटजरलैंड के दावोस से एक वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ट्रेन में कुछ यात्रियों ने गलती से मान लिया कि ट्रेन से धुआं निकल रहा है और वे कूद गए। दुर्भाग्य से वे दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए। उन्होंने इस त्रासदी में मारे गए यात्रियों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। सेंट्रल सर्किल के रेलवे सुरक्षा आयुक्त दुर्घटना के कारणों की जांच करेंगे।

## महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा क्यों मुंह छिपाकर घूम रही

### बड़े पिता ने बताई चौंकाने वाली हकीकत



इंदौर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसिद्ध होती जा रही है। उसके असल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फॉलो करने वालों की बाढ़ सी आ गई। हालांकि ये फेम उसकी मुसीबत बन गया है। बता दें कि खूबसूरत आंखों वाली मोनालिसा अब किसी पहचान की मोहताज नहीं है। सोशल मीडिया के जरिये लाखों लोग उसे जानने लगे हैं। अत्यधिक वायरल होना अब उसके लिए मुसीबत बन गया है। मोनालिसा प्रयागराज महाकुंभ में रुद्राक्ष और मालाएं बेचने पहुंची थी, पर अब वह रुद्राक्ष मालाएं नहीं बेच पा रही है। मालाएं खरीदने से ज्यादा लोग मोनालिसा को देखने और उसकी तस्वीरें लेने के लिए पीछे पड़े रहते हैं। महेश्वर में रहने वाले मोनालिसा के बड़े पिता विजय पटेल ने बताया कि मेरी अभी कुछ देर पहले ही मेरी बच्ची से बात हुई थी। वो बहुत परेशान थी। कह रही थी कि कोई धंधा नहीं हो पा रहा है। उसके पीछे कैमरे-मोबाइल लेकर लोग पड़े रहते हैं। जहां उसका टेंट है, वहां सुबह से देर रात तक लोग जमे रहते हैं। खाना खाना भी दुश्वार हो चुका है। यहां-वहां जाने के लिए भी मुंह छिपाकर, नजरें बचाकर निकलना होता है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

मेरा हैदराबाद

सुविचार
ध्यान रहे ऐसा
कोई कर्म न हो
जो कुल का
दीपक बुझ जाये



# महाकुंभ-2025 के लिए 13 हजार से अधिक रेल गाडियां : वी. सोमन्ना

## रेल राज्यमंत्री ने महाकुंभ की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

प्रयागराज/हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति, वी. सोमन्ना ने प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर महाकुंभ-2025 के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे, उपेन्द्र चंद्र जोशी एवं मण्डल रेल प्रबंधक/प्रयागराज, हिमांशु बडोनी उनके साथ थे।

केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति, वी. सोमन्ना ने प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर मेडिकल ऑब्जर्वेशन कक्ष, यात्री आश्रय एवं मेला टॉवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यात्री आश्रय में श्रद्धालुओं से भी बातचीत कर उनका हालचाल पूछा एवं श्रद्धालुओं को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 22 भाषाओं में तैयार किए गये लीफलेट की प्रशंसा की। केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति ने निरीक्षण के उपरांत मेला टॉवर में आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया कर्मियों को संबोधित किया। प्रेस वार्ता में मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुये कहा कि मकर संक्रांति पर्व पर रिकार्ड 148 विशेष ट्रेनें चलाई गईं। मौनी अमावस्या के दिन 150 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाने की योजना है एवं मौनी अमावस्या पर 01 दिन पूर्व से 02 दिन बाद तक कुल 400 से



अधिक विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। यात्रियों की सुविधा के लिए कुंभ विशेष ट्रेनें चलाने के लिए करीब 200 रेक उपलब्ध कराए गए हैं। महाकुंभ-2025 के दौरान बेहतर व्यवस्थाओं के लिए अन्य क्षेत्रीय रेलवे से 10 हजार से अधिक कर्मचारियों को तैनात किया गया है एवं स्टेशनों पर करीब 10 हजार राजकीय रेलवे पुलिस एवं रेल सुरक्षा बल के जवानों को तैनात किया गया है। वी. सोमन्ना ने प्रेस वार्ता के दौरान यह भी कहा कि महाकुंभ-2025 मे राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के डबल इंजन ने अभूतपूर्व सुविधाएं उपलब्ध करायी हैं। विश्व स्तर का यह भव्य आयोजन प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में आयोजित हो रहा है, जिसके लिए पूरा देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने रेल की अभूतपूर्व व्यवस्था के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भी धन्यवाद दिया। मीडिया के द्वारा कर्नाटक के सबसे बड़े उत्सव पर पूछे गए प्रश्न के जवाब में केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति ने कहा कि कर्नाटक में दशहरा एक दिन का होता है और यहां दशहरा हर दिन मनाया जा रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति ने कहा कि स्टेशनों पर सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ मिलकर कार्य कर रहे हैं। महाकुंभ-2025 के दौरान 3000 स्पेशल गाडियां सहित 13 हजार से अधिक रेल गाडियां चलायी जाएंगी जबकि गत कुम्भ मेला में 7000 गाड़ियों का संचालन किया गया था। प्रयागराज जंक्शन पर निरीक्षण के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति ने यात्री सेवा एवं यात्री हितों की दिशा में किए जा रहे सभी रेल कार्यों तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक निर्देश दिए। यात्री आश्रयों में कलर कोडिंग, साइनेज, खानपान, प्रकाश, पेयजल, चिकत्सा बूथ, जन सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था को बारीकी से देखा। महाकुंभ-2025 के दौरान स्टेशन पर यात्रियों के प्रवेश और निकास योजना पर जानकारी के साथ स्टेशन पर यात्रियों को दिशावार यात्रानुसार गेट से प्रवेश से लेकर गाड़ी तक भेजने की व्यवस्था, यात्रियों को टिकट काउंटर पर भेजना, यात्रियों को टिकट उपलब्ध करवाना, गाड़ियों की जानकारी देना, भीड़ को नियंत्रित करना, यात्रियों के प्लेटफ़ॉर्म पर पहुंचने पर उन्हें सुरक्षित रूप से गाड़ी के अंदर भेजना और गाड़ी में पर्याप्त यात्री हो जाने पर गाड़ी को प्रस्थान करवाने के लिए प्लेटफार्म से कंट्रोल टावर को सूचना भेजना और अन्य विभागों से समन्वय की कार्यप्रणाली पर भी जानकारी ली और इस दिशावार व्यवस्था की तारीफ की। केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल एवं जल शक्ति, वी. सोमन्ना ने प्रयागराज जंक्शन की सुरक्षा प्रणाली और आपात स्थिति के लिए की गई तैयारियों की भी जानकारी ली।

# कांग्रेस सरकार छह गारंटियों में कर रही देरी की साजिश

## बीआरएस विधायक ने जताई शंका

3हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस विधायक केपी विवेकानंद ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए संदेह जताया कि कांग्रेस सरकार छह गारंटियों के क्रियान्वयन में देरी करने पर आमादा है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं के दावों का हवाला देते हुए कहा कि 26 जनवरी तक छह गारंटियों को लागू करने के लिए 40,000 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। उन्होंने कांग्रेस पर शासन की उपेक्षा करने और अधूरे वादों से लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता बार-बार स्थगन और झूठे आश्वासन देकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। राज्य भर में चल रही ग्राम सभाओं में व्यापक जन आक्रोश उनके जनविरोधी शासन को उजागर कर रहा है। शिकायतों का समाधान करने के बजाय, अधिकारियों को मुख्यमंत्री और मंत्रियों की विफलताओं के लिए बलि का बकरा बनाया जा रहा है। बुधवार को तेलंगाना भवन में पत्रकारों से बात करते हुए विवेकानंद ने



विकास के बजाय राजनीतिक नौटंकी को प्राथमिकता देने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विदेश में हैं, जबकि उनके मंत्री राहुल गांधी से मिलने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि वे जमीनी हकीकत से दूर हैं, जिससे लोग निराश हैं। ग्राम सभाओं की शिकायतें जनता के गहरे गुस्से को दर्शाती हैं। उन्होंने इसे 'हास्यास्पद' बताया कि व्यापक विरोध के बावजूद सरकार इस बात पर जोर दे रही है कि सब कुछ ठीक है। उन्होंने महंगाई को देखते हुए शहरी क्षेत्रों में राशन कार्ड पात्रता के लिए आय सीमा को बढ़ाकर 3.5 लाख रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों में 2.5 लाख रुपये करने की मांग की।

पिछली बीआरएस सरकार की उपलब्धियों को याद दिलाते हुए उन्होंने कहा कि के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली सरकार ने 6.5 लाख राशन कार्ड ऑनलाइन जारी किए और कांग्रेस को बीआरएस द्वारा बनाए गए डबल बेडरूम वाले घरों का नाम बदलकर इंदिराम्मा घर रखने के खिलाफ चेतावनी दी।

## ब्लैकस्टोन ने तेलंगाना के साथ मिलकर 4,500 करोड़ रुपये का डेटा सेंटर विकसित किया

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। निवेश और बुनियादी ढांचे में वैश्विक अग्रणी ब्लैकस्टोन ने हैदराबाद में अत्याधुनिक 150 मेगावाट डेटा सेंटर सुविधा की स्थापना के साथ डेटा सेंटर पारिस्थितिकी तंत्र में प्रवेश की घोषणा की है। इस आशय का एक समझौता ज्ञापन तेलंगाना सरकार और ब्लैकस्टोन ल्यूमिना (ब्लैकस्टोन की डेटा सेंटर शाखा) के साथ जेसीके इंफ्रा के साथ दावोस में विश्व आर्थिक मंच 2025 के मौके पर हस्ताक्षरित किया गया। यह रणनीतिक साझेदारी उन्नत डिजिटल बुनियादी ढांचे और नवाचार के केंद्र के रूप में तेलंगाना की स्थिति को रेखांकित करती है। प्रस्तावित डेटा सेंटर में 4,500 करोड़ रुपये तक का निवेश शामिल होगा, जिसमें ऊर्जा दक्षता, उन्नत शीतलन प्रणाली और मजबूत साइबर सुरक्षा प्रोटोकॉल पर जोर दिया जाएगा। हाइपरस्केल क्लाइंट्स को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई यह सुविधा एआई-संचालित एप्लिकेशन, क्लाउड सेवाओं और बड़े पैमाने पर डेटा प्रोसेसिंग का समर्थन करेगी, जिससे वैश्विक डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। ब्लैकस्टोन (ल्यूमिना (ब्लैकस्टोन की डेटा सेंटर शाखा) + जेसीके ग्रुप) दुनिया के अग्रणी क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदाताओं में से एक के साथ सहयोग करेगा, जिससे राज्य में महत्वपूर्ण विदेशी निवेश आएगा और तेलंगाना को वैश्विक उद्यमों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित किया जा सकेगा।

## 2 चोर गिरफ्तार, 4.6 लाख रुपये का सामान बरामद

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बोवेनपल्ली पुलिस ने एक दर्जन से अधिक चोरियों में शामिल 2 लोगों को पकड़ा और उनके पास से आभूषण, घड़ी और गैजेट सहित 4.6 लाख रुपये मूल्य का सामान बरामद किया। गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों में शपुर नगर निवासी एन किशोर कुमार और ओल्ड बोवेनपल्ली निवासी चौधरी भरत शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि ये दोनों रात के समय बंद घरों की पहचान करते थे और औजारों की मदद से उनमें चोरी करते थे।

# सड़क व भवन निर्माण मंत्री ने सड़क निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सड़क और भवन मंत्री कोमाटी रेड्डी वेंकट रेड्डी ने कहा कि आज आदिबटला चौरास्ता से मंगलापल्ली एक्स रोड तक दोहरी सड़क कार्यों की आधारशिला रखना केवल शुरुआत है। गुरुवार को सड़क और भवन मंत्री कोमटी रेड्डी वेंकट रेड्डी ने रंगारेड्डी जिले के इब्राहिमपटनम निर्वाचन क्षेत्र में आदिबटला नगर पालिका के तहत सड़क कार्यों की रखी।



इस मौके पर आयोजित बैठक में मंत्री ने कहा कि राज्य की हर संपर्क सड़क के लिए डबल रोड बिछाने का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया है। इब्राहिमपटनम निर्वाचन क्षेत्र में, अधिकारियों को मन्नेगुडा से ओवेसी अस्पताल तक चार लेन सड़क और अंबर पेटा से नागार्जुन सागर तक एक बड़ी सड़क बनाने का निर्देश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र का चरण दर चरण विकास किया जाएगा और इब्राहिमपटनम विधानसभा क्षेत्र के लोगों का कर्ज चुकाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार हैदराबाद के आसपास आईटी सेक्टर को विकसित करने के लिए काम कर रही है और उसी के तहत अमेज़न सेंटर जैसी कंपनियां 45 हजार करोड़ के खर्च के साथ हैदराबाद आ रही हैं।

उन्होंने कहा कि जब वह वाईएसआर सरकारमंत्री थे तो टाटा कंसल्टेंसी को 25 एकड़ जमीन आवंटित की गयी थी और कंपनी की प्रसिद्धि बढ़ने से इस क्षेत्र के लोगों की किस्मत बदल गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य भर में आयोजित ग्राम/वार्ड सभाओं में 4 कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में बिना किसी भ्रांति को जन्म दिये लाभुकों का चयन किया जायेगा, इस जनवरी से राशन कार्ड के माध्यम से 50 रुपये छोटा चावल दिया जायेगा और निर्माण हैदराबाद के लिए एक और लाभ के रूप में आरआरआर को जल्द ही शुरू किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि कैबिनेट ने इस क्षेत्र के कोहेड़ा बाजार के विकास के लिए 2 हजार करोड़ की फंडिंग को मंजूरी दे दी है और वे राजस्व के अनुरोध पर सड़कों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इसे चरण दर चरण विकसित करने का काम करेंगे। स्थानीय विधायक मल रेड्डी रंगारेड्डी ने कहा कि मंत्री जो पहले संसद सदस्य थे और इस क्षेत्र से परिचित थे, उन्हें मॉल से हैदराबाद तक 6-लेन नागार्जुन सागर सड़क के निर्माण को मंजूरी देनी चाहिए और इसी तरह कुछ लिंक सड़कों को तुरंत मंजूरी देनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि वे इस क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। अतिरिक्त कलेक्टर प्रतिमा सिंह, आदिबटला नगरपालिका अध्यक्ष मैरी निरंजन रेड्डी, सड़क विकास अध्यक्ष माल रेड्डी राम रेड्डी, इब्राहिमपटनम नगरपालिका अध्यक्ष श्रावंती, गद्दी अन्नाराम मार्केट अध्यक्ष मधुसूदन रेड्डी, आर एंड बी ई। एन। सी। मोहन नाइक, संबंधित अधिकारियों और अन्य ने भाग लिया।

## हरीश ने वृद्धावस्था पेंशन बंद करने पर सरकार की आलोचना की

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और विधायक हरीश राव ने तेलंगाना की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के लिए वृद्धावस्था पेंशन बंद करना सही नहीं है और कहा कि पेंशन में कटौती का मतलब राज्य के गरीब लोगों को नुकसान पहुंचाना है। वह इस बात से नाराज हैं कि राज्य सरकार बुजुर्गों के मुंह से निवाला छीन रही है। मंचरियल जिले के हाजीपुर मंडल के नन्नुरू ग्राम पंचायत में बेटे के गृहकर का भुगतान न करने पर मां की वृद्धावस्था पेंशन काट दिए जाने की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए हरीश राव ने कहा कि अगर बेटा गृहकर का भुगतान नहीं करता है, तो उसकी मां की वृद्धावस्था पेंशन रोकना अनुचित और अमानवीय है। राव ने कहा कि राज्य सरकार के फैसले और अधिकारियों के रवैये ने परिवार के सदस्यों के बीच दरार पैदा कर दी है। हरीश राव ने कहा, "अगर पेंशन का पैसा भी हाउस टैक्स के रूप में जमा किया जाता है, तो वृद्ध महिला की आजीविका कैसे चल पाएगी?" मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के उस वादे की याद दिलाते हुए कि वे सत्ता में आने के बाद 4,000 रुपये प्रति माह पेंशन देंगे, हरीश राव ने कहा कि 2,000 रुपये की पेंशन छीनना एक दुस्साहस है। हरीश राव ने कहा कि यह खेदजनक है कि एक तरफ लाभार्थियों में कटौती हो रही है और दूसरी तरफ पेंशन हाउस टैक्स के बकाए में जमा की जा रही है। हरीश राव ने कहा, "हम मांग करते हैं कि सरकार मंचेरियल जिले के हाजीपुर मंडल के नन्नुरू ग्राम पंचायत के 15 बुजुर्गों को तुरंत पेंशन का भुगतान करे और यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए कि हाउस टैक्स और अन्य कारणों का हवाला देकर पेंशन बंद न की जाए।"

## CLASSIFIEDS

### CHANGE OF NAME

I No. 15178390F Rank NK (STEWARD ) NAME Gangadhar R Presently residing at vill: Dodarna, post Dodarna thanda No 1, Tehsil: KUBEER, dist NIRMAL. pin no-504103. state TELANGANA. i have change my wife name form to Shamkatai w/o Gangadhar R to RATHOD SHAMKA BAI W/O GANGADHAR R

I, 21006604 L/NK EERABOINA PRAVEEN KUMAR OF C/O: 56 APO, R/o. H.No.5-36/2, Village & Post: Ibrahimpet, Mandal: Banswada, Dist: Nizamabad, Telangana-503187 my father's name changed from EERABOINA SAILU to GOLLA SAILU vide affidavit dt.22-01-2025

**CHANGE OF NAME**

I, Narra Umadevi, spouse of No. 14646563M Hav Sai Babu Narra, resident of House No. 1-103, Vill - Tatapudi, PO & Teh – Chilakaluripet, Dist - Palnadu, State - Andhra Pradesh, PIN-522616 have changed my Name from **Uma Devi** to **Narra Umadevi** vide Affidavit dated 23/01/2025 before Notary, Guntur

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

# दुस्साहसी चोरों ने रोड रोलर ही कर लिया चोरी

## > कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने किया बरामद

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जीडीमेटला पुलिस ने चार अंतरराज्यीय अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जांच अपराध स्थल पर सीसीटीवी फुटेज, भागने के रास्ते पर लगे 64 से अधिक कैमरों के विश्लेषण और उन्नत तकनीकी उपकरणों पर निर्भर थी। इस मेहनती प्रयास के कारण जीडीमेटला पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में संपत्ति अपराधों का पता चला, जिसमें लगभग 4.5 लाख रुपये की चोरी की गई संपत्ति और कुल 30 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई।

डीसीपी बालानगर जोन के. सुरेश कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता बी लक्ष्मण बालानगर, मेडचल ने शिकायत दर्ज कराई। उसने पुलिस को अपने शिकायत में कहा कि वह रोड रोलर चलाता है और 20 जनवरी को अपना काम पूरा करने के बाद लगभग रात 10 बजे उसने रोड रोलर को औद्योगिक पार्क, जीडीमेटला के पास सड़क के



किनारे पार्क किया और घर चला गया। अगले दिन 21 जनवरी को सुबह लगभग 8 बजे वह पार्क की गई जगह पर आया और पाया कि रोड रोलर गायब है।

डीसीपी ने बताया कि इस मामले में अफ़रोज़ अहमद पटेल, व्यवसाय, गैस कटिंग, निवासी कर्नाटक, मोहम्मद इब्राहिम, व्यवसाय, स्क्रैप व्यवसाय, निवासी जहीराबाद, शेख अनवर, व्यवसाय, डीसीएम मालिक और ड्राइवर, कुतुबुल्लापुर मंडल, मेडचल, बल्ला राम सत्यनारायण, व्यवसाय क्रेन मालिक, निवासी कुतुबुल्लापुर को गिरफ्तार किया है। जबकि एक अन्य आरोपी सैयद मुस्तफ़ा फरार है। सभी आरोपी आपस में मित्र हैं। सभी ने साथ मिलकर एक गिरोह बनाया और जीडीमेटला औद्योगिक क्षेत्र में रोड रोलर की चोरी करने की योजना बनाई। अपनी योजना के अनुसार, सभी आरोपी डीसीएम लेटर बालानगर से निकले। उन्होंने क्षेत्र का निरीक्षण किया और औद्योगिक क्षेत्र में दुलापल्ली रोड पर सड़क के किनारे एक रोड रोलर खड़ा पाया, जिससे पुष्टि हुई कि आसपास कोई नहीं था। फिर वे रोड रोलर के पास पहुंचे। उन्होंने दो क्रेन बुलाई और रोड रोलर को डीसीएम वाहन पर रखा और घटनास्थल से भाग गए। इससे पहले, उन्होंने पेटबशीराबाद पीएस सीमा में दुलापल्ली से एक रोड रोलर की इसी तरह की चोरी की थी।

चोरी किए गए रोड रोलर को इब्राहिम की स्क्रैप शॉप में बेच दिया गया था, जहां इसे गैस कटर का उपयोग करके टुकड़ों में काट दिया गया था। फिर भागों को जालना, महाराष्ट्र में एक स्क्रैप कंपनी को बेच दिया गया था। बिक्री से प्राप्त आय को आरोपियों के बीच साझा किया गया था। उन्होंने पैसे का इस्तेमाल अपने परिवार की जरूरतों के लिए और अपनी बुरी आदतों को पूरा करने के लिए भी किया।

## हैदराबाद विश्वविद्यालय ने पीजी प्रवेश की घोषणा की

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद विश्वविद्यालय (यूओएच) ने गुरुवार को शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) पीजी 2025 के माध्यम से 41 पीजी कार्यक्रमों में प्रवेश की घोषणा की, जिसका आयोजन राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा किया जाएगा।

यूओएच में पीजी कार्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे एनटीए की वेबसाइट पर यूओएच का चयन करके विश्वविद्यालयों की सूची और संबंधित टेस्ट पेपर कोड का चयन करके सीयूईटी पीजी 2025 के लिए आवेदन करें। आवेदन करने की अंतिम तिथि 2 फरवरी है।

प्रस्तावित पीजी कार्यक्रमों की सूची, पात्रता मानदंड और एनटीए टेस्ट पेपर कोड के साथ कार्यक्रम मैपिंग हैदराबाद विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और परीक्षा वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## आईएनसीओआईएस हैदराबाद को सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (आईएनसीओआईएस) को आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए संस्थागत श्रेणी में सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2025 के लिए चुना गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में व्यक्तियों और संगठनों द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा को मान्यता देने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार की स्थापना की गई थी।

यह पुरस्कार हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर घोषित किया जाता है। इस पुरस्कार के तहत संस्था के लिए 51 लाख रुपये नकद और प्रमाण पत्र दिया जाता है, जबकि व्यक्तिगत पुरस्कार के लिए 5 लाख रुपये और प्रमाण पत्र दिया जाता है। गृह मंत्रालय के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश ने आपदा प्रबंधन प्रथाओं, तैयारियों, शमन और प्रतिक्रिया तंत्र में काफी सुधार किया है, जिसके परिणामस्वरूप प्राकृतिक आपदाओं के दौरान हताहतों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। वर्ष 2025 के पुरस्कार के लिए 1 जुलाई 2024 से नामांकन आमंत्रित किये गये थे। संस्थाओं और व्यक्तियों से लगभग 297 नामांकन प्राप्त हुए।

# एचएमडीए मास्टर प्लान किसानों के पक्ष में नहीं : भाजपा

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मेडचल-मलकजगिरी भाजपा अध्यक्ष डॉ. एस. मल्ला रेड्डी ने आज आरोप लगाया कि एचएमडीए मास्टर प्लान जोनों का विभाजन बड़े अधिकारियों और रियल एस्टेट व्यापारियों को छोड़कर किसानों के पक्ष में नहीं है। उन्होंने कहा कि हैदराबाद और उसके आसपास व्यवस्थित तरीके से विकास की जरूरत है। गुरुवार को मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जोनों के विभाजन के कारण करीब 50,000 किसान बुरी तरह से पीड़ित हैं और उन्होंने कहा कि संरक्षण और अन्य जोनों में किसानों को जमीन होने के बावजूद अपना घर बनाने की अनुमति नहीं मिल रही है। उन्होंने एचएमडीए से राज्य सरकार से मास्टर ✎ान की समीक्षा करने और किसानों की इच्छा के अनुसार जोनों का फैसला करने के लिए कहने को कहा और कहा कि कम से कम पांच एकड़ जमीन वाले किसानों को अपने जोनों को बदलने की आजादी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जोनों का रूपांतरण आसान बनाया जाना चाहिए और कहा कि रिंग रोड के अंदर किसानों की सभी जमीनों को आवासीय जोनों में परिवर्तित किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि रिंग रोड से सटी जमीन को सड़क पहुंच के लिए सर्विस रोड से जोड़ने का अवसर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंजूरी के मामले में एचएमडीए और स्थानीय निकायों के बीच समन्वय होना चाहिए। उन्होंने मांग की कि एचएमडीए के राजस्व का कम से कम आधा हिस्सा स्थानीय निकायों को आवंटित किया जाना चाहिए। बैठक में मेडचल मलकाजगिरी के महासचिव बी. विघ्नेश्वर और प्रसन्न नायडू, पूर्व अध्यक्ष अंजन कुमार गौड़ और सचिव कोमुरय्या ने भाग लिया।

**पूर्व तट रेलवे**

**यात्री टिकट सुविधा केन्द्र (YTSK) के चयन एवं नियुक्ति के लिए अधिसूचना**

सं.: WCE/1/PRS/UTS/YTSK-14/2024 दिनांक : 16.01.2025

पूर्व तट रेलवे के वाल्टियर मण्डल के सभी स्टेशनों पर यात्री आरक्षण प्रणाली (PRS) एवं अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (UTS) टर्मिनल के जरिए दोनों आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट जारी करने के लिए **"यात्री टिकट सुविधा केंद्र" (YTSK)** के चयन एवं नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। निर्धारित शर्तों को पूरा करने वाले इच्छुक व्यक्तिविशेष निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं, जिसमें आवेदन पत्र की लागत के भुगतान का विवरण एवं सेवित स्टेशन के नाम का उल्लेख करते हुए (जहां आवेदक YTSK स्थापित करना चाहते है) विधिवत रुप से भरे हुए आवेदन पत्र में स्व-अनुप्रमाणित दस्तावेज संलग्न कर के उसे एक मुहरबंद कवर में रख कर **दिनांक 18.02.2025 (मंगलवार) को 1000 बजे से 1500 बजे के दौरान वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व तट रेलवे, दोण्डापार्थि, वाल्टियर (वाणिज्य शाखा, मण्डल रेलवे प्रबंधक कार्यालय बिल्डिंग, वाल्टियर)** के पते पर आवेदन पत्र एक मुहरबंद बॉक्स में जमा करा सकते हैं।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक 18.02.2025 (मंगलवार) को 1000 बजे से 1500 बजे के दौरान।

मुहरबंद बॉक्स खुलने की तारीख व समय : दिनांक 18.02.2025 (मंगलवार) को 1530 बजे।

नियम एवं शर्तों से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप वेबसाइट www.eastcoastrail.indianrailways.gov.in में उपलब्ध होंगे।

PR-908/P/24-25 वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक /वाल्टियर

# जिला शिक्षा अधिकारी निकला करोड़पति

## निगरानी की एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी



बेतिया, 23 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार में गुरुवार की सुबह निगरानी विभाग ने जिला शिक्षा पदाधिकारी डीईओ रजनीशकांत प्रवीण के आवास पर छापेमारी की। विजिलेंस की टीम सुबह डीईओ के बेतिया सरिसवा रोड स्थित किराए के मकान पर छापेमारी की है। पश्चिम चम्पारण के जिला शिक्षा अधिकारी रजनीकांत प्रवीण के विरुद्ध उनके तीन ठिकानों पर विजिलेंस की स्पेशल टीम के छापामारी की है। जिला शिक्षा कार्यालय, डीईओ के सरिसवा रोड स्थित आवास और एनएच 727 में यामाहा शो रूम के पास एक निजी ट्रस्ट कार्यालय पर छापेमारी हुई है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में शिक्षक संगठनों में ने भी इनपर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये थे।

### 1.87 करोड़ों रुपए से ज्यादा की संपति का पता चला

जानकारी के अनुसार बिहार विशेष निगरानी इकाई टीम द्वारा एक साथ उनके कई ठिकानों पर छापेमारी की गई है। बिहार विशेष निगरानी इकाई के एडीजी पंकज कुमार दराद के निर्देश पर यह छापेमारी की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी रजनीकांत प्रवीण बेतिया में पोस्टेड है। इनके घर दरभंगा, मधुबनी, बेतिया और समस्तीपुर और ठिकानों प्रवास कार्यालय विशेष निगरानी इकाई चार टीम छापेमारी कर रही है। प्रारंभिक जाँच लगभग 1.87 करोड़ों रुपए से ज्यादा की आय से अधिक सम्पत्ति का खुलासा हुआ है। जांच दल के अनुसार एक विश्वसनीय स्रोत से विश्वसनीय जानकारी प्राप्त हुई है कि रजनी कांत प्रवीण, जो वर्तमान में जिला शिक्षा अधिकारी, बेतिया (पश्चिम चंपारण) के रूप में तैनात हैं, उन्होंने वर्ष 2005 से अब तक की अवधि के दौरान अवैध रूप से आपराधिक साजिश को आगे बढ़ाने के लिए लगभग 1,87,23,625/- रुपये की भारी चल और अचल संपत्ति अर्जित की है, जो उनके आय के वैध स्रोत से अधिक है।



### लगभग तीन करोड़ की संपत्ति होने का आरोप

रजनी कांत प्रवीण और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर पटना, दरभंगा, मधुबनी और मुजफ्फरपुर में कई जमीन/फ्लैट हैं, जिनकी कीमत लगभग 2,92,92,225/- रुपये है। रजनी कांत प्रवीण और उनकी पत्नी ने अपनी सेवा अवधि के दौरान कानूनी स्रोतों से लगभग 2,52,00,000/- रुपये की कमाई की है। यह भी आरोप लगाया गया है कि उक्त अवधि के दौरान उनके द्वारा किया गया व्यय लगभग 1,46,31,400/- रुपये है। आरोप है कि अभियुक्त के पास लगभग 2,92,92,225/- रुपये की चल-अचल सम्पत्ति है, जो या तो उसके स्वयं के नाम पर है या उसके परिवार के सदस्यों के नाम पर है, जो भ्रष्ट और अवैध साधनों से अवैध रूप से अर्जित की गई है।

### 45वें बैच के अधिकारी हैं रंजनीकांत

रजनी कांत प्रवीण बिहार राज्य शिक्षा विभाग के 45वें बैच के अधिकारी हैं। वे वर्ष 2005 में सेवा में आए और दरभंगा, समस्तीपुर और बिहार के अन्य जिलों में शिक्षा अधिकारी के रूप में काम किया। उनकी सेवा की कुल अवधि लगभग 19-20 वर्ष है। रजनी कांत प्रवीण की पत्नी सुषमा कुमारी एक संविदा शिक्षिका थीं, जिन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी और वर्तमान में ओपन माइंड बिरला स्कूल, दरभंगा की निदेशक/वास्तविक मालिक के रूप में कार्य कर रही हैं और रजनी कांत प्रवीण के अवैध रूप से अर्जित धन के वित्तीय समर्थन/निवेश से इस संस्थान को चला रही हैं।

## शराब के नशे में दारोगा देख रहे थे डांस, तभी पहुंच गए डीएसपी

छपरा, 23 जनवरी (एजेंसियां)। सारण जिले में शराबबंदी को सफल बनाने की जवाबदेही जिन पुलिसकर्मियों के कंधों पर है। वे ही पुलिस कर्मी थाने में ही शराब पार्टी कर रहे थे। मामला मशरक उत्पाद थाने का है, यहां उत्पाद थाने के इंस्पेक्टर, दारोगा एवं सिपाही को शराब पीते हुए पकड़ा गया है। थाने में शराब पार्टी चल रही थी, जिसमें नर्तकी को भी बुलाया गया था। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ.कुमार आशीष को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्पाद थाने में पुलिसकर्मी शराब पी रहे हैं। एसपी ने इसे गंभीरता से लेते हुए मढ़ौरा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में मढ़ौरा थाने के पुलिस को छापामारी के लिए भेजा। इसके बाद डीएसपी ने वहां पहुंचकर शराब पी रहे पुलिस कर्मियों को पकड़ा। इसके साथ ही थाने से शराब की बोतल भी बरामद की है। बताया जाता है कि वहां नर्तकी को भी बुलाया गया था।

## प्रेम प्रसंग में युवक की निर्मम हत्या

बरेली/पीलीभीत, 23 जनवरी (एजेंसियां)। पीलीभीत जिले के बीसलपुर निवासी मुजम्मिल की प्रेम प्रसंग में गला रेतकर हत्या कर दी गई। गुप्तांग भी कुचल दिया। इसके बाद हाथ-पैर बंधा शव बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव बरकापुर में नहर किनारे फेंक दिया। बीसलपुर पुलिस ने इज्जतनगर पुलिस के साथ आरोपी की निशानदेही पर शव बरामद कर लिया। इसके बाद बीसलपुर में दर्ज गुमशुदगी के मामले को हत्या में तरमीम कर दिया गया है। बीसलपुर पुलिस ही मामले का राजफाश करेगी। इज्जतनगर थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह को बुधवार सुबह बरकापुर गांव में नहर किनारे युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली। वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो नहर पटरी के पास झाड़ियों में शव पड़ा मिला। इसी दौरान बीसलपुर थाने के इंस्पेक्टर क्राइम विनोद कुमार शर्मा एक युवक को लेकर वहां पहुंच गए। युवक ने बताया कि हत्या कर शव यहीं फेंका था। शव की पहचान मुजम्मिल अहमद (28) के रूप में हुई। वह बीसलपुर के गांव मीरपुर बाहनपुर का निवासी था। उसके पिता शमसुद्दीन भी मौके पर आ गए और शव की पहचान कर ली। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गला रेतने से हत्या की पुष्टि हुई है।

## तेज रफ्तार ट्रक घर में घुसा:जमुई में एक महिला की मौत, दूसरे की हालत गंभीर;लोगों ने ट्रक को तोड़ा

जमुई, 23 जनवरी (एजेंसियां)। जमुई के झाझा-सोनो मुख्य मार्ग पर एनएच 333 स्थित भीठरा गांव में बुधवार की रात एक हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार ट्रक सड़क किनारे बने एक घर में घुस गया, इसमें खाना खा रही दो महिलाओं उसकी चपेट में आ गई। हादसे में नीतीश कुमार की पत्नी गुड़िया देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी सास कलावती देवी गंभीर रूप से घायल हो गई।

घायल कलावती देवी को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया गया। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। हादसे की खबर सुनते ही आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने ट्रक में तोड़फोड़ की और उसे आग लगाने का प्रयास किया। हालांकि, मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## मंत्री नितिन अग्रवाल की बहन से धोखाधड़ी का आरोप, पूर्व विधायक सुभाष पासी गिरफ्तार



लखनऊ, 23 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश सरकार में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल की बहन समेत दो लोगों से धोखाधड़ी करने वाले पूर्व विधायक सुभाष पासी को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को काफी समय से उनकी तलाश थी। इस मामले में सुभाष पासी की पत्नी रीना पर भी धोखाधड़ी और गैंगस्टर का आरोप है। जो अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस को पूर्व विधायक की पत्नी की तलाश है, सुभाष पासी के खिलाफ 10 अक्टूबर 2023 को शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित रेलवेगंज मोहल्ला के रहने वाले प्रकाश चंद गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि पूर्व विधायक सुभाष पासी मुंबई शहर के जुहू चर्च बलराज साहनी रोड नंबर तीन पर प्लॉट नंबर 658 में रहता है। एक पड़ोसी के जरिए उनकी सुभाष पासी और उनकी पत्नी रीना से मुलाकात हुई थी। उन्हें बताया गया था कि सुभाष प्रॉपर्टी का काम करता है। सुभाष ने मुंबई के आराम नगर में ढाई करोड़ रुपये में फ्लैट बेचने का ऑफर किया था।

जिसके बाद चंद्र प्रकाश ने दोनों की मुलाकात रुचि गोयल से कराई जो मंत्री नितिन अग्रवाल की बहन है। जिसके बाद कई लोगों की मौजूदगी में रुचि ने सुभाष और उसकी पत्नी को 49 लाख रुपये का चेक दिया था। जिसे बाद में रीना ने कैश भी करवा लिया। कुछ दिन बाद उन्होंने फ्लैट के फर्जी कागज थमा दिए और फ्लैट भी नहीं दिया। जिसके बाद इस मामले में पुलिस ने सुभाष पासी और पत्नी रीना के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया था।

## 'साइबर क्राइम मूक वायरस की तरह समाज को पैसे से भी ज्यादा नुकसान', हाईकोर्ट की बड़ी टिप्पणी

प्रयागराज, 23 जनवरी (एजेंसियां)। देश में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा कि साइबर अपराध एक मूक वायरस की तरह है। जो समाज को पैसे से भी ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है। हाईकोर्ट ने 'डिजिटल गिरफ्तारी' के आरोपी को जमानत देने से इंकार करते हुए ये टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि साइबर अपराध ने असंख्य निर्दोष पीड़ितों को प्रभावित किया है। जो अपनी मेहनत की कमाई से ठगे गए हैं। हाईकोर्ट ने साइबर अपराध पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ये पूरे देश के लोगों को प्रभावित कर रहा है। चाहे उनका धर्म, क्षेत्र, शिक्षा या वर्ग कुछ भी हो। ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। डिजिटल इंडिया जैसी पहल ने देश के डिजिटल परिवर्तन को गति दी है। लेकिन, साइबर क्राइम ने उन कमजोरियों को भी उजागर किया है। जिनका साइबर अपराधी फायदा उठाते हैं।



कोर्ट ने जमानत देने से किया इनकार हाईकोर्ट में जस्टिस आशुतोष श्रीवास्तव की सिंगल बेंच में मामले की सुनवाई हुई, जिसमें जज ने कहा कि न्यायालय का मानना है कि भारत में प्रौद्योगिकी की तीव्र प्रगति और डिजिटल बुनियादी ढांचे को व्यापक रूप से अपनाने के बाद साइबर अपराध में वृद्धि हुई है। शराब घोटाला, शिक्षा घोटाला, साइबर-स्टॉकिंग और डेटा उल्लंघनों सहित साइबर अपराधों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अदालत ने ये टिप्पणियां निशांत रॉय नामक आरोपी व्यक्ति को जमानत देने से इंकार करते हुए की। याची पर डिजिटल गिरफ्तारी के कथित मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 384, 406, 419, 420, 506, 507 और 34 तथा आईटी अधिनियम की धारा 66- सी और 66- डी के तहत एफआईआर दर्ज है। यह एफआईआर थाना- साइबर क्राइम प्रयागराज में दर्ज है। इस मामले में, पीड़ित/प्रथम सूचनाकर्ता (काकोली दास) को एक कूरियर कंपनी के प्रतिनिधि के रूप में किसी व्यक्ति से कॉल आया था। जिसमें दावा किया गया कि उसके नाम से एक पार्सल ताइवान भेजा जा रहा है और इसमें 200 ग्राम एमडीएमए सहित अवैध सामग्री है।

बाद में यह कॉल एक ऐसे व्यक्ति को स्थानांतरित कर दी गई जिसने खुद को अपराध शाखा का पुलिस उपायुक्त बताया और उसे डिजिटल तरीके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने डिजिटल अरेस्ट करने के बाद जांच के लिए उससे अपने बैंक खाते का विवरण साझा करने के लिए दबाव डाला। इसके बाद, तीन दिनों (23-25 अप्रैल 2024) में, साइबर अपराधियों द्वारा आरटीजीएस के माध्यम से उनके एसबीआई और यस बैंक खाते से कुल 1.48 करोड़ की राशि धोखाधड़ी से स्थानांतरित कर दी गई।

## कब्रिस्तान में कब्र खोदकर काटे जा रहे लाशों के सिर, 5वीं घटना से मची सनसनी; दहशत में लोग

भागलपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार के भागलपुर से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां के एक कब्रिस्तान में कई कब्रों से शवों के सिर गायब होने से इलाके में कोहराम मच गया है। मामला भागलपुर के सन्हौला प्रखंड के फाजीलपुर सकरामा पंचायत के असरफनगर गांव के उत्तर में स्थित बहियार के पास एक कब्रिस्तान का है। यहां कई कब्र खोदे हुए मिले। लोगों ने देखा कि कब्रों के अंदर गाड़े गए शव के सिर गायब हैं। इस घटना को लेकर लोगों में डर का माहौल है। स्थानीय लोगों का दावा है कि इस कब्रिस्तान से अब तक पांच लाशों के सिर गायब किए गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही गांववाले मौके पर इकट्ठा हो गए और मामले की तफ्तीश शुरू कर दी। इस घटना को कौन अंजाम दे रहा है, ये पता नहीं चल सका है। पुलिस को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन वो यहां आकर भी कोई कार्रवाई नहीं की है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि पिछले कई साल से ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

## चंद्रशेखर आजाद के पार्टी की महिला नेता ने हिंदू देवी-देवताओं और महाकुंभ पर कहे अपशब्द



मुरादाबाद, 23 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में एक महिला ने हिंदू देवी देवताओं, साधु संतों और महाकुंभ को लेकर अपशब्द कहे, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। महिला नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण की आजाद समाज पार्टी से जुड़ी है। पुलिस ने महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस महिला की गिरफ्तारी के लिए उसके घर भी पहुंची लेकिन महिला नहीं मिली। मुरादाबाद में आजाद समाज पार्टी की कार्यकर्ता का वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया। इस दौरान एक व्यक्ति ने इस वीडियो को पुलिस को टैग करते हुए सोशल मीडिया पर अपलोड किया, जिसके बाद मामला पुलिस के संज्ञान में आया।

**क्या बोली पुलिस**

पुलिस ने तुरंत मझोला थाने में महिला के खिलाफ मामला दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। मुरादाबाद के एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि थानाध्यक्ष मझोला के संज्ञान में एक वीडियो लाया गया जिसमें एक महिला ने हिन्दू देवी-देवताओं और कुंभ के संबंध में अपशब्द कहे हैं। इस वीडियो का संज्ञान लेते हुए एक मुकदमा मझोला थाने में दर्ज किया गया है उन्होंने कहा कि महिला का मुरादाबाद से संबंध बताया गया है। मामले की जांच की जा रही है। हालांकि इससे पहले नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के महाकुंभ पर दिए गए बयान भी काफी चर्चा में रहे थे। तब उन्होंने कहा था कि महाकुंभ में वही लोग जाएंगे जिन्होंने पाप किए हैं। लेकिन जब कोई पाप करता है तो बताता है क्या? सीएम तानाशाही रवैया अपना रहे हैं। उन्हें जो मन में आता है, वही करते हैं।

## 110 पर फंसा मिला स्पीड मीटर का कांटा, अंधे मोड़ पर 100 से ज्यादा की रफ्तार बनी जानलेवा



कानपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। यूपी के जालौन जिले के उरई बरात में जा रहे कानपुर देहात के बरातियों को भारी पड़ गया। रास्ते में दो बरातियों के साथ शराब पीने के बाद कार चालक ने 110 की रफ्तार से कार दौड़ाई। चुर्खी के पास अंधे मोड़ पर कार बेकाबू होकर खंदक में गिर गई। हादसे में कार सवार तीन दोस्तों की मौत हो गई, जबकि चालक, दूल्हे का भाई व एक बराती गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी को मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां से उन्हें कानपुर रेफर कर दिया गया।

## दिल्ली चुनाव में अरविंद केजरीवाल की होगी हार?

### गिरिराज सिंह ने बताया कौन लेगा 'बदला'

पटना, 23 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला किया है। गुरुवार को वे बेगूसराय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दौरान गिरिराज सिंह ने कहा कि उनकी (आम आदमी पार्टी) सरकार दिल्ली में 11 साल से काम कर रही है। जब से वे (केजरीवाल) मुख्यमंत्री बने घोटाले पर घोटाला हो रहा है। शराब घोटाला, शिक्षा घोटाला और जनता के सामने जो वादा किया उसका भी घोटाला कर गए। गिरिराज सिंह ने कहा, घोटाला इसलिए कह रहा हूं कि जो उन्होंने (अरविंद केजरीवाल) कहा, जो वादा किया जनता से वो पूरा नहीं किया। दवा का घोटाला, सीएजी में घोटाला, यानी घोटालों की सरकार के सरताज केजरीवाल फ्रस्ट्रेशन में हैं। फ्रस्ट्रेशन में इसलिए कह रहा हूं कि केजरीवाल जिस तरह की भाषा बोल रहे हैं, कभी बिहारी, कभी झारखंड, कभी यूपी के लोगों को, पूर्वांचलियों को गाली देते हैं। कभी हिंदुओं के ऊपर प्रहार करते हैं। ये वोट देने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। गिरिराज सिंह ने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल हार स्वीकार चुके हैं इसलिए अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं। इसका बदला पूर्वांचली लेगा, इसका बदला हिंदू लेगा, जो इन्होंने भगवान राम और माता सीता को अपमानित करने का काम किया है। ये नकली पॉलिटिकल हिंदू हैं। दिल्ली के चुनाव में केजरीवाल हार चुके हैं। हार स्वीकार कर लिए हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। इस सवाल पर कि कांग्रेस कह रही है कि बिहार में बीजेपी सीएम नीतीश कुमार को मेडिकली अनफिट करवाना चाह रही है। इस पर जवाब देने से पहले कुछ देर तो गिरिराज सिंह शांत रहे। उन्हें कुछ जवाब नहीं मिला तो कहा कि हम देखेंगे तब बताएंगे।



## अस्पताल में इलाज के दौरान घायल इंस्पेक्टर सुनील कुमार की मौत

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने कही ये बात



शामली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के शामली जिले में बीते दिनों पुलिस और बदमाशों के बीच एनकाउंटर हुआ था। इस एनकाउंटर में पुलिस ने एक लाख रुपये के इनामी बदमाश अरशद और उसके तीन साथियों को ढेर कर दिया था। अपराधियों के पास से देसी कट्टे, पिस्टल और कार्बाइन बरामद किए गए थे। इस एनकाउंटर का हिस्सा रहे एसटीएफ के जांबाज इंस्पेक्टर सुनील कुमार इस एनकाउंटर में घायल हो गए थे। अस्पताल में इलाज के दौरान आज सुनील कुमार की मौत हो गई है। बता दें कि एनकाउंटर के दौरान इंस्पेक्टर सुनील कुमार को कई गोलियां लगी थीं। बता दें कि गुरुग्राम के अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। एसटीएफ टीम का हिस्सा रहे इंस्पेक्टर सुनील कुमार की मौत पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने दुःख व्यक्त किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, 'जनपद शामली में अपराधियों के साथ साहसिक मुठभेड़ में कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए जनपद मेरठ निवासी उत्तर प्रदेश एसटीएफ के निरीक्षक सुनील कुमार को भावभीनी श्रद्धांजलि। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं।

शहीद के परिजनों को 50 लाख की आर्थिक सहायता तथा उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाएगी।' उन्होंने आगे लिखा, 'संबंधित जनपद की एक सड़क का नामकरण भी शहीद सुनील कुमार के नाम पर किया जाएगा। प्रदेश सरकार हर परिस्थिति में शहीद के परिजनों के साथ है, उन्हें हर संभव मदद प्रदान की जाएगी।' बता दें कि साल 1971 में जन्मे सुनील कुमार मेरठ के रहने वाले थे। साल 1990 में सुनील पुलिस सेवा में भर्ती हुए थे।

## मोकामा गैंगवार में 3 एफआईआर दर्ज, सोनू-मोनू के पिता का अनंत सिंह पर हमला, कहा- अनंत सिंह 'डरा हुआ है



मोकामा, 23 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार के मोकामा के नौरंगा जलालपुर गांव में बुधवार को पूर्व विधायक अनंत सिंह के समर्थकों और सोनू-मोनू गैंग के बीच फायरिंग कई राउंड हुई। घटना के बाद गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। मामले में पुलिस ने तीन एफआईआर दर्ज की हैं। मुकेश नाम के व्यक्ति जिसके घर पर ताला जड़ा गया था, उसने एक एफआईआर दर्ज करवाई है। एक एफआईआर सोनू-मोनू की मां ने दर्ज कराई है और तीसरी एफआईआर पुलिस ने दर्ज की है।

**'अनंत सिंह डरा हुआ है'**

सोनू-मोनू की मां की तरफ से दर्ज करवाई गई एफआईआर में अनंत सिंह और उनके समर्थकों पर केस दर्ज कराया गया है। वहीं मुकेश नाम के शख्स ने सोनू-मोनू और उनके समर्थकों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इसके अलावा पुलिस ने अपनी एफआईआर में अनंत सिंह और उनके समर्थकों के साथ ही सोनू-मोनू के साथियों को आरोपी बनाया है। इस मामले पर सोनू-मोनू के पिता प्रमोद कुमार की भी प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि अनंत सिंह डरा हुआ है, उसकी राजनीतिक खत्म होने वाली है। उसकी जमीन खिसक रही है। केवल अनंत सिंह के तरफ से फायरिंग की गई है।

**क्या है पूरा मामला?**

आरोप है कि सोनू-मोनू गैंग ने नौरंगा जलालपुर गांव में एक परिवार को जमकर पीटा और उनके घर के बाहर ताला जड़ दिया। मामले की सूचना मिलने पर अनंत सिंह गैंगस्टर के घर जा पहुंचे। जिसके बाद अनंत सिंह को देखकर दोनों भाई फायरिंग करते हुए भाग गए। इस गोलीबारी की घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दोनों पक्षों में भारी तनाव की स्थिति पैदा हो गई। जिसको देखते हुए इलाके में पुलिस बल तैनात किया गया। मामले को लेकर अनंत सिंह का कहना है कि बुधवार 6 बजे के करीब 10-15 लोग मेरे घर आए थे। उन लोगों ने कहा कि उनके घर में ताला लगा दिया गया है, रुपयों की मांग की जा रही थी। उनकी शिकायत सुनने के बाद मैंने उन्हें थाने जाने के लिए कहा। इसके बाद वे खुद उस घर का ताला खोलने पहुंचे। ताला खोलने के बाद वे सोनू-मोनू के घर पहुंचे थे। इस दौरान उनका एक आदमी घर के अंदर सोनू-मोनू को देखने गया तो उनके लोग इधर-उधर भागने लगे। उनके लोगों की तरफ से गोली चलाई गई तब इधर से भी गोली चली।

## एयरोस्पेस और रक्षा केंद्र पर सीएम योगी ने किया ऐलान

### अखिलेश यादव बोले- बिन-बजट न करो घोषणा



लखनऊ, 23 जनवरी (एजेंसियां)। प्रयागराज उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज महाकुंभ में योगी कैबिनेट की बैठक हुई। इसके बाद एक प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई योजनाओं का ऐलान किया। अब इस पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है। कन्नौज सांसद ने दावा किया है कि सीएम योगी ने जो घोषणाएं की हैं, उनके लिए बजट ही नहीं है। उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम ने एक अखबार की कतरन शेयर करते हुए सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि झूठ ना बोलो 'गंगा के तट' । न करो घोषणा बिन-बजट। इससे पहले भी सपा चीफ ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर बुधवार योगी कैबिनेट पर कटाक्ष किया था। सीएम और उनके कैबिनेट सहयोगियों द्वारा किए गए गंगा स्नान पर सपा चीफ ने कहा था कि यही प्रार्थना है प्रभु से जो भी 'संगम तट' जाए उनके अंदर सौहार्द-प्रेम और करूणा उपजाए बता दें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को तीर्थराज प्रयागराज में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें योगी सरकार ने प्रदेश के विकास को गति देने के लिए 10 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी।इसमें उत्तर प्रदेश को एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर में 'महारथी' बनाने के उद्देश्य से नई नीति को मंजूरी दी गई है। इसके अंतर्गत 50 हजार करोड़ के निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य है। इस नीति के लागू होने के बाद प्रदेश के 1 लाख युवाओं को सीधे-सीधे रोजगार मिलने की प्रबल संभावना है। महाकुंभ नगर से प्रदेश को 'महासौगात' देने के क्रम में अन्य अहम प्रस्तावों में विदेशी कंपनियों को उद्योग स्थापित करने के लिए एफडीआई नीति में योगी कैबिनेट ने अपनी मुहर लगा दी है। इसके अंतर्गत योगी सरकार भूमि पर 80 प्रतिशत तक सब्सिडी देगी। इसके अलावा योगी सरकार ने यूपी औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति में भी बड़े सुधारों की तरफ कदम बढ़ाए हैं।

## लातूर में बर्ड फ्लू का खतरा, हजारों चूजों की मौत से हड़कंप



लातूर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के लातूर जिले में बर्ड फ्लू के खतरे के बीच कुक्कुट पालन केंद्र (पोल्ट्री फार्म) में करीब 4,200 चूजे मरे पाए गए। जानकारी के अनुसार, लातूर जिले के अहमदपुर तहसील के ढालेगांव में एक पोल्ट्री फार्म में करीब चार हजार दो सो बॉयलर चूजों की अचानक मौत हो गई है। इन चूजों के नमूने जांच के लिए पुणे की एक प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि चूजों की मौत दो तीन दिन में हुई और 'पोल्ट्री फार्म' के मालिक ने अधिकारियों को इस संबंध में सूचना तुरंत नहीं दी, जिसके कारण संक्रमण फैल गया और 4,500 चूजों में से 4,200 की मौत हो गई। अहमदपुर पशु चिकित्सालय के उपायुक्त डॉ.शिवाजी क्षीरसागर ने पोल्ट्री फार्मों के मालिकों से अपील की है कि वे अपने केंद्र का पंजीकरण कराएं और ऐसी घटनाओं की जानकारी स्थानीय अधिकारियों को दें। इससे पहले पहले उदगीर में बर्ड फ्लू के कारण 50 से 100 कौवों की मौत हो गई थी। अब अहमदपुर तहसील के ढालेगांव में मुर्गी के बच्चों की मौत ने स्थानीय लोगों और पशुपालकों के बीच चिंता बढ़ा दी है। घटना का संज्ञान लेते हुए पशु चिकित्साधिकारी मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि चूजों की मौत के कारणों की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि नमूने पुणे की एक प्रयोगशाला में भेजे गए हैं और उनके नतीजे आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। ढालेगांव की यह घटना बर्ड फ्लू संकट की पुनरावृत्ति हो सकती है, जो पशुधन और पोल्ट्री व्यवसाय को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। इस वजह से पशुपालकों और स्थानीय प्रशासन को अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। बर्ड फ्लू फैलने की चिंताओं के कारण प्रशासन ने गहन जांच शुरू कर दी है और आने वाले दिनों में और जानकारी सामने आएगी।

स्थिति को ठीक से संभालने के लिए प्रशासन और पशु चिकित्सा अधिकारियों को सतर्क कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस महीने की शुरुआत में जिले के उदगीर शहर में करीब 60 कौवे मृत पाए गए थे। पुणे स्थित क्षेत्रीय रोग निदान प्रयोगशाला और आईसीएआर - राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान, भोपाल द्वारा किए गए परीक्षणों से पुष्टि हुई है कि इन मौतों का कारण बर्ड फ्लू था।

## जम्मू कश्मीर सेवा चयन की परीक्षा में धांधली का आरोप, नाराज अभ्यर्थियों ने बोर्ड पर उठाया सवाल

जम्मू, 23 जनवरी (एजेंसियां)। कश्मीर सेवा चयन बोर्ड एक बार फिर विवादों में घिर गया है। इस बार मामला पुलिस की भर्ती परीक्षा में कथित तौर पर हुई धांधलियों का है। दरअसल जम्मू कश्मीर सेवा चयन बोर्ड ने 8 दिसंबर 2024 को पुलिस विभाग में कांस्टेबल टेलीकम्युनिकेशन की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा ली थी।

अब यही परीक्षा विवादों में है। इस परीक्षा के कई अभ्यर्थियों ने भर्ती परीक्षा में धांधली और पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाया है। इस परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों के मुताबिक इस परीक्षा में कुल 167609 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इन परीक्षाओं के बाद बोर्ड ने फोटोग्राफर कांस्टेबल के लिए 22 दिसंबर 2024 को लिखित परीक्षा कराई जिसमें 128663 उम्मीदवारों ने भाग लिया। इन परीक्षाओं में हिस्सा लेने वाले सफल अभ्यर्थियों की स्कोर शीट हाल ही में बोर्ड ने जारी की। इस परीक्षा को देने वाले कई अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया के टेलीकम्युनिकेशन और फोटोग्राफी की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उम्मीदवारों का प्रदर्शन जम्मू कश्मीर पुलिस में कार्यकारी, आर्म्ड और एसडीआरएफ की भर्ती में खराब रहा है।

**नाराज अभ्यर्थियों ने योग्यता पर उठाया सवाल**

इस परीक्षा में सफल हुए कुछ अभ्यर्थियों को पहले हुए परीक्षा में नेगेटिव मार्क्स मिले थे, लेकिन उसके बाद हुई टेलीकम्युनिकेशन और फोटोग्राफी कांस्टेबल परीक्षा में उन्होंने अच्छे अंक लिए हैं। जम्मू में अब इस परीक्षा के नतीजे ने सियासी रंग भी लिया है और कई राजनीतिक दलों ने आरोप लगाया है कि बोर्ड योग्यता की हत्या कर रहा है। हालांकि अभ्यर्थियों के आरोपों पर जम्मू कश्मीर सेवा चयन बोर्ड की ओर से कोई सफाई अब तक नहीं दी गई है। जिसे लेकर अभ्यर्थियों में की नाराजगी बढ़ती जा रही है। वहीं, सियासी दल भी इसे सत्तापक्ष को घेरने की फिराक में हैं।

## ट्रेन की छत पर चढ़ा शख्स, 11 केवी के तार से जिंदा चिपका, आग का गोला बन हुआ ब्लास्ट

रायगड़ा, 23 जनवरी (एजेंसियां)। ओडिशा रायगड़ा रेलवे स्टेशन पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। मालगाड़ी पर चढ़ा एक शख्स हाई वोल्टेज करंट की तार से टच हो गया और पलक झपकते आग का गोला बनकर नीचे गिर गया। झुलसने की वजह से इलाज के दौरान शख्स की मौत हो गई। घटना का वीडियो सामने आया है, जिसे देखकर आप भी सहम जाएंगे। घटना सुबह की है। शख्स करंट लगने से अपनी जान गंवा बैठा। मृतक की पहचान नरसिंह कांडा के रूप में हुई है, जिनकी उम्र 55 साल बताई जा रही है,

जो ओडिशा के नुआपाड़ा जिले के बदनाला गांव के निवासी थे। जानकारी के अनुसार, नरसिंह कांडा अपने परिवार के साथ सिकंदरपुर में मजदूरी का काम करने गए थे। स्वास्थ्य में गिरावट आने के कारण उन्होंने घर लौटने का फैसला किया था। सुबह करीब 10 बजे नरसिंह, प्लेटफार्म नंबर- 5 पर एक मालवाहन ट्रेन की बोगी पर चढ़ने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान कुछ लोगों ने उन्हें चेतावनी भी दी, लेकिन उन्होंने अपनी कोशिश जारी रखी। नरसिंह जैसे मालगाड़ी की खुली बोगी पर चढ़े तो उनका हाथ ऊपर उठ गया और वह 11 केवी की एक जिंदा तार से टकरा गए, जिससे उन्हें जबरदस्त करंट लग गया। इसकी वजह से उन्हें गंभीर जलन और चोटें आईं। वह मालगाड़ी की बोगी के नीचे गिर गए।

**इलाज के दौरान हुई मौत**

रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों ने तुरंत उनकी मदद की और उन्हें रायगड़ा जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जीआरपी ने उनके मोबाइल फोन को जब्त किया और उनके परिवार को इस दुखद घटना की जानकारी दी। नरसिंह की पत्नी और बेटा भी सिकंदरपुर से वापस लौट रहे थे, जिन्हें इस हादसे के बारे में बताया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कर परिवार को शव सौंप दिया है। पुलिस ने मामले में आगे की जांच कर रही है।

## अमृतपाल सिंह ने पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट में डाली याचिका

### गणतंत्र दिवस परेड का जिक्र कर की ये बड़ी मांग



अमृतसर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। अकाली दल वारिस पंजाब दे के अध्यक्ष अमृतपाल सिंह ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका के जरिए हाईकोर्ट से गणतंत्र दिवस परेड और संसद सत्र में भाग लेने की इजाजत देने की मांग की है। साथ ही ये भी कहा है कि एक सांसद होने के नाते यह उनका हक है। पंजाब के खडूर साहिब संसदीय क्षेत्र से सांसद अमृतपाल ने अपनी याचिका को न्याय, समानता और जनहित का मामला बताया है। अमृतपाल सिंह वर्तमान में असम के डिब्रूगढ़ जेल में एनएसए के तहत बंद हैं।

**कौन हैं अमृतपाल सिंह?**

अमृतपाल सिंह फिलहाल सांसद भी हैं। एक दशक तक दुबई में रहने के बाद वह पंजाब लौट आए थे। उन्होंने वारिस पंजाब दे अभियान के तहत पंजाब के युवाओं को नशीली दवाओं से दूर रहने, सिख धर्म के वसूलों पर चलने और पंजाब को अलग नेशन स्टेट के रूप में स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 में अकाली दल का समर्थन किया। इस बीच वारिस पंजाब दे अभियान के तहत 23 फरवरी 2023 को पंजाब के अजनाला में संगठन के समर्थकों और पुलिस के बीच झड़पों की वजह से अमृतपाल सिंह विवाद में आ गए। 23 अप्रैल 2023 को पंजाब के मोगा जिले के रोडे गांव से अमृतपाल को जांच एजेंसी के अधिकारियों ने गिरफ्तार लिया गया। पंजाब पुलिस ने उनके खिलाफ एनएसए की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। उसके बाद से वह असम के डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं।

**जेल में रहते हुए दर्ज की जीत**

लोकसभा चुनाव साल 2024 का चुनाव वारिस पंजाब दे के नेता अमृतपाल सिंह ने एनएसए के आरोपों में डिब्रूगढ़ जेल में रहते हुए लड़ा था। वह खडूर साहिब निर्वाचन क्षेत्र से लगभग 2 लाख मतों से चुनाव जीते। अमृतपाल सिंह ने शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के समर्थन से एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। दरअसल, पंजाब पुलिस ने अलगाववादी नेता अमृतपाल सिंह के खिलाफ हाई-प्रोफाइल हत्या मामले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज है। अमृतपाल पर दिवंगत अभिनेता दीप सिद्धू के करीबी सहयोगी गुरप्रीत सिंह की हत्या का आरोप है। बता दें कि वारिस पंजाब दे के गठन में शामिल रहे यू-ट्यूबर गुरप्रीत सिंह की 9 अक्टूबर 2024 को हरिनो गांव में गोली मारकर हत्या हुई थी। उन्हें उस समय गोली मारी गई, जब वे अपने दोपहिया वाहन पर गुरुद्वारे से घर लौट रहे थे।

## फायर सीजन से 25 दिन पहले ही धधके अल्मोड़ा के जंगल भीषण आग में 1 किमी का इलाका खाक

अल्मोड़ा, 23 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड के अल्मोड़ा के जंगल में आग लग गई, जो करीब एक किलोमीटर के दायरे में फैलती चली गई, हालांकि इस आग में किसी की मौत या किसी तरह की कोई जनहानि की जानकारी नहीं है। ये आग काला पाथरी वन पंचायत के जंगल में लगी। उत्तराखंड में 15 फरवरी से फायर सीजन शुरू होता है, लेकिन इस साल फरवरी नहीं बल्कि जनवरी में ही जंगल में आग लगनी शुरू हो गई है। उत्तराखंड के तीन जंगलों में आग लगी। कई घंटों में दमकल विभाग की गाड़ियों ने आग पर मुश्किल से काबू पाया। बताया जा रहा है कि कुछ अज्ञात लोगों ने काला पाथरी वन पंचायत के जंगल में आग सुलगा दी। इसके बाद आग ने विकराल रूप ले लिया और ये आग करीब एक किमी तक फैल गई। आसपास के लोगों ने जंगल में आग लगने की जानकारी मौसम विभाग को दी। इसके बाद देर रात तक करीब 6 घंटे में आग पर काबू पाया गया।

## ऑपरेशन 'विघात' के तहत दिल्ली पुलिस का एक्शन

### पिस्तौल-कुल्हाड़ी समेत इन सामानों के साथ दबोचे 4 आरोपी



नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की शाहदरा पुलिस ने ऑपरेशन 'विघात' के तहत चार संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक देसी पिस्तौल, 20 जिंदा कारतूस, एक चीनी कुल्हाड़ी, दो बेसबॉल बैट, एक लोहे की रॉड और शराब की बोतलें बरामद की हैं। डीसीपी शाहदरा के मुताबिक, 21 जनवरी को क्षेत्र में बढ़ते सड़क अपराधों को रोकने के लिए शाहदरा पुलिस स्टेशन की विशेष/वीट टीम को विशेष निगरानी और गश्त के निर्देश दिए गए थे। इसके तहत ऑपरेशन 'विघात' चलाया गया। इस बीच गश्त के दौरान शाम छह बजे एक कार (नंबर डीएल8सीबीए7669) लापरवाही से तेज गति में आते हुई देखी गई। साथ ही कार में पुलिस सायरन भी बज रहा था, जिससे पुलिस को संदेह हुआ। इसके बाद थोड़ी दूर तक पीछा करने के बाद कार को रोका गया। इस दौरान पाया गया कि कार में चार लोग मौजूद थे, जो नशे की हालत में पाए गए।

**पुलिस ने बरामद किया ये सामान**

डीसीपी शाहदरा के मुताबिक, तलाशी के दौरान देवेश कुमार के पास से एक देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस मिले। कार की गहन जांच में 18 और जिंदा कारतूस, एक चीनी कुल्हाड़ी, एक लोहे की रॉड, दो बेसबॉल बैट और तीन शराब की बोतलें और 25 हजार रुपये नगद बरामद हुए। कार पर कड़कड़डूमा कोर्ट बार काउंसिल का स्टिकर भी लगा हुआ था। जिसके बाद इस मामले में एफआईआर नंबर 50/2025 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 25/35, बीएनएस की धारा 3(5) और मोटर वाहन अधिनियम की धारा 39/192 के तहत केस दर्ज किया गया। डीसीपी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों से पूछताछ के दौरान देवेश ने खुलासा किया कि उसने यह पिस्तौल एक साल पहले ज्योति नगर निवासी दानिश से खरीदी थी।

**'एनिमल' मूवी देखकर खरीदी कुल्हाड़ी**

पूछताछ में यह भी पता चला कि उन्होंने कुल्हाड़ी फिल्म 'एनिमल' से प्रेरित होकर खरीदी थी। चारों आरोपी हिमांशु का जन्मदिन मना रहे थे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान देवेश कुमार (32 साल) निवासी वेलकम दिल्ली, हिमांशु (32 साल) निवासी दिल्ली, हिमांशु (25 साल) निवासी जोहरीपुर दिल्ली, विपिन (25 साल) निवासी बाबरपुर दिल्ली के रूप में हुई है।

## वैशाली के महनार प्रखंड में छह जिंदा बम बरामद इलाके में दहशत का माहौल, पुलिस जांच में जुटी

वैशाली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार के वैशाली जिले के महनार प्रखंड में स्थित करनौती पंचायत में बुधवार को एक बड़ी घटना सामने आई। जहां पर स्थानीय लोगों को शेखपुरा करनौती इलाके में छह जिंदा बम मिले, जिसके बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई, जिसके बाद सूचना मिलते ही स्थानीय थाने कि पुलिस प्रशासन तुरंत मौके पर पहुंच गई है।

घटना स्थल पहुंचकर पुलिस ने सुरक्षा को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए बम निरोधक दस्ता की मदद से सभी बमों को सफलतापूर्वक डिफ्यूज कर दिया। उसके बाद सभी बमों को कब्जे में लेकर आगे की जांच के लिए स्थानीय थाने ले जाया गया। पुलिस अब इस मामले में गहन जांच कर रही है कि आखिर ये बम यहां कैसे पहुंचे और किसने रखे। वहीं, पूरे मामले पर पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है और पूरे मामले की जांच पड़ताल की बात कह रही है।

## प्यार की जिद में क्यों गई जान? भाई ने सीना छलनी किया पिता ने चेहरा; छह साल चली लव स्टोरी का खूनी अंत

भोपाल, 23 जनवरी (एजेंसियां)। 'हैलो, मेरा नाम तनु गुर्जर है, मैं एक लड़के से बहुत प्यार करती हूं। हमारे रिलेशन को छह साल हो गए हैं। पहले मेरे घरवाले शादी के लिए मान गए थे लेकिन, फिर मना कर दिया। अब वो मुझे रोज मारते भी हैं। मारने की धमकी भी देते हैं। अगर, मैं मरी या मुझे कुछ हुआ तो उसके जिम्मेदार मेरे घरवाले होंगे'। ये वो बातें हैं जो 20 साल की तनु ने उसकी हत्या से दो दिन पहले कही थीं। वह आगरा में रहने वाले अपने प्रेमी भीकम मावई उर्फ विक्की से शादी कर जिंदगी जीना चाहती थी। लेकिन, चचेरे भाई और पिता को यह मंजूर नहीं था। उन्होंने सीने और चेहरे पर चार गोलियां मारकर तनु की हत्या कर दी। बेटी की हत्या के बाद पिता ने कहा था- 'इज्जत की बात थी इसीलिए उसे मार डाला'। आइए, अब ग्वालियर में हुई इस ऑनर किलिंग की घटना के बाद में विस्तार से जानते हैं। प्रेमी की कहानी की शुरुआत कैसे हुई? प्रेमी से शादी करने की बात कहकर क्यों बदल गए परिजन? 20 साल की तनु को क्यों मारा गया?

**सबसे पहले जानिए क्या मामला है?**

14 जनवरी की रात करीब नौ बजे ग्वालियर का आदर्श नगर महाराजपुरा एक के बाद एक चली चार गोलियों की आवाज से गूंज उठा। गोलियों की गूंज थमने के बाद जिस घर से चीखने-चिल्लाने की आवाज उसी वह घर महेश सिंह का था। महेश और उसके भतीजे राहुल गुर्जर ने 20 साल की तनु को गोलियों से छलनी कर दिया था और वह खून से लतपथ घर में जमीन पर पड़ी हुई थी। तनु की 18 जनवरी को शादी भी होने वाली थी। तनु की हत्या के बाद उसका चचेरा भाई राहुल फरार हो गया और पिता महेश ने कट्टा-पिस्टल लहराकर कहा कि इज्जत की बात थी, इसलिए बेटी को मार डाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पिता महेश को गिरफ्तार किया और केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की।

## इंदौर में छात्र की करंट लगने से दर्दनाक मौत प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था उमंग

इंदौर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। इंदौर के भंवरकुआ इलाके में एक छात्र की करंट लगने से मौत हो गई। छात्र इटारसी का निवासी था और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए इंदौर आया था। पुलिस के अनुसार, रात करीब दो बजे वह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। पुलिस ने बताया कि छात्र का नाम उमंग (18) पुत्र उमेश चौधरी है, जो इंद्रपुरी कॉलोनी का रहने वाला था। देर रात उमंग अपने दोस्तों निमित और अन्य के साथ लाइब्रेरी से अपने कमरे की तरफ लौट रहा था। इसके बाद उसके दोस्त अपने-अपने रूम में सोने चले गए। तभी अचानक बालकनी से धमाके की आवाज आई। जब उसके दोस्त बालकनी की तरफ पहुंचे तो देखा कि उमंग गिरा हुआ था और उसे करंट लगने से उसकी जान चली गई। उमंग के परिवार के मुताबिक, वह इटारसी का रहने वाला था और पिछले छह महीने से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए इंदौर आया था। उमंग का एक छोटा भाई और उसके माता-पिता हैं, जो सुबह इंदौर पहुंच गए।

## ब्रिटिश सिख सोल्जर जगजीत सिंह के खिलाफ यूएपीए के तहत केस दर्ज, गुरदासपुर पुलिस चौकी पर हमला करने का आरोप



गुरदासपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। पंजाब मूल के ब्रिटिश सिख सोल्जर जगजीत सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस ने यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया है। जगजीत सिंह तरनतारन जिले का रहने वाला है और 2010 में ब्रिटेन चला गया था। गुरदासपुर में पुलिस चौकी पर हुए अटैक के मामले में जगजीत सिंह पर दो एफआईआर दर्ज की गई है। पिछले साल दिसंबर में दोनों एफआईआर दर्ज हुई है। एक एफआईआर 19 दिसंबर को और दूसरी 21 दिसंबर को दर्ज की गई है। सीनियर अधिकारी ने बताया, ब्रिटिश सिख सोल्जर जगजीत सिंह के खिलाफ गुरदासपुर में पुलिस चौकी में ग्रेनेड से अटैक करने के मामले में कनेक्शन के चलते दो एफआईआर दर्ज की गई है। फिलहाल, जगजीत सिंह ब्रिटिश सेना में सेवाएं दे रहा है। पंजाब पुलिस के डोजियर के अनुसार, जगजीत पाकिस्तान खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के प्रमुख रणजीत सिंह नीता का सहयोगी है और केजेडएफ के तहत एक स्व-घोषित "निगरानी यूनिट" का सदस्य है। जगजीत की उम्र 37 साल है। जगजीत का नाम कलानौर पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109 और 324(4) और विस्फोटक अधिनियम की धारा 4(5) के तहत दर्ज किया गया है। जगजीत को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की धारा 13, 16 और 40 के तहत मामले में नामित किया गया है। 18 दिसंबर को गुरदासपुर जिले के बख्शीवाला पुलिस चौकी पर ग्रेनेड फेंका गया था, जबकि 20 दिसंबर को कलानौर पुलिस स्टेशन के तहत वडाला बांगर पुलिस चौकी को निशाना बनाया गया था। इसी केस में जगजीत पर एफआईआर दर्ज की गई है। जगजीत के तीन साथियों को 23 दिसंबर को उत्तर प्रदेश और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम ने पीलीभीत में एक मुठभेड़ में मार गिराया था। पंजाब पुलिस का दावा है कि जगजीत उन तीन युवकों का "मुख्य संचालक" था, जिन्होंने 18 दिसंबर में बख्शीवाला पुलिस चौकी पर ग्रेनेड फेंका था। पुलिस के डोजियर में यह जानकारी भी दी गई है कि जगजीत 2010 में छात्र वीजा पर यूके गया था और अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद, वह कथित तौर पर 2013 में एक सैनिक के रूप में ब्रिटिश सेना में शामिल हो गया था।

जगजीत के दादा, पिता और भाई सहित उनके कई रिश्तेदार भारतीय सेना में थे। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि यूके जाने के बाद, जगजीत ने प्रतिबंधित आतंकवादी समूहों, जैसे बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) और खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के साथ संबंध बनाए।

## हिंदू नामों का इस्तेमाल कर मुस्लिम चला रहे थे होटल, रद्द कर दिए गए सभी के लाइसेंस

अहमदाबाद, 23 जनवरी (एजेंसियां)। गुजरात राज्य सड़क परिवहन निगम (जीएसआरटीसी) ने हिंदू नामों की आड़ में चलाए जा रहे कुछ होटलों के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। इन होटलों का या तो नाम हिंदू रखा गया था या इनको चलाने के लिए किसी हिंदू मालिक के नाम का इस्तेमाल किया जा रहा था। अब राज्य परिवहन निगम यानी कि जीएसआरटीसी की बसें इन होटलों पर हाल्ट नहीं करेंगी। बता दें कि जीएसआरटीसी ने पिछले एक वर्ष में ऐसे होटलों की सूची तैयार की थी, जिनमें हिंदू नामों का इस्तेमाल किया गया था, या कुछ मामलों में होटल मालिक के तौर पर किसी हिंदू का नाम था लेकिन उसे मुस्लिम समुदाय के लोग चला रहे थे। बताया जा रहा है कि यह कदम पारदर्शिता और होटलों के सही तरीके से संचालन के लिए उठाया गया है। जिन होटलों के रजिस्ट्रेशन रद्द किए गए हैं उनमें वडोदरा डिविजन के अहमदाबाद-सूरत रोड पर स्थित स्वाजी इन, होटल विशाल, होटल बसेरा और होटल सतीमाता शामिल हैं। इसके अलावा भरूच डिविजन के तहत सूरत-अहमदाबाद मार्ग पर स्थित होटल तुलसी, होटल मारुति, होटल डायमंड और होटल रौनक के नाम भी उन होटलों में शामिल हैं जिनके रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिए गए हैं। इसके अलावा राजकोट डिविजन के तहत भुज-ध्रांगध्रा-अहमदाबाद मार्ग पर स्थित वाले होटल शिवशक्ति का रजिस्ट्रेशन भी कैंसिल कर दिया गया है। गोधरा डिविजन के तहत पड़ने वाले किस्मत काठियावाड़ी (देलोल) और होटल वृंदावन नाम के होटलों का रजिस्ट्रेशन भी जीएसआरटीसी ने रद्द कर दिया है। वहीं, पालनपुर डिविजन में भी होटल गुरुकृपा, होटल रिलीफ और होटल रौनक के रजिस्ट्रेशन जीएसआरटीसी ने रद्द कर दिए हैं। जिन होटलों के रजिस्ट्रेशन कैंसिल किए गए हैं उनमें संसरोड का होटल तुलसी, उंझा-मेहसाणा हाइवे का होटल मानसी, नाडियाड खेड़ा का होटल श्रीजी और राजकोट-चोटिला हाइवे का होटल सर्वोदय एंड रूम्स भी शामिल हैं।

## नीतीश कुमार ने सहरसा को दी बड़ी सौगात 210 करोड़ रुपये से होगा जिले का विकास



सहरसा, 23 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान सहरसा जिले के सत्तर कट्टैया प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मेनहा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने 210 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने +2 उच्च विद्यालय, मेनहा परिसर में स्थित स्कूल का उद्घाटन किया और विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया। नीतीश कुमार लाभुकों के बीच पहुंचे और कई योजनाओं का सौगात दिया। उसके साथ ही खेल मैदान एवं अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण भी किया।

**राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के लिए भूमि का किया अवलोकन**

इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास और उद्घाटन किया और राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल हेतु चिह्नित भूमि का अवलोकन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय चौधरी, विधायक डॉ. आलोक रंजन, गुंजेश्वर साह, आयुक्त राजेश कुमार, डीआईजी मनोज कुमार, डीएम वैभव चौधरी, एसपी हिमांशु सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**210 करोड़ रुपए की 52 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास**

बता दें कि सीएम नीतीश कुमार मधेपुरा से सुबह 10:25 बजे अपना दौरा शुरू किए। हेलिकॉप्टर से सहरसा जिले के महिषी प्रखंड पहुंचें, जहां उन्होंने महंथ दाहौर दास कबीर उच्च विद्यालय के खेल मैदान का उद्घाटन किया और जीविका दीदियों से बातचीत की। इस तीसरे चरण की यात्रा में सीएम नीतीश कुमार ने 210 करोड़ रुपए की 52 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

**तीन अलग-अलग विभाग के 16 नई परियोजनाओं का शिलान्यास**

सहरसा जिला के सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि 93.89 करोड़ रुपए की 7 अलग अलग विभागों के 36 योजनाओं का उद्घाटन और 116.16 करोड़ रुपए की तीन अलग अलग विभाग के 16 नई परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इसमें सबसे अधिक बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम की 10 योजनाओं का उन्होंने शिलान्यास किया है।

## स्कूल को बम से उडाने की धमकी ईमेल में 'अफजल गैंग' का नाम



मुंबई, 23 जनवरी (एजेंसियां)। मुंबई के जोगेश्वरी-ओशिवारा क्षेत्र में एक स्कूल को बम की धमकी भरी ई-मेल मिली। इसके बाद तत्काल सुरक्षा के लिए टीम भेजी गई। स्थानीय पुलिस और विस्फोटक जांच टीम दल को परिसर की गहन जांच करने के लिए भेजा गया। अभी तक कुछ संदिग्ध नहीं मिला। छोटे बच्चों के क्लास की छुट्टी हो चुकी है। ईमेल में लिखा था कि स्कूल में बम अफजल गैंग ने लगाया है। पुलिस ने बताया कि जांच जारी है। बता दें कि बीते कुछ महीनों में देश के अलग-अलग हिस्सों में स्कूलों और फ्लाइट में बम होने की धमकी के मामले सामने आए हैं। दिसंबर 2024 में मुंबई में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर ईमेल आया था और ये रूसी भाषा में लिखा हुआ था। इससे पहले पिछले 19 नवंबर को ही आरबीआई के कस्टमर केयर के नंबर पर फोन आया था। इसमें भी बम से उड़ाने की बात कही गई थी। इस दौरान फोन करने वाले ने खुद को लश्कर ए तैयबा का सीईओ बताया था।

**मुंबई एयरपोर्ट को मिली चुकी है धमकी**

पिछले साल नवंबर में ही मुंबई में डोमेस्टिक एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। एक कॉलर ने फोन करके कहा था कि मोहम्मद नाम का शख्स अजरबैजान जा रहा है और उसके पास बम है। हालांकि जब जांच की गई तो कुछ नहीं मिला। इसी महीने 21 जनवरी को तमिलनाडु के इरोड जिले में दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। वहीं देश की राजधानी दिल्ली में कई बार स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी जा चुकी है। राहत की बात ये है कि इन धमकियों से किसी तरह की कोई अनहोनी नहीं हुई है।


स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 24 जनवरी - 2025

# जेल से चुनाव लड़ने की छूट क्यों?

आम आदमी तो न जाने कब से कई खांचों में बंट चुका है। उसकी तंगहाली की वजह से उसकी रातें लंबी होती जा रही हैं। सिकुड़ती अंतडियों की वजह से सांसें भी लंबी हो रही हैं, ऊपर से सर्दियों की रात ने तो और भी परेशान कर रखा है। ऐसे परेशान आम आदमी के बीच यदि कोई बुलंद व दबंग आवाज सुनाई दे, वह भी सुप्रीम कोर्ट के एक जज की तो आम आदमी का सहम जाना स्वाभाविक है। मीलार्ड की आवाज क्या एक चुभता हुआ सवाल है ...कि जेल में रहकर किसी को चुनाव लड़ने की इजाजत क्यों होनी चाहिए? बात में तो दम है। यदि बेदाग बरी हो जाइए तो बाहर आकर लडिए जमाने से, अपनों से व परायों से। बन पडे तो चुनाव भी। लेकिन जेल में रहकर चुनाव लड़ने का कोई तुक नहीं बनता। अतीत में झांकें तो जेल में रहकर चुनाव लड़ने और जीतने वालों की लम्बी फेहरिस्त है। सिमरनजीत सिंह मान और जॉर्ज फर्नांडीस से लेकर आजम खान और मुख्तार अंसारी तक! आप राजनीतिक कैदी हैं या किसी और कारण से जेल में हैं, चुनाव तभी लड़िए, जब उस आरोप से बरी हो जाएं। यदि अदालत ने जेल भेजा है तो कोई तो कसूर रहा ही होगा! जेल से बाहर आने तक का धैर्य क्यों नहीं रख पाते ऐसा नेता? ...हद तो तब हो जाती है जब पार्टियां जेल में बैठे व्यक्ति को चुनाव का टिकट दे देती हैं। जेल में रहकर निर्दलीय चुनाव लड़ने पर तो बंदिश होनी ही चाहिए, राजनीतिक दलों को भी सख्त हिदायत मिलनी चाहिए कि वे जेल में रह रहे किसी व्यक्ति को टिकट न दें। लेकिन ये कैसे होगा? आखिर में कानून बनाने का रास्ता है तो वह भी संसद को बनाना है। संसद में बैठे हैं अपने ही देश के नेता। सुप्रीम कोर्ट से उठी आवाज उन नेताओं के कानों तक पहुंचेगी भी या नहीं, कहा नहीं जा सकता। ऐसे और इससे मिलते-जुलते कई मामले हैं, जिन पर अलग-अलग स्तरों पर आवाज उठाई जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई हल नहीं निकल पाया है। मुफ्त की रेवड़ी बांटने को लेकर एक बार सुप्रीम कोर्ट सख्त हो चुका है। राजनीतिक दलों से सुझाव भी मांगे गए थे। यह भी पूछा गया था कि आखिर मुफ्त की रेवड़ी की परिभाषा क्या हो? लेकिन बात आई गई हो गई। कोई भी राजनीतिक दल इस तरह के सुधार के लिए गंभीर नहीं दिखाई देता। जिस राज्य के चुनाव पर नजर दौड़ाइए, मुफ्त की रेवड़ियों के भरोसे ही जीत सुनिश्चित की जा रही है। इसमें कोई भी दल पीछे नहीं हैं। चुनाव खर्च को लेकर भी बातें तो बहुत हुई, लेकिन कोई अंकुश नहीं लग सका। औपचारिक रूप से प्रत्याशी अपना हिसाब चुनाव आयोग को दे देते हैं लेकिन असल में चुनाव का खर्च, उस हिसाब से कितना गुना ज्यादा है यह स्पष्ट दिखाई देता है। ऐसे में टीएन शेषन ने मुख्य चुनाव आयुक्त रहते चीजें सुधारी भी थीं। लेकिन उनके बाद तो सख्ती के नाम पर केवल भाषण ही रह गए। एक और मुद्दा है बाहुबलियों और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को चुनाव लड़ने से रोकने का। यहां तो हालत और भी बुरी है। चुन-चुनकर ऐसे लोगों को टिकट दिए जाते हैं, ताकि वे धनबल और बाहुबल के जरिए जीत सुनिश्चित कर सकें। कुछ दबंग तो निर्दलीय भी जीत जाते हैं। वे मतदाताओं को डरा- धमकाकर उनके वोट हासिल कर लेते हैं। एक बार मध्य प्रदेश में एक निर्दलीय प्रत्याशी का चुनाव चिह्न हाथी था। उसने चुनाव प्रचार के दौरान नारा दिया था- 'मोहर लगाओ हाथी पर, वरना गोली खाओ छाती पर... और लाश मिलेगी घाटी पर...' हैरत की बात है कि वो चुनाव जीत भी गया था!

# आधे अधूरे ज्ञान के साथ एआई का प्रयोग हो सकता है खतरनाक



संजीव ठाकुर

आधे अधूरे ज्ञान के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग हो सकता है खतरनाक।

अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नफ़्ज़ पढ़कर आपके मस्तिष्क की बात तुरंत पकड़कर उस पर अमल करने लगेगा। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पल्स रेट द्वारा आपके मन की हर बात जानने में सक्षम हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को वैज्ञानिकों ने मानव की सहायता के लिए और देश की बेहतरी के लिए अविष्कार किया है।

अभी तक तो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, इजरायल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में काफी आगे पर अब खाड़ी के देशों विगत 5 साल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति केवल तेल के कुए पर न रह कर अन्य योजनाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया है और आश्चर्यजनक रूप से यूएई ,सऊदीअरबिया, कतर, मिस्र ,जॉर्डन, मोरक्को और अन्य देशों में यूरोप की तुलना में अब और ज्यादा खर्च करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को अपने देश में बहुत मजबूत बना लिया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी पल्स रीडिंग और मानसिक विचारधारा को केवल थंब इंप्रेशन में ही आर्टिफिशियल इंटेलिव लजेंस का डिवाइस पढ़ कर उस पर अमल कर सकता है।इस टेक्नोलॉजी से अमेरिका तथा यूरोपीय देश अब तक दुश्मन की अनेक सूचनाएं बड़ी आसानी से प्राप्त कर उसका सामरिक उपयोग करने में लगे हुए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग रूस अपनी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर मिसाइल दागने में यूक्रेन यूक्रेन के विरुद्ध कर रहा है और अब तक यूक्रेन यूरोपीय तथा नाटो देश की मदद से इसी तकनीक के सहारे रूस के विरुद्ध अब तक टिका हुआ है वैसे तो यूक्रेन और रूस का युद्ध में काफी नुकसान हुआ है पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर उपयोग दोनों देश एक दूसरे पर कर रहे हैं।

विकासशील देशों में इस टेक्नोलॉजी का विकास अभी काफी एडवांस नहीं है इन परिस्थितियों में उनके लिए उनके सामरिक महत्व की चीजें छुपाना दुश्मन देशों के सामने कठिन हो जाएगा और उनकी खुफिया जानकारी शक्तिशाली देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक सूत्र प्राप्त करने के बाद ही पूरी प्राप्त कर सकते हैं.

खाड़ी के देश जिनमें सऊदी अरबिया, कतर ,मिस्र, जॉर्डन, यूएई अपने बजट का 34% बढ़ा हुआ हिस्सा एआई तकनीक पर लगातार कर रहे हैं। खाड़ी के देश इस टेक्नोलॉजी का उपयोग इस वजह से कर रहे हैं क्योंकि यह उनकी भविष्य की योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे वे तेल की कमाई से हटकर अन्य साधनों से अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार ला सकें। यूं एई पहला देश है जिसने 2017 ने इस तकनीक को अपनाया था इसके बाद खाड़ी के देशों में अब टेक्नोलॉजी को अपनाने में होड़ हो गई है। यह सभी देश एआई टेक्नोलॉजी पर लगभग 3 अरब डॉलर खर्च कर चुके हैं। दूसरी तरफ यदि इसका इस्तेमाल अति विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया तो इसका दुरुपयोग जिन देशों के पास इन टेक्नोलॉजी से एडवांस टेक्नोलॉजी है वह पूरी जानकारी निकालने में सक्षम होंगे।

# नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक मुहिम के मिलने लगे हैं नतीजे

**कमलेश पांडेय**

आमतौर पर नक्सली, आतंकवादी और अंडरवर्ल्ड के मास्टरमाइंड अपने पूरे जमात के साथ भारतीय गणतंत्र के लिए चुनौती समझे जाते हैं। इसलिए सुरक्षा बलों ने 76वें गणतंत्र दिवस से महज कुछ दिन पहले नक्सलियों के खिलाफ जो निर्णायक कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय ऑपरेशन चलाए हैं और एक दर्जन से ज्यादा नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है, वह तिरंगे और संवैधानिक गणतांत्रिक व्यवस्था को सच्ची सलामी है। इसलिए देशवासियों की अपेक्षा है कि सुरक्षा बलों की यह कार्रवाई और अधिक तेज होनी चाहिए क्योंकि ऐसा करके ही हम उनके नापाक हौसले को तोड़ सकते हैं। देखा जाए तो चाहे अंतर्राष्ट्रीय थल या समुद्री सीमा से सटे प्रदेश हों या हमारे आंतरिक प्रदेश, यहां पर नक्सलियों, आतंकवादियों और अंडरवर्ल्ड सरगनाओं की मौजूदगी और उनके मार्फ़त जब-तब होते रहने वाली हिंसात्मक घटनाएं एक ओर जहां शासन व्यवस्था और अमनपसंद लोगों को मुंह चिढ़ाती हैं, वहीं दूसरी ओर धनी लोगों के भयादोहन का कारण भी बनती हैं। चूंकि अवैध मानव व वस्तु तस्करी, ड्रग्स सिंडिकेट, अवैध हथियारों के कारोबार, फिरौती, विवादास्पद सम्पत्तियों की खरीद-फरोख्त आदि से इनके तार जुड़े होते हैं, इसलिए सफेदपोश नेताओं-समाजसेवियों-कथित अधिकारियों-उद्योगपतियों आदि के माध्यम से इनके सरगना भी परस्पर मिले हुए होते हैं। आम धारणा रही है कि इनके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई इसलिए भी नहीं हो पाती है, क्योंकि क्षेत्रीय दलों और स्थानीय नेताओं से इनकी गुप्त सांठगांठ रहती है! और यही इनके तार कथित राष्ट्रीय नेताओं और अर्बन नक्सलियों-अपराधियों-आतंकवादियों के सिंडिकेट तक से जोड़ते हैं। यही वजह है कि प्रशासन भी सियासी कारणों के चलते इनके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई नहीं कर पाता है। वहीं, जम्मू-कश्मीर, पंजाब से लेकर उत्तर-पूर्वी राज्यों की आतंकी घटनाएं हों, या झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र व बिहार की नक्सली घटनाएं, या फिर बड़े महानगरों से लेकर जिलास्तरीय शहरों की अंडरवर्ल्ड वारदातें, इनके तार परस्पर जुड़े बताए जाते हैं। कहना न होगा कि इनमें से कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों की मजबूती के पीछे भी इनकी राष्ट्रविरोधी सोच होती हैं, जिन्हें बरास्ता नेपाल, पाकिस्तान व चीन का भी संरक्षण हासिल होता है। वहीं, कांग्रेस समेत कई बड़े क्षेत्रीय दल भी इनके नेक्सस के समक्ष घुटने टेक चुके हैं। जबकि इन सभी बातों से उलट केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रवादी भाजपा नीत एनडीए की सरकार और उड़ीसा-छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र की भाजपा प्रदेश सरकारों की संगठित अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति से प्रोत्साहित होकर सुरक्षा बलों ने स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त रणनीति बनाकर नक्सलियों-दुर्दांत अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का जो बीड़ा उठाया है, उसकी एक झलक ताजा कार्रवाई से मिलती है। गौरतलब है कि भारत में नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियान को एक और बड़ी सफलता तब मिली, जब गत दिनों ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बॉर्डर क्षेत्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF), छत्तीसगढ़ के एसओजी (स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप) और ओडिशा पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान 14 नक्सलियों को मार गिराया गया। इस कार्रवाई में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की ओर से की गई त्वरित और रणनीतिक कार्रवाई को एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। इस ऑपरेशन में बड़ी संख्या में हथियार और बाकी सामग्री भी बरामद की गई जो नक्सली गतिविधियों को और बढ़ावा दे रही थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सुरक्षा बलों के इस संयुक्त ऑपरेशन में नक्सल आंदोलन के एक प्रमुख सरगना, जयराम चलपती को ढेर किया गया क्योंकि जयराम को नक्सली हिडमा का गुरु माना जाता था और नक्सली गतिविधियों में उसकी अहम भूमिका थी। जयराम पर 1 करोड़ रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था क्योंकि सुरक्षा एजेंसियों के लिए जयराम की तलाश एक बड़ी चुनौती थी। ऐसा इसलिए कि वह नक्सलवादी समूहों के लिए एक अहम रणनीतिक सोच के रूप में काम करता था। उसकी मृत्यु से न केवल छत्तीसगढ़ और ओडिशा बल्कि पूरे देश में नक्सलवादी आंदोलन को एक बड़ा झटका लगा है।

बताया जाता है कि इस ऑपरेशन को सफल बनाने में छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना की राज्य सरकारों ने अहम भूमिका निभाई है। इन तीनों राज्यों की पुलिस और सुरक्षा बलों ने मिलकर जयराम और उसके साथी नक्सलियों के खिलाफ लंबे समय से सख्त अभियान चलाया था। यही वजह है कि गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्वीट कर इस सफलता पर बधाई दी और सुरक्षा बलों की कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये नक्सल मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में एक और अहम कदम है। बता दें कि भारत सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि देश को नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त किया जाए। ये ऑपरेशन उस दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है जो सुरक्षा बलों और सरकार के प्रयासों से नक्सलवाद के खात्मे की ओर बढ़ रहा है। समझा जा रहा है कि जयराम की मौत के बाद अब नक्सलियों के मनोबल को भारी झटका लगेगा और उन्हें पुनः अपनी ताकत को संगठित करना मुश्किल होगा। सुरक्षा बलों की ये सफलता न केवल एक बड़ी सैन्य जीत है बल्कि ये देश के नागरिकों के लिए एक संदेश भी है कि नक्सलवाद का खात्मा अब बिल्कुल नजदीक है। बता दें कि एक साल पहले गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने के रोडमैप को जो हरी झंडी दी थी, उसके तहत एनआईए ने नक्सलियों के खिलाफ कुल 96 मामलों की जांच कर रही है। उनकी राजनीतिक इच्छा शक्ति और सटीक रणनीति का ही यह तकाजा है कि हाल ही में 14 नक्सली एक मुठभेड़ में मारे गए हैं। उल्लेखनीय है कि एक साल पहले 21 जनवरी 2024 को गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रायपुर में छत्तीसगढ़ के शीर्ष नेतृत्व एवं सुरक्षा बलों के प्रमुखों के साथ बैठक की थी, जिसमें नक्सलवाद को खत्म करने के रोडमैप को हरी झंडी दी थी। वहीं, छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के विपरीत नवनियुक्त विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने इस रोडमैप को अमली जामा पहनाने की राजनीतिक इच्छाशक्ति प्रदर्शित की, जिसका बेहतर नतीजा सबके सामने है। गौरतलब है कि नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए बनाए गए अमित शाह के रोडमैप में तीन अहम बिंदू हैं। पहला, नक्सलियों के कोर इलाके में सुरक्षा बलों की अग्रिम चौकियां स्थापित कर सुरक्षा गैप को भरना, दूसरा, मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून का इस्तेमाल कर ईडी की मदद से नक्सलियों को मिलने वाली फंडिंग के स्त्रोत को पूरी तरह से बंद करना, और तीसरा गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून का इस्तेमाल पर नक्सली गतिविधियों में शामिल आरोपियों के खिलाफ एनआईए की जांच कराकर कड़ा सजा सुनिश्चित करना। कहना न होगा कि तीनों ही फ्रंट में राज्य प्रशासन के सहयोग से बेहतरीन काम हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार, वर्ष 2019 के बाद सुरक्षा बलों की 290 अग्रिम चौकियां स्थापित की गईं, जिनमें अकेले साल 2024 में 58 अग्रिम चौंकियां स्थापित करना शामिल हैं। वहीं, इस साल 2025 में सुरक्षा बलों की कुल 88 अग्रिम चौकियां स्थापित करने का लक्ष्य है। इसके अलावा, राज्य सरकारें, ईडी और एनआईए ने नक्सल फंडिंग से जुड़ी 72 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की है। वहीं, एनआईए ने नक्सलियों के खिलाफ कुल 96 मामलों की जांच कर रही है, जिनमें 56 मामले पिछले तीन साल में दर्ज किये गए। इनमें से 77 मामलों में चार्जशीट भी दाखिल हो चुकी है। एक्सपर्ट बताते हैं कि कहने को अग्रिम सुरक्षा चौकियों का गठन छोटी बात लग सकती है लेकिन नक्सलियों के खिलाफ अभियान में यह कारगर रणनीति साबित हो रही है क्योंकि अग्रिम सुरक्षा चौकियां बनने से उसके तीन-चार किलोमीटर के दायरे में नक्सलियों के लिए अपनी गतिविधि चलाना संभव नहीं रहता है। वहीं, दूसरी बात यह है कि इन चौकियों के सहारे सरकारी तंत्र और लोक कल्याणकारी व विकास योजनाएं भी ग्रामीणों तक पहुंच रही है।

# डोनाल्ड ट्रंप के सर पर ताज के साथ कांटे भी



**अशोक भाटिया**

राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के साथ ही जिस तरह डोनाल्ड ट्रप ने आनन-फानन अनेक कड़े फैसले और एलान कर डाले, उससे स्वाभाविक ही दुनिया भर में तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे।दुनिया में जहां बर्लिन की दीवार गिरी वहां फिर से नई दीवार बनाने की बात होने लगी. ओबामाकेयर विश्व स्वास्थ्य संगठन से बाहर निकलने की चर्चा थी, जहां पर्यावरण संकट के खिलाफ वैश्विक लड़ाई सामने आई थी, पेरिस समझौते से हटने की घोषणा की जा रही थी। बारह साल पहले, जहां संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति ने अपने पहले भाषण में ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकारों का सम्मान किया, 'अमेरिका में अब ट्रांसजेंडरों के लिए कोई जगह नहीं है। कहा गया कि यह नया अमेरिका है। अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेने के बाद बोल रहे थे और उनके सामने बैठे बराक ओबामा समेत कई लोगों ने इसे हताश होकर सहा! ट्रंप ने 2016 में आकर दुनिया को चौंका दिया था। हालांकि अगले चुनाव में जो बाइडेन को चुनकर अमेरिका ने अपनी गलती सुधारी। हार के बाद उम्मीद की जा रही थी कि हिंसा भड़काने, हार नकारने वाले और नंगेपन पहनने वाले आरोपियों को अमेरिका के राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने तक नहीं दिया जाएगा। दरअसल, रिपब्लिकन पार्टी ने उन्हें नॉमिनेट किया था। अमेरिका ने भी उन्हें राष्ट्रपति बनाया। ट्रम्प ने विश्व स्वास्थ्य संगठन को ऐसे छोड़ दिया है जैसे कि अविकसित देशों में लोग रहते हैं या मर गए हैं। ट्रंप हीनता की राजनीति करने में सफल होते दिख रहे हैं कि 'हमने दुनिया की रोटी भूनने में खर्च कर दिया, अब हम अपने बारे में सोचें। पिछड़े आगे बढ़ गए हैं और हमारे अपने बच्चे बेरोजगार हो गए हैं। अमेरिका यहां इसलिए आया है क्योंकि दुनिया के सभी कोनों से लोगों ने अमेरिका बनाया है। इसके विपरीत, अमेरिका ने कई देशों को नष्ट कर दिया है। यह वही अमेरिका है जो कृतघ्नता से दुनिया को आरोपियों के पिंजरे में डाल रहा है। वे पनामा नहर चाहते हैं। मुझे यह करना है। हम 'ड्रिल बेबी, ड्रिल' कहकर नया तेल और ईंधन प्राप्त करना चाहते हैं, और हम रास्ते में आने वाली किसी भी बाधा को खत्म करना चाहते हैं। ट्रम्प कौन कहते हैं कि अमानवीयता नए राष्ट्रपति के साथ है जब तक कि ट्रांसजेंडर का अस्तित्व समाप्त नहीं हो जाता। ट्रम्प यह कहने वाले कौन होते हैं कि अमेरिका 'थर्ड जेंडर' पर विचार नहीं करेगा? बेशक, लोकतंत्र को नष्ट करने में ट्रम्प अकेले नहीं हैं। रूस में पुतिन हैं, चीन में शी जिनपिंग हैं ..! ट्रम्प, जो अमेरिका को स्वार्थी दुष्प्रचार की भाषा सिखाता है, जबकि दुनिया पहले से ही युद्ध की लपटों से घिरी हुई है, खतरनाक होगा! ट्रम्प के राष्ट्रवाद का उन्माद, इसे अमेरिका फर्स्ट कहते हुए, सफल रहा। उन्होंने अपने पहले भाषण में कहा, मैं राष्ट्रपति द्वारा अब तक की गई गलतियों को ठीक करने जा रहा हूं, लेकिन मास हिस्टीरिया में विवेक या विचार नहीं है। ट्रम्प इस विभाजन की नींव पर एक नया अमेरिका बनाने की कोशिश कर रहे हैं। आप्रवासी जिन्होंने अमेरिका का निर्माण किया। वे उन्हें दुश्मन बना रहे हैं। वैश्वीकरण का लाभ उठाने, अन्य देशों में बाजारों पर कब्जा करने की संकीर्णता, लेकिन उन देशों की जनशक्ति का विरोध वापस आ गया है। ट्रम्प को बहुत प्रशंसा मिली जब उन्होंने कहा, ₹हम केवल अमेरिका के बारे में सोचेंगे और इस देश को महान बनाएंगे,₹ और ऐसा करने में, वह भूल गए होंगे कि हम वैश्वीकरण के बाद की दुनिया में रहते हैं। अब, पूरे मानव समुदाय का एक ही उद्देश्य है। ₹जलवायु परिवर्तन केवल एक देश के बारे में नहीं है। लेकिन जैसे ही उन्होंने पेरिस समझौते से बाहर निकाला, ट्रम्प संकेत दे रहे थे जैसे कि उनका बाकी दुनिया से कोई लेना-देना नहीं थाः उनके प्रिय एलोन मस्क अपने शपथ ग्रहण समारोह में। इसके अलावा जेफ बेजोस और मार्क जुकरबर्ग भी मौजूद थे, जो दुनिया के बाजार पर राज करेंगे; लेकिन अगर कोई राष्ट्रवाद को स्वार्थी स्थिति कहता है कि हमें दुनिया के सुख-दुख से कोई लेना-देना नहीं है, तो यह एक पतन की शुरुआत है। एक कड़ा फैसला उन्होंने अमेरिका में जन्म के साथ ही हर बच्चे को स्वतः वहां की नागरिकता मिल जाने संबंधी कानून को रद्द करने का किया। इस पर तुरंत प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गईं। अब डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रभाव वाले वहां के बाईस राज्यों ने इस फैसले को अदालत में चुनौती दे दी है।भारतीय मूल के सांसदों ने भी इसका विरोध किया है। इसके अलावा, ट्रंप प्रशासन के अधीन काम करने वाली कई संस्थाओं ने इसे अदालत में चुनौती दी है। जाहिर है, ट्रंप प्रशासन के लिए इस फैसले पर आगे कदम बढ़ाना आसान नहीं रह गया है। जन्म के साथ नागरिकता का कानून अमेरिकी संविधान में वर्णित है, इसलिए उसे बदलने पर विरोध की आशंका पहले ही क्षण से जताई जाने लगी थी। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति को किसी कानून को लागू करने या बदलने को लेकर असीमित अधिकार प्राप्त हैं, पर वहां की कानून-व्यवस्था ऐसी है कि राष्ट्रपति भी उससे ऊपर नहीं हैं।दरअसल, ट्रंप शुरू से अवैध घुसपैठ और आव्रजन संबंधी नियमों में लचीलेपन के खिलाफ रहे हैं। अपने पिछले कार्यकाल में भी उन्होंने कहा था कि आव्रजन नियमों में कमजोरी का लाभ उठा कर बहुत सारे लोग दूसरे देशों से आ जाते हैं और वे अमेरिकी युवाओं का हक मारते और संसाधनों का उपभोग करते हैं। सीमाओं पर सख्त निगरानी न होने के कारण हर वर्ष लाखों लोग अवैध रूप से घुस आते हैं।ट्रंप ऐसे हर विदेशी नागरिक को अमेरिका से बाहर निकालना चाहते हैं। इसलिए शपथ ग्रहण के साथ ही उन्होंने सीमाओं पर आपातकाल लगा दिया और वहां सेना भेजने का फरमान जारी कर दिया। ऐसा नहीं कि ट्रंप से पहले अवैध घुसपैठियों पर नजर नहीं रखी जाती थी या गलत तरीके से आए लोगों को वापस नहीं भेजा जाता था। मगर ट्रंप जिस तरह विदेशी नागरिकों का वहां से सफाया करना चाहते हैं, उसे किसी भी लोकतांत्रिक देश का कदम नहीं माना जा सकता। अवैध घुसपैठ निस्संदेह अमेरिका के सामने बड़ी समस्या है और उससे निपटने के लिए कड़े कदम उठाने का विरोध नहीं किया जा सकता। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं कि वैध रूप से वहां रह रहे लोगों को भी नाहक निशाने पर ले लिया जाए। इससे विदेशी नागरिकों की मुश्किलें तो बढ़ेंगी ही, अमेरिका को भी भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। शपथ ग्रहण से पहले जब ट्रंप ने घोषणा की थी कि वे एच वन-बी वीजा खत्म करेंगे, तब उनके करीबी एलन मस्क ने ही सबसे पहले उसका विरोध किया था।

# सर्कस देखने संसद चलें



**डॉ. सुरेश मिश्रा**

हाल ही में, जब संसद की गूंजते गलियारे में चलने वाले सदस्यों की चहल-पहल को देखा, तो ऐसा लगा जैसे किसी सर्कस का आयोजन हो रहा हो। कर्तव्य का पालन करने के बजाय, सदस्यों ने सोचा, क्यों न आज एक नई कला प्रदर्शनी का आयोजन करें? इस बार न तो बहस थी और न ही कोई तर्क। बस बड़े-बड़े चश्मे पहने हुए सदस्य, जो आपस में संवाद करने के बजाय एक-दूसरे को घूर रहे थे। संसद के अध्यक्ष, जो हमेशा गंभीर चेहरे के साथ अपने आसन पर विराजमान रहते थे, आज कुछ खास उत्सुक लग रहे थे। शायद उन्होंने सोचा था कि शायद आज कोई जादूगर आएगा। लेकिन नहीं, यहाँ तो केवल अंधाधुंध चिल्लाने वाले लोग थे। एक सदस्य, जिनका नाम था पंडित जी, जो हमेशा से नारेबाजी में माहिर रहे हैं, अचानक खड़े होकर चिल्लाने लगे, "हमारे मुद्दे गंभीर हैं, इसलिए हमें गंभीरता से निपटना चाहिए!" यह सुनकर किसी ने जवाब दिया, "लेकिन पंडित जी, आप तो खुद एक मजाक हैं!"तभी एक और सदस्य, जो खुद को "न्याय का देवता" समझते थे, ने कहा, "हमारी पार्टी की नीति है कि हम सदन में सिर्फ एक घंटे के लिए गंभीरता से चर्चा करें। बाकी समय तो सिर्फ चिल्लाने और तालियाँ पीटने का है!" इस पर सभी सदस्यों ने तालियाँ बजाना शुरू कर दिया। शायद यह उनकी समझदारी का सबसे बड़ा प्रमाण था। फिर अचानक, एक महिला सदस्य खड़ी हुईं और अपनी साड़ी के पल्लू से एक बड़ी झंडी निकालकर हवा में लहराते हुए बोलीं, "हमारे लिए नहीं, बल्कि हमारे हक के लिए ये झंडा लहराएंगे!" एक सदस्य ने शौकिया तौर पर चिल्लाया, "क्या आप हमें नारी स्वतंत्रता का पाठ पढ़ाने आई हैं?" इस पर हंसी का एक ठहाका गूंजा। कोई यह सोच रहा था कि यदि वह ऐसा करती रहीं, तो शायद संसद में कोई नया कैबरे शो शुरू हो जाएगा। फिर, उस दिन के सबसे यादगार पल में, एक अन्य सदस्य ने अपनी कुर्सी पर कूदकर नृत्य करने का फैसला किया। उनके नृत्य को देखकर लगा जैसे किसी ने उनके साथ अन्याय किया हो और अब वह न्याय के लिए नृत्य कर रहे हैं। इससे पहले कि कोई उन्हें रोकता, उन्होंने चिल्लाकर कहा, "इसमें मैं हीरो हूँ, बाकी सभी केवल सहायक हैं!" सब हंस पड़े, लेकिन कोई भी गंभीरता से विचार नहीं कर पाया कि यह सर्कस कब शुरू हो गया। तभी एक नेता, जो अपनी वाणी के लिए मशहूर थे, ने कहा, "अगर हम सब मिलकर काम करें, तो हम इस सर्कस को एक सफल राजनीति में बदल सकते हैं।" जैसे ही उन्होंने यह कहा, एक सदस्य ने बेतरतीब ढंग से चश्मा पहना और बोला, "क्या हम पेंटिंग भी कर सकते हैं?" सभी ने उसकी हंसी उड़ाई, "तुम्हारे पेंटिंग में क्या है, तुम तो खुद में एक कलाकृति हो!"यह देखकर अध्यक्ष ने ठंडी सांस ली। वे जानते थे कि उन्हें कोई नया कानून नहीं बनाने का विचार करना पड़ेगा।

# क्या तालिबान आतंकवाद से जंग लड़ रहा है

**राजेश कुमार पासी**

डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ लेने से पहले एक रैली में तालिबान को कहा है कि वो अमेरिकी हथियार और सैनिक उपकरण अमेरिका को लौटा दे । वास्तव में 2021 में जब अमेरिकी सेना अफगानिस्तान को छोड़कर चली गई थी तो अपने पीछे कई बिलियन डॉलर के आधुनिक हथियार और सैनिक उपकरण छोड़ गई थी जो अफगानिस्तान पर तालिबान का नियंत्रण होने के बाद उसके कब्जे में चले गए थे। अब डोनाल्ड ट्रंप इन्हीं हथियारों को तालिबान से वापिस मांग रहे हैं । इस संबंध में अमेरिकी उद्योगपति एलेन मस्क भी सवाल उठा चुके हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी दी है कि अगर तालिबान अमेरिका को उसके हथियार वापिस नहीं करता है तो ट्रम्प अफगानिस्तान को दी जा रही अमेरिकी वित्तीय मदद में कटौती कर देंगे । उनका कहना है कि अमेरिका अफगानिस्तान को कई बिलियन डॉलर की मदद कर रहा है लेकिन तालिबान ने अभी तक उनके हथियार वापिस नहीं किये हैं। यहां सवाल यह उठता है कि जो बाइडेन की सरकार के समय यह हथियार अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना ही छोड़कर चली गई थी लेकिन उन्होंने इन हथियारों को वापिस करने की मांग क्यों नहीं की । सुरक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि किसी विशेष रणनीति के तहत ही अमेरिकी प्रशासन ने अमेरिकी सेना को अपने हथियार छोड़कर आने को कहा होगा, इसलिए बाइडेन सरकार ने कभी भी तालिबान से इन हथियारों को वापिस करने के लिए नहीं कहा । देखा जाए तो डोनाल्ड ट्रंप बाइडेन सरकार द्वारा किये गए ज्यादातर फैसलों को पलटने में लगे हुए हैं, तालिबान से अमेरिकी हथियारों की वापिसी की मांग भी उसी मुहिम का हिस्सा लगती है। डोनाल्ड ट्रंप की इस मांग पर अब तालिबान की प्रतिक्रिया आ गयी है और उसने कहा है कि वो इन हथियारों और उपकरणों को वापिस नहीं करेगा बल्कि इसके विपरीत उसकी ट्रम्प प्रशासन से मांग है कि उसे और हथियार और सैनिक उपकरण प्रदान किये जायें। इसके अलावा तालिबान अमेरिका द्वारा अफगानिस्तान की जब्त की गई विदेशी मुद्रा भी मांग रहा है। वैसे देखा जाए तो अगर तालिबान अमेरिकी हथियारों को वापिस कर देता है तो वो एक प्रकार से निहत्था हो जाएगा । एक विद्रोही संगठन के रूप में उसके पास हथियार हैं लेकिन एक देश की सरकार के रूप में उसको जो हथियार चाहिए वो अमेरिकी हथियार और सैनिक उपकरण ही हैं । तालिबान अपनी सैन्य परेड में इन्हीं अमेरिकी हथियारों का प्रदर्शन करता है, इसके अलावा उसके पास प्रदर्शन करने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है। तालिबान ने हथियार वापिस न करने की वजह का खुलासा करते हुए कहा है कि उसे इस्लामिक स्टेट खुरासान जैसे खतरनाक आतंकवादी संगठन से लड़ने के लिए इन हथियारों की जरूरत है। उसका कहना है कि वही एक देश है जो इस समय इस्लामिक स्टेट से लड़ रहा है । उसे इस लड़ाई में अमेरिका की मदद चाहिए । इस संबंध में तालिबान सरकार के सुरक्षा मामलों के केंद्रीय आयोग ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित की है । इसमें कहा गया है कि दुनिया भर से इस्लामिक स्टेट खुरासान के आतंकवादी पाकिस्तान आ रहे हैं जिन्हें पाकिस्तान प्रशिक्षित करके दुनियाभर में भेज रहा है। तालिबान का कहना है कि वो अपने देश से ऐसे आतंकवादियों को मारकर भगा देता है लेकिन ये लोग पाकिस्तान में जाकर फिर संगठित हो जाते हैं। पाकिस्तान ने बलोचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा के इलाकों में अपने प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किये हुए हैं, जहां इन आतंकवादियों को ट्रेंड किया जा रहा है। तालिबान का कहना है कि पाकिस्तान में बैठे संगठन पूरी दुनिया में आतंकवाद का प्रचार कर रहे हैं और इस प्रचार के माध्यम से आतंकवादी भर्ती किये जा रहे हैं और फिर उन्हें पाकिस्तान लाया जा रहा है । ये ट्रेंड आतंकवादी इसके बाद एशिया और यूरोप के देशों में भेज दिए जाते हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि ये आतंकवादी कराची और लाहौर के एयरपोर्ट पर आते हैं और फिर यहीं से वापिस चले जाते हैं। तालिबान का कहना है कि ये आतंकवादी सिर्फ इस क्षेत्र में ही अपनी कार्यवाहियां नहीं करेंगे बल्कि ये पूरी दुनिया में आतंकवादी कार्यवाहियों को अंजाम दे सकते हैं। तालिबान का कहना है कि अफगानिस्तान इन आतंकवादियों के पहले निशाने पर है लेकिन हमने यहां शांति स्थापित की हुई है । हम इनसे लड़ रहे हैं और दुनिया को डरने की जरूरत नहीं है। ये आतंकवादी अफगानिस्तान में विदेशी निवेश को रोकने की कोशिश कर रहे हैं । पिछले 12 महीनों में इन्होंने कई हमले किये हैं लेकिन हमने इन्हें रोक दिया है। हमने इनमें से कई आतंकवादियों को खत्म भी कर दिया है। तालिबान का कहना है कि अफगानिस्तान के लोग इस आतंकवाद में शामिल नहीं हैं, इसमें ज्यादातर लोग पाकिस्तान या ताजिकिस्तान से हैं ।

# भगवान विष्णु को मिला ये श्राप बन गया महाकुंभ की वजह



महाकुंभ का पवित्र स्नान व्यक्ति के कई कष्टों को दूर करने वाला माना जाता है। प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत 13 जनवरी से हो चुकी है और 26 फरवरी तक महाकुंभ लगेगा। महाकुंभ को लेकर यह कथा प्रचलित है कि समुद्र मंथन से निकले अमृत की बूंदें धरती पर चार स्थानों पर गिरी थीं। इन चार स्थानों पर ही आज कुंभ का आयोजन किया जाता है। कुछ पौराणिक ग्रंथों के अनुसार, समुद्र मंथन का कारण भगवान विष्णु को समुद्र से मिला एक श्राप था। समुद्र देव का पुत्र पहुंचा विष्णु भगवान के पास

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, समुद्र देव का पुत्र शंख था। जिसे समुद्र के साथ ही पाताल और नागालोक से कर लेने की जिम्मेदारी समुद्र देव ने दी थी। एक बार उसे असुरों ने भगवान विष्णु के खिलाफ भड़काया। असुरों ने कहा कि तुम सब से कर लेते हो लेकिन विष्णु भगवान से कोई कर नहीं लेते, यह नियम के विरुद्ध है। असुर बोले कि भले ही विष्णु भगवान समुद्र से ऊपर क्षीर सागर में रहते हों लेकिन, उनका राज्य समुद्र के क्षेत्र से ज्यादा दूर नहीं है, इसलिए तुम्हें विष्णु भगवान से भी कर लेना चाहिए।

भगवान विष्णु से शंख ने की कर देने की मांग असुरों के बहकावे में आकर शंख विष्णु भगवान के पास कर लेने पहुंच गया। विष्णु भगवान ने शंख को समझाने की कोशिश की लेकिन उसने सुना भी अनसुना कर दिया और कर मांगने की जिद्द करने लगा। कर को लेकर चल रही इस बहस के दौरान शंख ने माता लक्ष्मी को लेकर ऐसे वचन कहे कि विष्णु भगवान ने अपनी गदा से शंख वध कर दिया। दरअसल शंख ने माता लक्ष्मी को लेकर भगवान विष्णु से कहा था कि, अगर कर नहीं दे सकते तो यह सुंदर स्त्री (देवी लक्ष्मी) मुझे दे दो। जिसके बाद क्रोध में आकर विष्णु भगवान ने शंख का वध कर दिया।

**समुद्र देव ने दिया श्राप**

जब समुद्र देव को पता चला कि विष्णु भगवान ने उनके पुत्र का वध कर दिया है, तो वो क्षीर सागर पहुंचे। भगवान विष्णु की पूरी बात सुने बिना ही उन्होंने श्राप दे दिया कि मेरे पुत्र का वध देवी लक्ष्मी के कारण हुआ है, इसलिए वो समुद्र में समा जाएंगे। इसके बाद लक्ष्मी जी समुद्र में समा गई।

**समुद्र मंथन**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, देवी लक्ष्मी की प्राप्ति के लिए भोलेनाथ के आदेश पर भगवान विष्णु ने समुद्र मंथन करवाया। इससे कई बहुमूल्य रत्न के साथ ही देवी लक्ष्मी का भी फिर से अवतरण हुआ और भगवान विष्णु ने उनसे विवाह किया।

**ऐसे जुड़ा महाकुंभ से नाता**

भगवान विष्णु को मिले श्राप के कारण ही समुद्र मंथन हुआ था। इसी से निकले अमृत को लेकर देवासुर संग्राम हुआ। युद्ध के दौरान अमृत कलश से छलकी बूंदें जहां गिरीं वहीं आज कुंभ का आयोजन किया जाता है। इसलिए कहीं न कहीं भगवान विष्णु को मिला श्राप भी महाकुंभ के आयोजन की एक वजह है।

# देवी गंगा ने क्यों मार दिए थे अपने ही 7 पुत्र




महाभारत के सबसे प्रमुख पात्रों में से एक भीष्म पितामह थे। वह महाराज शांतनु और देवी गंगा के पुत्र थे। भीष्म पितामह को अपने पिता शांतनु से इच्छा मृत्यु का वरदान प्राप्त हुआ था। जन्म के बाद उनका नाम देवव्रत रखा गया था। लेकिन जीवन भर विवाह न करने की प्रतिज्ञा की वजह से उनका नाम भीष्म पड़ गया। वह एक श्राप के कारण वह लंबे समय तक पृथ्वी पर रहे और अंत समय में उनको असहनीय कष्ट का सामना करना पड़ा था।

**शांतनु ने तोड़ा था वचन**

गंगा ने शांतनु से यह वचन लिया था कि वह उनके किसी भी कार्य में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। शांतनु को इस वचन से बांधने के बाद गंगा ने अपने सातों पुत्रों को नदी में प्रवाहित कर दिया और वह गंगा से कुछ नहीं बोल सके। जब देवी गंगा ने 8वें पुत्र के साथ भी ऐसा करने जा रही थीं, तो शांतनु ने उनको ऐसा करने से रोका और इसका कारण पूछा। तब मां गंगा ने शांतनु को जवाब देते हुए कहा कि वह अपने पुत्रों को ऋषि वशिष्ठ द्वारा बोले गए श्राप से मुक्त कर रही हूं। लेकिन 8वें पुत्र को इस श्राप से मुक्ति नहीं मिल सकी। बता दें कि यह बालक और कोई नहीं बल्कि भीष्म पितामह थे।

**मुक्त क्यों नहीं हो पाया 8वां पुत्र**

पौराणिक कथा के मुताबिक गंगा के 8 पुत्र पिछले जन्म में 8 वसु अवतार थे। जिनमें से द्यु नामक एक वसु ने अन्य के साथ मिलकर ऋषि वशिष्ठ की कामधेनु गाय को चुरा लिया था। इस बात का पता जब ऋषि को पता चली, तो वह बहुत क्रोधित हुए और उन्होंने गुस्से में आकर सभी को यह श्राप दिया कि वह सभी मृत्युलोक में मानव रूप में जन्म लेंगे। साथ ही इन सभी को कई तरह के कष्टों का सामना करना होगा।

ऐसे में उन सभी को अपनी गलती का एहसास हुआ, तो उन्होंने ऋषि वशिष्ठ से क्षमायाचना की। तब ऋषि वशिष्ठ ने कहा कि सातों वसु को मुक्ति मिल जाएगी, लेकिन द्यु को अपनी सजा का फल भोगना पड़ेगा। यही वजह है कि गंगा के 8वें पुत्र अर्थात भीष्म पितामह को इस श्राप से मुक्ति नहीं मिल सकी।

# दूसरे के जूते-चप्पल पहनने की न करें गलती

ज्योतिष शास्त्र में कई ऐसी आदतों के बारे में उल्लेख मिलता है, जो अक्सर लोगों में देखी जाती हैं। लेकिन हमें इन आदतों से बचना चाहिए। ऐसी ही एक आदत है कि कहीं आने-जाने के दौरान दूसरों की चप्पल पहन लेना।

बहुत सारे लोग ऐसा करते हैं कि वह कहीं बाहर जाते हैं तो किसी की भी चप्पल पहनकर निकल जाते हैं। या फिर घर में भी दूसरों के जूते-चप्पल पहनकर घूमते हैं। आपने भी कभी न कभी ऐसा जरूर किया होगा। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ज्योतिष शास्त्र में किसी अन्य के जूते-चप्पल पहनने के बार में काफी कुछ बताया गया है। जो आपको जरूर जानना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्या किसी और व्यक्ति के जूते-चप्पल पहनना ठीक है या नहीं और इसके पीछे क्या कारण है।

**किसी और के चप्पल-जूते पहनने चाहिए या नहीं**

ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक व्यक्ति जिस भी वस्तु का उपयोग करता है। इस वस्तु में व्यक्ति की ऊर्जा समाहित हो जाती है। जब उसी व्यक्ति द्वारा उपयोग की गई चीज का इस्तेमाल कोई और करता है, तो वह ऊर्जा उस पर भी हावी होने लगती है। यह एनर्जी पॉजिटिव और निगेटिव दोनों रूप में हो सकती है। लेकिन यह इस बात पर निर्भर करता है कि वह वस्तु कौन सी है।

अगर आप घर में कहीं भी बाहर आते-जाते समय किसी और के जूते-चप्पल पहनते हैं, तो यह गलत है। ऐसा न करें, क्योंकि व्यक्ति के शरीर से सबसे पहले जहां से निगेटिव एनर्जी निकलती है, वह पैर ही हैं।

ऐसे में जब आप किसी और के जूते-चप्पल पहनते हैं, तो उसकी निगेटिव एनर्जी जूते-चप्पल के जरिए आपके अंदर प्रवेश कर जाती है। यह निगेटिव एनर्जी आपको परेशान करती है।

इसके अलावा पैरों में शनि का वास माना गया है। ऐसे में अगर आप किसी और के जूते-चप्पल पहनते हैं, तो शनि की शुभता तो जिसके जूते-चप्पल हैं। उस व्यक्ति को मिलती है। लेकिन शनि का अशुभ प्रभाव उस व्यक्ति पर पड़ता है। जिसने किसी अन्य व्यक्ति के जूते-चप्पल पहने होते हैं। बता दें कि किसी और के जूते-चप्पल पहनने से कुंडली में शनि की स्थिति कमजोर होने लगती है।

# इंदौर के इस मंदिर में मां पार्वती की प्रतिमा बदलती है तीन रूप



हिंदू धर्म में मां पार्वती की महिमा का विशेष वर्णन मिलता है। माना जाता है कि मां पार्वती के साथ भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति के जीवन में आने वाली सभी परेशानियां दूर होती हैं। व्यक्ति के जीवन में खुशियों और सुख-समृद्धि का आगमन होता है। मां पार्वती की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए कई भक्त मंदिरों में दर्शन के लिए आते हैं। देशभर में मां पार्वती को समर्पित ऐसे कई मंदिर हैं, जो किसी न किसी रहस्य के कारण फेमस हैं।

बता दें कि मां पार्वती को समर्पित एक ऐसा ही मंदिर मध्यप्रदेश के इंदौर में भी है। यहां पर भक्तों द्वारा मांगी गई सभी मनोकामनाएं जरूर पूरी होती हैं। इस मंदिर का नाम पार्वती मंदिर है और यह करीब 500 साल पुराना है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस मंदिर के इतिहास और इससे जुड़े कुछ रोचक तथ्यों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**जानिए मंदिर की मान्यता**

बता दें कि यह मंदिर इंदौर से 50 किलोमीटर दूर विंध्याचल पर्वत 3000 फीट ऊंची पहाड़ी पर स्थित है। इसके चारों तरफ घना जंगल है। वहीं मंदिर की मान्यता काफी दूर-दूर तक फैली है। भक्तों को इस मंदिर में मां पार्वती के अलग-अलग रूप में दर्शन करने का सौभाग्य मिलता है। इस मंदिर में मां पार्वती को असुर महिषासुर का वध करते दिखाया गया है। माना जाता है कि जो भी भक्त इस मंदिर में सच्चे मन से जो भी मुराद मांगते हैं, उनकी मनोकामना जरूर पूरी होती है।

**बहुत पुराना है इस मंदिर का इतिहास**

धार्मिक मान्यता के मुताबिक राजा इंद्र ने इस मूर्ति की स्थापना की थी। यह प्रतिमा अष्टभुजाधारी है और पांच फीट ऊंची है। इस मंदिर का इतिहास करीब 500 साल पुराना है और यह मंदिर जाम खुर्द गांव में है। मां पार्वती को समर्पित यह मंदिर परिसर एक हेक्टेयर से अधिक फैला हुआ है। बताया जाता है कि मंदिर में स्थापित मां पार्वती की प्रतिमा तीन रूप बदलती है। वहीं नवरात्रि के मौके पर इस मंदिर में खास रौनक देखने को मिलती है, यहां पर भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।

**ऐसे पहुचें पार्वती माता मंदिर**

अगर आप भी मां पार्वती के इस मंदिर में जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आप इंदौर से बड़गोंदा और मेण के मार्ग से यहां तक बड़ी आसानी से पहुंच सकते हैं।

# महाभारत युद्ध के बाद कहां चले गए धृतराष्ट्र की आंखें बनने वाले संजय?



महाभारत के प्रमुख पात्रों में से एक रहे हैं, जो हस्तिनापुर के राजा धृतराष्ट्र के सलाहकार और सारथी भी थे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद आखिर संजय कहां गए और किस तरह अपना जीवन जिया? आज हम आपको इसी के बारे में बताने जा रहे हैं।

**कहां गए संजय**

महाभारत के युद्ध में पांडवों की जीत हुई थी। कहा जाता है कि युद्ध की समाप्ति के बाद संजय काफी समय तक युधिष्ठिर के राज्य में रहे थे। यह भी माना जाता है कि जब महाराज धृतराष्ट्र, उनकी पत्नी गांधारी और पांडवों की माता कुंती ने संन्यास लिया, तो संजय ने भी उन तीनों के साथ संन्यास ले लिया। यह भी कहा जाता है कि धृतराष्ट्र की मृत्यु होने के बाद संजय हिमालय में जाकर रहने लगे। संजय हमेशा धर्म का साथ देते थे और बेहद विनम्र और धार्मिक स्वभाव के थे। वह महाराज धृतराष्ट्र के सामने भी अपनी बात कहने में नहीं हिचकिचाते थे, चाहे वह बात राजा के विरोध में ही क्यों न हो। संजय, वेदव्यास के शिष्य थे, जिन्होंने उन्हें दिव्य दृष्टि का वरदान दिया था। महाभारत की युद्ध भूमि में जब भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को अपने विराट स्वरूप के दर्शन दिए, तो इस दर्शन का लाभ संजय को भी मिला।

महाराज धृतराष्ट्र ने महाभारत के युद्ध को टालने के लिए संजय को ही पांडवों के पास समझाने के लिए भेजा था। लेकिन संजय यह जानते थे कि अब युद्ध नहीं टाला जा सकता। जब चौसर के खेल में हारने के बाद पांडवों को वनवास का सामना करना पड़ा, तब भी संजय ने धृतराष्ट्र को यह चेतावनी दी थी कि 'हे राजन! कुरु वंश का नाश अब निश्चित है, लेकिन इस युद्ध में प्रजा की भी भारी हानि होने वाली है।

# नारायण कवच का पाठ करने से दूर होंगे सारे संकट



हिंदू धर्म में मंत्रों, स्तोत्र और कवच के पाठ करने के विशेष महत्व बताया गया है। बताया जाता है कि अगर सही समय पर इनका पाठ किया जाता है, तो व्यक्ति को उत्तम फल की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही व्यक्ति के सुख-सौभाग्य में वृद्धि होती है। नारायण कवच के पाठ के बारे में कहा जाता है कि यह कवच साक्षात श्रीहरि विष्णु का कवच रूपी पाठ है। इस कवच का पाठ करने से जातक को कष्टों और आर्थिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है।

इसलिए सभी कवच में नारायण कवच को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इस कवच को ब्रह्मास्त्र के समान माना जाता है। ऐसे में अगर आप रोजाना नारायण कवच का पाठ करते हैं, तो आपको भगवान श्रीहरि विष्णु की कृपा प्राप्त हो सकती है। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए बताने जा रहे हैं कि नारायण कवच का पाठ किस दिन करने से उत्तम फलों की प्राप्ति हो सकती है।

**गुरुवार को करें नारायण कवच का पाठ**

अगर आप भी नारायण कवच का पाठ कर रहे हैं, तो इस कवच का पाठ गुरुवार से शुरू करना चाहिए। धार्मिक मान्यता है कि गुरुवार का दिन जगत के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु को समर्पित होता है। ऐसे में गुरुवार के दिन नारायण कवच का पाठ करने से जातक को उत्तम फलों की प्राप्ति होती है। साथ ही जीवन में आने वाली सभी समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है। नारायण कवच का पाठ करने से व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की बुराइयों से बचाता है।

इसका कवच का नियमित रूप से पाठ करने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और मन शांत रहता है। नारायण कवच का पाठ करने से जीवन में सुख आता है और यह कवच स्वयं नारायण का है। इसलिए जो भी जातक इस कवच का नियमित पाठ करते हैं, वह जीवन में हमेशा सुरक्षित महसूस करते हैं और उनके सुख-सौभाग्य में वृद्धि होती है।

**महत्व-** नारायण कवच का पाठ करने से जातक को सभी कार्यों में सफलता मिलती है और व्यक्ति को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस कवच का पाठ करने से व्यक्ति की आध्यात्मिक वृद्धि होती है। बताया जाता है कि अगर आपको ऐसा लग रही है कि उम्मीद के सभी दरवाजे बंद हो गए हैं, तो नारायण कवच का पाठ जरूर करना चाहिए।

# छावा के लिए विक्की कौशल ने बढ़ाया 25 किलो वजन, घुड़सवारी करना भी सीखा



विक्की कौशल सर्जिकल स्ट्राइक के बाद 'छावा' फिल्म का हिस्सा बनने के लिए तैयार हो गए थे। इस ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म में विक्की ने छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाया। हाल ही में छावा के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में विक्की कौशल ने फिल्म के लिए अपने किरदार की तैयारी की लेकर कुछ बातें कही हैं।

**विक्की कौशल ने कई ये बात**

विक्की कौशल ने बताया कि वे बहुत समय से एक एक्शन फिल्म करना चाहते थे। उन्होंने फिल्म 'छावा' के लिए 25 किलो वजन बढ़ाया। उन्होंने बताया, "मैंने जो आखिरी एक्शन फिल्म की थी, वह उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक थी। तब से, मैं फिर से एक्शन करने के अवसर के लिए तरस रहा हूं। मुझे नहीं पता था कि वे मुझे घोड़े पर बिठाएंगे और तलवार चलाने को कहेंगे। लेकिन सब कुछ नया था। मैं घुड़सवारी नहीं जानता था, इसलिए मैंने इसके लिए प्रशिक्षण लिया, साथ ही तलवारबाजी और भाला युद्ध भी किया- हर चीज में 6-7 महीने तक उचित प्रशिक्षण शामिल था। फिर वजन बढ़ा- मैं 80 किलो से 105 किलो हो गया।"

**स्टंट सीन के बारे में बताई बात**

विक्की कौशल ने कहा, मैंने कई महीनों तक एक्शन ट्रेनिंग और सीक्वेंस की प्रैक्टिस की। एक्शन कोरियोग्राफर परवेज सर और उनकी टीम ने हमारा साथ दिया। टीजर में जा एक्शन दिखाया गया है वो करीब दो हजार लोगों की टीम ने कड़ी धूप में शूट किया है। इसमें 500 स्टंटमैन शामिल थे।

**इस दिन रिलीज होगी 'छावा'**

विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना अभिनीत फिल्म 'छावा' पहले पुष्पा 2 के साथ दिसंबर 2024 में रिलीज होने वाली थी। मेकर्स ने इसके बाद फिल्म की रिलीज की तारीख को फरवरी महीने में शिफ्ट कर दिया गया। इस फिल्म को अब 14 फरवरी को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज किया जाएगा। फिल्म के तीनों मुख्य किरदारों के लुक्स भी सामने आ चुके हैं।

# नैगेटिव किरदार आजादी' देते हैं कुछ नया करने की : रेवा कौरसे



रेवा को धारावाहिक 'प्यार का पहला अध्याय : शिव शक्ति' में निभाए किरदार के लिए भी जाना जाता है। वह इस बात पर भी जोर देती है कि मनोरंजन का क्षेत्र अनिश्चितताओं से भरा है, लेकिन साथ ही साथ यह फायदेमंद भी है। अगर काम के प्रति जुनून है, तो आसमान ही सीमा है। धारावाहिक'दीवानियत' में अलीशा का किरदार निभाने वाली रेवा कौरसे ने बताया कि नकारात्मक भूमिकाएं आपको कुछ नया करने का मौका देती हैं। रेवा ने कहा, एक कलाकार के तौर पर अलीशा का किरदार निभाना मेरे लिए एक रोमांचक अनुभव रहा। वह कई परतों वाली एक जटिल भूमिका है और उसके स्याह पक्ष को तलाशना चुनौतीपूर्ण और फायदेमंद दोनों ही रहा। नकारात्मक भूमिकाएं आपको भावनाओं के साथ प्रयोग करने की स्वतंत्रता देती हैं, जो आमतौर पर सकारात्मक किरदारों में नहीं होती।

रेवा के रोल अलीशा को काफी पसंद किया जा रहा है। कई मोड़ उसके किरदार में आ रहे हैं। उसने अपने किरदार को दिलचस्प बताते हुए कहा, मैंने अलीशा के किरदार के साथ बहुत कुछ सीखा है और इससे एक कलाकार के रूप में मुझमें काफी निखार आया। मैं दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिए आभारी हूं और उम्मीद करती हूं कि कहानी के आगे बढ़ने के साथ-साथ वे शो को समर्थन देते रहेंगे। नायक देव के प्रति अलीशा का जुनून एक गहरी भावनात्मक उथल-पुथल से उपजा है और मैं उसकी यात्रा को पूरी ईमानदारी से निभा रही हूं।

'दीवानियत' की कहानी दो युवाओं के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनके बीच प्रेम का रिश्ता है मगर उनके परिवारों के बीच झगड़ा या आपसी मनमुटाव है।

स्वस्थ कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखने में विश्वास रखने वाली रेवा कहती है, जब मैं सैट छोड़ती हूं, तो मैं संतुलन बनाए रखने के लिए किरदार से दूर रहने और खुद को अलग करने की कोशिश करती हूं। यह अलगाव होना बहुत जरूरी है, जिससे मैं अपनी ऑन- स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन जिंदगी में एक नया नजरिया ला सकूं।

जहां मैं मेकअप करती हूं, वह एक निजी आश्रय की तरह है जहां जादुई बदलाव होता है। मैं आमतौर पर लुक में ढलने में लगभग एक से डेढ़ घंटा लेती हूं जिसके लिए प्रतिभाशाली मेकअप कलाकारों के साथ मिल कर काम करना होता है। यह हंसी, रचनात्मकता और कभी-कभी कुछ त्वरित रिहर्सल से भरा स्थान है। सैट पर मेरे पसंदीदा शगल के लिए, मुझे अक्सर ब्रेक के दौरान अपने सह-कलाकारों के साथ जुड़ कर खुशी मिलती है।

# बॉडी शेमिंग को लेकर झेल चुकी हूं बातों के 'घाव' : अनन्या पांडे



अपना मुंह खोलने से पहले इंसान को सौ बार सोचना चाहिए, क्योंकि वक्त बीत जाता है, लेकिन बातें याद रह जाती हैं। बॉडी शेमिंग का शिकार हो चुकी अनन्या पांडे भी लोगों द्वारा कही गई बातों को आज तक नहीं भूल पाई है। इस बात का खुलासा एक इंटरव्यू में करते हुए अनन्या ने बताया कि स्कूल में उसे अलग-अलग नामों से बुलाया जाता था और यह बात उसे बहुत बुरी लगती थी। उसने कहा, मैंने अपने जीवन में बहुत कुछ सुना है। मैं अपनी बॉडी को लेकर हमेशा बहुत ज्यादा इनसिक्योर भी रहती हूं। ऐसा मेरे साथ बचपन से है।

जब मैं स्कूल में पढ़ती थी तो लोग कहते थे कि तुम्हारे पैर बिल्कुल टूथपिक की तरह हैं, जैसे चूजे के होते हैं और तुम फ्लैट स्क्रीन टी. वी. हो। लोगों के शब्द आप पर बहुत ज्यादा असर डालते हैं। आज भी मुझे याद है कि लोगों ने मुझे तब क्या कहा था।

अनन्या को सोशल मीडिया पर अब भी अक्सर किसी न किसी बात को लेकर ट्रोल किया जाता रहता है। ट्रोलिंग के कारण उसे करियर की शुरूआत में ही सहायता लेनी पड़ गई थी।

करियर की शुरूआत में किसी ने मेरा फेक इंस्टाग्राम अकाउंट बना दिया था और वह उस पर लिखते थे कि वे मेरे साथ स्कूल में थे और मेरी एजुकेशन को लेकर भी झूठ बोलते थे। पहले मुझे लगा था कि कोई इस पर विश्वास नहीं करेगा लेकिन लोगों ने इस पर विश्वास कर लिया। कभी-कभी तो मन करता था कि मैं सोशल मीडिया पर ही नहीं रहूं।

अनन्या ने कहा, पहले लोग सोशल मीडिया पर इतने एक्टिव नहीं थे लेकिन अब सोशल मीडिया की वजह से छोटी से छोटी बात को दुनिया भर में फैलाया जा सकता है। यह बहुत ही डरावना है। मैंने थैरेपी भी ली है जो मुझे करियर की शुरूआत में ही लेनी पड़ गई थी। उस समय मैं काफी निराश महसूस करती थी।

महिलाओं को हमेशा ही बुरे वक्त का सामना करना पड़ा है महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों तथा सिनेमा जगत में उनके साथ होने वाले बर्ताव पर किए एक सवाल पर अनन्या ने कहा कि जागरूकता बढ़ाना जरूरी है लेकिन समाज में वास्तविक बदलाव लाने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

उसने कहा, महिलाओं ने हमेशा बुरे वक्त का सामना किया है, अब हम इसके बारे में काफी कुछ बोल रही हैं।

अनन्या ने कहा, खासतौर पर कानून के जरिए व्यवस्थागत बदलाव की जरूरत है। सबसे महत्वपूर्ण कदम कानून में बदलाव लाना है और सरकार इसमें कई बदलाव कर रही है। यह काफी अच्छा है कि महिलाएं फिल्म उद्योग में असमानता के बारे में बात कर रही हैं।

**अनन्या का करियर**

अनन्या ने वर्ष 2016 में फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वह अब तक 'पति पत्नी और वह' 'खाली पीली', 'गहराइयां', 'लाइगर', 'ड्रीम गर्ल 2', 'खो गए हम कहां', 'सी.टी.आर.एल.' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी है।

अनन्या की हालिया फिल्मों तथा वैब सीरीज की बात करें तो वह पिछली बार वैब सीरीज 'कॉल मी बे' में नजर आई थी। अब वह इसी शो के दूसरे सीजन की शूटिंग कर रही है। गत वर्ष उसने फिल्म 'बैड न्यूज' तथा 'खेल खेल में' स्पैशल अपीयरेंस की थी। उसकी अगली फिल्म 'शंकरा' है।

खबर है कि सुपरहिट फिल्म 'गली ब्वॉय' का सीक्वेल आ सकता है, जिसमें इस बार आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की जोड़ी नजर नहीं आएगी।

# नई चुनौतियों के लिए तैयार मानुषी छिल्लर



वह एक डांस वीडियो पोस्ट करने की योजना बना रही है, जिससे वह कम्फर्ट जोन से बाहर आ सके और शारीरिक रूप से मजबूत बनने पर ध्यान केंद्रित कर सके।

'मिस वर्ल्ड' का ताज पहनकर देश का गौरव बन चुकी मानुषी छिल्लर ने 'यशराज बैनर की ऐतिहासिक कहानी पर बनी फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इसके बाद वह 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' ऑपरेशन वैलेंटाइन', 'बड़े मियां छोटे मियां' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी है। इस वर्ष यह फिल्म 'तेहरान' में नजर आने के अलावा और भी कई कामों में व्यस्त रहने वाली है।

**वर्ष 2025 के लक्ष्य**

मानुषी ने उत्साहपूर्वक बताया कि उसने नए वर्ष के लिए अपने लक्ष्यों की रूपरेखा भी तैयार कर रखी है। इनमें एक रोमांचक फिल्म रिलीज, एक नया प्रोजैक्ट और एक नया खेल सीखने का उसका लक्ष्य शामिल है, जो विकास और नई चुनौतियों के प्रति उसके जुनून को दर्शाता है।

वह खुद को अपने इसके अलावा, वह एक डांस वीडियो पोस्ट करने कम्फर्ट जोन से बाहर ले जा सके और शारीरिक रूप से मजबूत बनने पर ध्यान केंद्रित कर सके। चाकराएं करना भी उसके एजेंडे में है, क्योंकि वह अपने परिवार के साथ नए स्थानों की यात्रा करने की उम्मीद कर रही है, जिसमें रोमांच, फैशन और अपने प्रशंसकों के लिए प्रेरणा का संगम होगा। जाहिर है कि इतनी सारी योजनाओं के साथ वर्ष 2025 मानुषी जिगर के लिए एक और महत्वपूर्ण वर्ष होने का वादा करता है।

**2025 के लिए लिया आशीर्वाद**

मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में बप्पा दर्शन के साथ प्रानुषी ने 2025 की शुरुआत की थी। उसने गणपति अप्पा से आने वाले समृद्ध और सफल वर्ष के लिए निशा और श्रद्धा के साथ आशीर्वाद प्राप्त किया। मानुषी की सिद्धिविनायक मंदिर की यात्रा जमीन से जुड़े रहने की उसकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। उसका कहना है कि अपनी आंतरिक शक्ति और समर्पण के साथ, वह 2025 में सब कुछ अपनाने के लिए तैयार है।

**कहां से मिली फिल्म इंडस्ट्री में आने की प्रेरणा**

मुझे अपने जीवन में सही समय पर सही मंच और सही अवसर मिले और इसका श्रेय मैं ब्यूटी कॉन्टेस्ट 'मिस वर्ल्ड' की जीत को देती हूं। इसके साथ-साथ बचपन से ही मुझे हमेशा स्टेज पर रहना अच्छा लगता था लेकिन चूंकि मैं डॉक्टरों के परिवार से हूं और मैं फिल्म इंडस्ट्री से बहुत दूर एक अलग ही दुनिया में पली-बढ़ी हूं, इसलिए मैंने हमेशा इसे एक शौक के रूप में देखा और कभी नहीं सोचा था कि मैं इसमें अपना करियर बनाऊंगी।

यह सच, कि मैं अभी अभिनय कर रही हूं, अवास्तविक है। मुझे लगता है कि यह अद्भुत है। मैं इस समय हर पल का आनंद लेती हूं और मेरी सोच है कि जीवन वही है जैसा आप उसे बनाते हैं, चिकित्सा से लेकर ब्यूटी कॉन्टेस्ट और अब अभिनय तक।

मुझे लगता है कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि अपने जीवन में इन अवसरों को हासिल कर सकी। मैं खुद को बेहतर बनाने और यह सुनिश्चित करने के लिए केंद्रित और समर्पित हूं कि मैं अपने हर काम के दौरान अपनी ओर से हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूं।

इस नए करियर पथ का सबसे संतोषजनक पहलू यह है कि हर भूमिका के साथ आप दर्शकों को बेहतर ढंग से समझाने लगते हैं। हर रिलीज के साथ, आप अपने प्रशंसकों के साथ-साथ लोगों को बेहतर ढंग से समझते हैं। साथ ही गुजरते वक्त के साथ आप खुद को भी बेहतर ढंग से जानने लगते हैंः बहुत सारी आत्म- खोज होती है और फिल्म निर्माण की यह पूरी प्रक्रिया कुछ ऐसी है कि इससे मुझे प्यार हो गया है। लोगों की नजरों में रहने वाली सैलीब्रिटी होने के बीच खुद को जमीन से कैसे जुड़ा रख पाती हैं।

मुझे लगता है कि इसका सचसे बड़ा कारण यह है कि मैं अपने परिवार के साथ रहती हूं। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि जब मैं 'मिस वर्ल्ड' बनी तो मेरा परिवार मेरे साथ मुंबई जाने के लिए सहमत हो गया क्योंकि मैं फिल्मों में अपना करियर बनाने जा रही थी। जैसे ही मेरा दिन खत्म होता है और मैं एक सैलीब्रिटी के रूप में थक जाती हूं, मैं घर पर लौटती हूं और मुझे वास्तविकता में आपस ले आते हैं।

वे मुझे हमेशा याद दिलाते हैं कि मैं कहां से आई हूं, यह बहुत महत्वपूर्ण है। चाहे आप कितनी भी ऊंचाई पर क्यों न पहुंच जाएं, अपनी जड़ों को न भूलें। साथ ही, खुद को यह याद दिलाना भी महत्वपूर्ण है कि हमारे पेशे में, प्रसिद्धि हमारे काम का एक हिस्सा भर है, जो बहुत प्यारा है। आपको लोगों से बहुत प्यार मिलता है, और मुझे लगता है कि मैं भाग्यशाली हूं।

# एयरफोर्स की वर्दी पहनना गर्व की बात : अक्षय कुमार



अभिनेता अक्षय कुमार जल्द ही अपनी फिल्म 'स्काई फोर्स' में नजर आने वाले हैं। अक्षय की इस फिल्म को लेकर कई जगह प्रमोशन चल रहे हैं। अब फिल्म रिलीज के एक दिन पहले अक्षय कुमार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर की है।

अक्षय कुमार ने अपनी पोस्ट में लिखा कि वे अब तक 150 से ज्यादा फिल्मों का हिस्सा रह चुके हैं। यह कहानी एक सच्ची स्टोरी पर बनी है। ऐसी कहानियों में बहुत ताकत होती है। उन्होंने कहा कि एयरफोर्स की वर्दी पहनना बहुत अविश्वसनीय होता है। साथ ही गर्व भी महसूस होता है। स्काई फोर्स सम्मान, साहस और देशभक्ति की कहानी है। इसे जरूर देखना चाहिए।

फिल्म का निर्देशन अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने किया है। स्काई फोर्स 1965 के भारत पाकिस्तान हवाई युद्ध के दौरान पाकिस्तान के सरगोधा एयरबेस पर भारत जवाबी हमले की कहानी है। स्काई फोर्स 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में निमरत कौर और सारा अली खान भी नजर आने वाली हैं।

फिल्म को लेकर वीर पहाड़िया ने कहा, यह एक बहुत ही गंभीर किरदार है। और मेरी एकमात्र इच्छा है कि यह लक्ष्य फिल्म की तरह काम करे... जब यह फिल्म आई थी, तो इसने 20 साल तक लोगों को सेना में शामिल होने और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को अक्षय कुमार, वीर पहाड़िया की फिल्म स्काई फोर्स की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल हुए। उनके साथ सीडीएस जनरल अनिल चौहान और अन्य अधिकारियों ने भी फिल्म देखी। उन्होंने फिल्म की स्टारकास्ट को भी तस्वीरें अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट में शेयर किया।

# इस ट्रिक को फॉलो कर बुरे वक्त से कैसे निकलीं सामंथा

## फैंस को दी सलाह; बोलीं- बताइएगा कैसा महसूस हुआ



साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने अपनी कुछ टिप्स शेयर की हैं, जिन्होंने उन्हें जीवन की परेशानियों से निपटने में मदद की। सामंथा अपने तलाक और फिर बीमारी को लेकर काफी चर्चा में रही हैं। हाल ही में सामंथा को सिटाडेल हनी बनी में देखा गया।

**इस टिप को करती हैं फॉलो**

सामंथा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इसमें उन्होंने बताया कि पिछले दो साल से एक छोटा सा रिचुअल या ट्रिक जरूर फॉलो करती हैं, जिसने उन्हें कुछ सबसे मुश्किल पलों से बाहर निकाला है।

**सामंथा ने दी फैंस को सलाह**

सामंथा ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि अगर आपको लिखना आता है और आपको लिखना पसंद है, तो हमेशा उन तीन चीजों के बारे में लिखें, जिसने आपको उस दिन खास बने रहने में मदद की। बस आपको ईमानदारी से काम करना चाहिए।

**खुद को कहें धन्यवाद**

अपने मन की बातें अपने दोस्त से कहें जो आपको सुनता है। कभी-कभी, अपने दिल में एक शांत ईधन्यवादई के साथ बैठना भी पर्याप्त होता है। यह छोटा सा अभ्यास आपको बेहतर महसूस करवाने में मदद करेगे। इसे आजमा के देखें, चीजें जरूर बदलेंगी सामंथा ने अपने फैंस से फीडबैक भी मांगा। उन्होंने कहा कि ऐसा करके देखें और मुझे बताएं कि आपको कैसा महसूस हुआ। साथ ही आज आप किस बात को सोच कर आभारी महसूस कर सकते हैं।

**सिटाडेल में नजर आईं सामंथा**

सामंथा रुथ प्रभु पिछले साल सिटाडेल हनी बनी में नजर आई। अभिनेत्री ने अपनी फिल्म को लेकर खूब सुर्खियां बटोरीं। वहीं, सामंथा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी बहुत चर्चा में रहीं। सामंथा की बीमारी को लेकर भी उनके सह कलाकार वरुण धवन ने बात की।





# राम गोपाल वर्मा को 3 महीने की सजा, 7 साल से चल रहा था केस



फिल्म निर्माता और निर्देशक राम गोपाल वर्मा को सात साल पुराने एक मामले में दोषी ठहराया गया है और 3 महीने जेल की सजा सुनाई गई है। मुंबई की अंधेरी मजिस्ट्रेट कोर्ट ने फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर राम गोपाल वर्मा को 3 महीने के कारावास की सजा सुनाई है। सुनवाई के दौरान हाजिर न होने की वजह से चेक बाउंस केस में कोर्ट ने रामगोपाल वर्मा के खिलाफ नॉन वारेंट इश्यू किया है। कोर्ट का ये फैसला उनके नए प्रोजेक्ट 'सिंडिकेट' की घोषणा के पहले आया है।

**7 साल पुराने मामले में राम गोपाल वर्मा को सजा**

राम गोपाल वर्मा मंगलवार को लगभग सात साल पुराने केस में सुनवाई के दौरान कोर्ट में हाजिर नहीं थे। कोर्ट ने सेक्शन 138 के तहत राम गोपाल वर्मा को आरोपी माना और इस मामले में शिकायतकर्ता को राम गोपाल की तरफ से 3.72 लाख मुआवजा देने का भी निर्देश दिया है।

**राम गोपाल वर्मा की सफल फिल्में**

2018 में फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा की कंपनी के खिलाफ मामला दायर किया गया था। राम गोपाल वर्मा कुछ सालों से वित्तीय संकट का सामना कर रहे हैं, क्योंकि उनकी फिल्में भी कुछ खास परफॉर्म नहीं कर पा रही हैं। इसके अलावा, उन्हें COVID-19 महामारी के दौरान अपना ऑफिस भी बेचना पड़ा था। इस मामले में, फिल्म निर्माता को व्यक्तिगत पहचान बॉन्ड भरने और 5,000 रुपये की नकद जमानत राशि का भुगतान करने के बाद जून 2022 में जमानत पर रिहा कर दिया गया था। राम गोपाल वर्मा सत्या, रंगीला , सरकार और कंपनी जैसी सफल फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।

राम गोपाल वर्मा को सजा सुनाते हुए मजिस्ट्रेट वाईपी पुजारी ने कहा, आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 428 के तहत सेट-ऑफ का कोई सवाल ही नहीं है क्योंकि आरोपी ने मुकदमे के दौरान हिरासत में कोई अवधि नहीं बिताई है।

# 'मनीषा कोईराला का उम्र को लेकर छलका दर्द, इंडस्ट्री की काली सच्चाई से उठाया पर्दा!



मनीषा कोईराला भले ही सोशल मीडिया पर काफी कम एक्टिव रहती हो लेकिन उनकी बातें अक्सर चर्चा में रहती हैं। इस वक्त उन्होने कुछ ऐसा कहा है जो कि शायद कई हीरोइनों को दर्द है। मनीषा ने साफ शब्दों में बताया है कि उम्र को लेकर उनको ताना दिया जाता है। 54 साल की मनीषा कोईराला इस दौरान एक इंटरव्यू दे रहीं थीं। इस दौरान उन्होने उम्रवाद को लेकर खुलकर बात की है किन बातों को लेकर बॉलीवुड में बवाल होता है।


**क्या बोलीं मनीषा ?**

मनीषा कोईराला का कहना था कि, चाहे वो इंडस्ट्री हो या फिर कुछ और.. उम्र को लेकर हमेशा महिलाओं को ही ट्रोल किया जाता है। मैने कभी किसी पुरुष के लिए नहीं सुना है कि वो बूढ़ा हो गया है। मुझे एक ग्रुप ने इसी बात को लेकर दरकिनार किया था। उन्होने ये भी कहा कि, अगर पुरुष कोस्टार उसी उम्र का होता है तो इतनी समस्या नहीं होती है लेकिन महिला अगर उम्र में ज्यादा है तो उसको ये सब झेलना पड़ता है। मनीषा कोईराला ने ये भी कहा कि उनके लिए बात बोली गई थी कि वो बुड्डी हो गई है।

जाहिर तौर वो ज्यादा उम्र के पुरुषों के साथ काम करना चाहती हैं लेकिन महिलाओं के साथ नहीं। मनीषा कोईराला ने कहा उम्र महज एक नंबर है इसके साथ किसी को नहीं रुकना चाहिए। मनीषा कोईराला इस वक्त किसी प्रोजेक्ट को लेकर बिजी नहीं है। फिल्म संजू में उन्होने शानदार किरदार किया था। इसके अलावा संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडी में उनके किरदार को काफी पसंद किया गया था। मनीषा कोईराला के फैंस उनको देखना पसंद करते हैं। एक्ट्रेस ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म सौदागर से की थी और इस फिल्म में उनके साथ की दिग्गज कलाकार थे।

# केजीएफ स्टार यश ने कभी चाय बेचकर रोजाना 50 रुपये कमाए, अब फिल्म के लिए ली 200 करोड़ की फीस

पैन इंडिया फिल्म 'केजीएफ' ने साउथ अभिनेता यश को भारत ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में पहचान दिलाई। वह इस फिल्म से पैन इंडिया पैन इंडिया स्टार भी बना दिया। 'केजीएफ' के बाद इसके दूसरे भाग ने तो दर्शकों के बीच यश की लोकप्रियता को आसमान तक पहुंचा दिया। दोनों फिल्मों ने कुल मिलाकर 1500 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की, जो अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कन्नड़ फिल्मों में से एक है। इस सफलता ने यश को सुपरस्टार के रूप में स्थापित किया, लेकिन यहां तक पहुंचना यश के लिए आसान नहीं था। एक साधारण बस ड्राइवर के बेटे के रूप में शुरुआत करने वाले यश ने सफलता के लिए लंबा सफर तय किया।



**सपना पूरा करने के लिए छोड़ा घर**

जब यश की उम्र सिर्फ 16 साल थी, तब उन्होंने अपने माता-पिता को घर छोड़ने और सिनेमा में अपना सपना पूरा करने के लिए मना लिया था। उन्हें एक कन्नड़ फिल्म में सहायक निर्देशक के तौर पर काम पर रखा गया था। हालांकि, बैंगलोर पहुंचने के दो दिन बाद ही इस प्रोजेक्ट को बंद कर दिया गया। इस बारे में बात करते हुए अभिनेता ने कहा, 'मैं अपने घर से भाग गया। जब मैं बेंगलुरु आया तो मैं पहुंचते ही डर गया। इतना बड़ा, डराने वाला शहर, लेकिन मैं हमेशा से ही एक आत्मविश्वासी लड़का था। मैं संघर्ष करने से नहीं डरता था। जब मैं बेंगलुरु पहुंचे, तो मेरी जेब में सिर्फ 300 रुपये थे। मुझे पता था कि अगर मैं वापस गया तो मेरे माता-पिता मुझे कभी यहां वापस नहीं आने देंगे।'

**ऐसे शुरू हुआ यश का फिल्मी सफर**

यश के पास सिर्फ 300 रुपये थे और वह बेनका ड्रामा ट्रूप में शामिल हो गए। यहां वह बैकस्टेज हैंड के तौर पर काम करते थे। यहां वह चाय परोसने जैसे छोटे-मोटे काम करते थे और 50 रुपये प्रतिदिन कमाते थे। थिएटर में अपनी कला को निखारने के साथ-साथ यश ने कॉलेज में भी दाखिला लिया। आखिरकार, उन्हें टीवी सीरीज नंदा गोकुला में अभिनय का मौका मिला, जहां उनकी मुलाकात अभिनेत्री राधिका पंडित (अब पत्नी) से हुई। 2007 में, यश ने रॉकी (2008) में मुख्य भूमिका निभाने से पहले, जांबाडा हुडुगी में सहायक भूमिका के साथ फिल्मों में कदम रखा।

**कई हिट फिल्मों में काम कर चुके हैं यश**

आखिरकार यश को मोडालासाला में रोमांटिक कॉमेडी के साथ एक प्रमुख स्टार के रूप में सफलता मिली। अगले वर्ष उन्होंने किराटका की सफलता के साथ खुद को एक बैंकेबल स्टार के रूप में स्थापित किया। अगले कुछ वर्षों में उन्होंने मोगिना मनासु, ड्रामा, गुगली, मिस्टर एंड मिसेज रामचारी और मास्टरपीस जैसी हिट फिल्में दीं।

'केजीएफ' से मिला स्टारडम

2018 में यश ने केजीएफः चैप्टर 1 में अभिनय किया, जिसने 250 करोड़ की कमाई करके बॉक्स ऑफिस के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। यह अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कन्नड़ फिल्म थी। यह रिकॉर्ड चार साल तक कायम रहा। उसके बाद केजीएफः चैप्टर 2 ने 1250 करोड़ रुपये की शानदार कमाई करके इसे तोड़ दिया। यह फिल्म अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में से एक है और 1000 करोड़ रुपये से ज़्यादा की कमाई करने वाली इकलौती कन्नड़ फिल्म है।

**कन्नड़ सिनेमा से बाहर भी यश की दुनिया**

केजीएफ से मिले नेशनल स्टारडम ने यश को कन्नड़ सिनेमा से बाहर निकलने में मदद की। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें नितेश तिवारी की रामायण में रावण की भूमिका निभाने के लिए साइन किया गया था। रणबीर कपूर और साई पल्लवी अभिनीत यह फिल्म भारत की सबसे महंगी फिल्म बताई जा रही है। यश इस फिल्म के सह-निर्माता भी हैं और रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने फिल्म में शामिल होने के लिए 200 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं। किसी ऐसे व्यक्ति के लिए यह एक बड़ी यात्रा है, जो कभी 50 रुपये प्रतिदिन पर गुजारा करता था।

# कंगना रनौत कैसे बनीं बॉलीवुड 'क्वीन'

कंगना रनौत एक समय बॉक्स ऑफिस पर ऐतिहासिक हिट फिल्में देकर छाई हुई थीं। फिर भी, पिछले करीब एक दशक से उनकी कोई भी फिल्म हिट नहीं रही। उनकी हालिया रिलीज फिल्म इमरजेंसी भी बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई।

कंगना रनौत को एक समय हिंदी सिनेमा की सबसे बेहतरीन अभिनेत्री के रूप में जाना जाता था, लेकिन जब बॉक्स ऑफिस पर सफलता की बात आती है, तो उनके हाल ही में किए गए काम में बहुत बड़ा अंतर है। कंगना लगभग एक दशक से बॉक्स ऑफिस पर सफलता से दूर हैं। उनकी हालिया रिलीज इमरजेंसी भी इस चलन को तोड़ने में सक्षम नहीं हो पा रही है।

**जब कंगना थीं बॉलीवुड 'क्वीन'**

2011-15 तक इमरजेंसी अभिनेत्री ने कई फिल्मों में काम किया, जिसमें क्वीन, तनु वेड्स मनु और तनु वेड्स मनु रिटर्न्स के बीच उन्होंने तीन बार सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला प्रधान बॉलीवुड फिल्म का रिकॉर्ड तोड़ा। इन सभी फिल्मों में उनके साथ कोई बड़ा पुरुष कलाकार नहीं था फिर भी इन सभी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया।



**पिछले 10 सालों में कंगना की फिल्मों का हाल**

तनु वेड्स मनु रिटर्न्स की सफलता के बाद से, कंगना ने 11 फिल्मों में अभिनय किया है, जिसमें इमरजेंसी भी शामिल है, जो 17 जनवरी को रिलीज हुई थी। इमरजेंसी से पहले उनकी आखिरी दो रिलीज - तेजस और धाकड़ भी बुरी तरह से फ्लॉप रहीं। इन फिल्मों के रिकॉर्ड्स देखते हुए कंगना की एक भी फिल्म पिछले 10 सालों में अच्छा कारोबार नहीं कर पाई, जिसमें मणिकर्णिका - द क्वीन ऑफ झांसी ने कथित तौर पर भारत में 92 करोड़ रुपये और दुनिया भर में 133 करोड़ रुपये की कमाई की, लेकिन इस फिल्म का बजट काफी बड़ा था, उसक हिसाब से यह एक साफ हिट नहीं थी और बॉक्स ऑफिस पर औसत कमाई करने वाली फिल्म बन गई।

फिल्म के बजट तक का रुपया भी नहीं जुटा पाईं कंगना की फिल्में

महामारी से पहले कंगना की कुछ फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। इसमें मुख्य रूप से मणिकर्णिका, पंगा, तेजस, धाकड़ और थलाइवी जैसी फिल्म हैं, लेकिन कोविड के बाद उनकी फिल्में टिकट खिड़की पर औंधे मुंह गिर गईं। तेजस, धाकड़ और थलाइवी का संयुक्त बजट 255 करोड़ रुपये था, लेकिन उनका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सिर्फ 17 करोड़ रुपये रहा, जिसका मतलब है कि बॉक्स ऑफिस राजस्व निवेश से 93 प्रतिशत कम रहा। 85 करोड़ रुपये के बजट में बनी एक्शन फिल्म धाकड़ सबसे खराब रही, जिसने दुनिया भर में महज 3 करोड़ रुपये की कमाई की।

**क्या बदलेगी कंगना की स्थिति ?**

इमरजेंसी कंगना रनौत की सबसे बड़ी फिल्म हो सकती थी। निर्देशक के रूप में, कंगना का प्रयास अच्छा रहा और फिल्म का विषय भी रचनात्मक था। फिर भी, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। 60 करोड़ रुपये के कथित बजट पर बनी इमरजेंसी अपने पहले छह दिनों में भी 15 करोड़ तक पहुंचने के लिए लगातार संघर्ष कर रही है।

# राजपाल यादव, सुगंधा मिश्रा व रेमो डिसूजा को मिली जान से मारने धमकी, पाकिस्तान से आए ई-मेल

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के तीन बड़े कलाकारों को जान से मारने की धमकी मिली है। बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव, कॉमेडियन सिंगर सुगंधा मिश्रा और डांसर-प्रोड्यूसर रेमो डिसूजा को पाकिस्तान से धमकी भरा मेल आया है।

मुंबई पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से जुड़े हुए तीन नाम रेमो डिसूजा, कॉमेडियन सुगंधा मिश्रा और राजपाल यादव को ईमेल के जरिए अलग-अलग दिनों में धमकी मिली है। मुंबई पुलिस ने राजपाल यादव की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में आगे की जांच चल रही है।

वहीं, आपको बता दें कि मुंबई पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अब कॉमेडियन कपिल शर्मा को भी इसी प्रकार का धमकी भरा मेल आया है जिसकी शिकायत अंबोली पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है।







कलाकारों को दी गई ये धमकी

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक धमकी भेजने वाले ने अपना नाम बिष्णु बताया। मेल में लिखा गया है, "हम आपकी एक्टिविटी को मॉनिटर कर रहे हैं और आपकी नॉलेज में इस बात को डालना चाहते हैं कि यह कोई पब्लिसिटी स्टंट नहीं है। मेल में लिखा कि हम पूरी तरह से कॉन्फिडेंशियल और सीरियसनेस को ध्यान में रखते हुए आपको यह धमकी भेज रहे हैं। हम आपके पर्सनल जीवन को भी प्रभावित कर सकते है।"

**8 घंटे के अंदर मांगा जवाब**

मेल में आगे लिखा है कि आपको ध्यान दिला देते हैं कि अगले 8 घंटे के अंदर अगर आपने कोई सही कदम नहीं उठाया तो हमें कोई कदम उठाना पड़ेगा। सूत्रों ने दावा किया कि ईमेल करने वाले ने ईमेल के अंत मे 'बिष्णु' लिखा था। मेल में लिखा है, "ऐसा न करने पर नतीजे खतरनाक हो सकते हैं जो आपकी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ पर असर डाल सकते हैं। हम अगले 8 घंटों के भीतर आपसे तुरंत रिस्पॉन्स की उम्मीद करते हैं। अगर हमें कोई रिप्लाई नहीं मिलता है, तो हम मान लेंगे कि आप इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं और हम जरूरी कार्रवाई करेंगे। विष्णु।" तीनों कलाकारों को यह धमकी अलग अलग समय पर मिली इसके बाद कलाकारों में राजपाल यादव की शिकायत के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 351 (3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# पति केएल राहुल को अथिया शेट्टी ने दी एनिवर्सरी की बधाई

अथिया और राहुल की शादी की सालगिरह के खास मौके पर अथिया ने अपने शादी के एल्बम से कुछ अनदेखी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की हैं और केएल राहुल को खास अंदाज में एनिवर्सरी विश की है।

केएल राहुल और अथिया शेट्टी की शादी के दो साल पूरे हो गए हैं। आज ही के दिन दोनों की शादी का जश्न मनाया गया था। शादी की सालगिरह के दिन अथिया ने बेहद ही खास तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं और पति के एल राहुल को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दी हैं।



**अथिया का प्यारा पोस्ट**

इस खास मौके पर अथिया ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कई खास तस्वीरे पोस्ट की हैं और उन तस्वीरों के साथ लिखा, मेरे हमेशा के लिए 2 साल की शुभकामनाएं। 2023 में उनकी शादी के दिन की लग रही तस्वीर में अथिया और राहुल पारंपरिक शेरवानी और लहंगा पहने एक-दूसरे को गर्मजोशी से गले लगाते हुए नजर आ रहे हैं। अभिनेत्री के चेहरे पर बड़ी सी मुस्कान सब कुछ कह बयां कर रही है। इसके अलावा अथिया ने शादी के एल्बम से एक और तस्वीर पोस्ट की, जिसमें दोनों एक साथ रस्म निभाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

एक और तस्वीर अथिया ने शेयर की, जिसमें उन्हेंने राहुल को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं देते हुए एक खास नोट लिखा। इस तस्वीर में अथिया का बेबी बंप साफ नजर आ रहा है और इस तस्वीर में दोनों परफेक्ट लग रहे हैं।

**इस साल अपने पहले बच्चे का करेंगे स्वागत**

अथिया शेट्टी और केएल राहुल दोनों के पास जश्न मनाने का एक और कारण भी हैं। वे दोनों अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इस खुशखबरी की घोषणा की थी, जिसमें एक पोस्टकार्ड भी शामिल था। पोस्टकार्ड में लिखा था, ₹हमारा छोटा सा आशीर्वाद जल्द ही आने वाला है।₹ इसमें एक बच्चे के पैर भी दिखाए गए। तारीख 2025 है।



# मुकेश अंबानी की बड़ी शॉपिंग, खरीद डाली सॉस-सूप

## जैम बनाने वाली कंपनी, टाटा-एचयूएल को देगी टक्कर



नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। एशिया के दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी ने टाटा और एचयूएल को टक्कर देने के लिए बड़ी शॉपिंग कर डाली है। उनकी कंपनी आरसीपीएल पिछले कुछ समय से एक के बाद एक कंपनी खरीद रही है। फिर चाहें वो कोका कोला को टक्कर देने के लिए कैम्पा सॉफ्ट ड्रिंक्स हो या रस्किक बेवरेज। वो एक के बाद एक धड़ाधड़ डील कर रहे हैं। अब हाल ही में मुकेश अंबानी की कंपनी आरसीपीएल ने सूप, सॉस, जैम, मेयोनीज और चटनी समेत कई पैकेज्ड फूड बनाने वाले एसआईएल फ़ूड ब्रांड को खरीद लिया है।

**आगे बढ़ते रहना है मकसद**

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी हाल ही में कई कंपनियों को खरीद रहे हैं। डिज्नी+ हॉटस्टार से लेकर नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनएमआईए), कैंपा सॉफ्ट ड्रिंक्स और रस्किक बेवरेज के स्ट्रीमिंग अधिकार हासिल करने से लेकर, उनका ध्यान ऊर्जा, पेय पदार्थ और एफएमसीजी सहित विभिन्न क्षेत्रों पर है।एसआईएल ब्रांड अधिग्रहण रिलायंस की एफएमसीजी बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की रणनीति के अनुरूप है, जहां यह हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल), टाटा कंज्यूमर और क्रेमिका जैसी दिग्गजों के साथ सीधे प्रतिस्पर्धा करेगा।

**क्या है एसआईएल फ़ूड ब्रांड**

आरसीपीएल के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि एसआईएल का अधिग्रहण प्रतिष्ठित भारतीय विरासत ब्रांडों को पुनर्जीवित करने और बढ़ाने के लिए इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

एसआईएल फूड्स की उत्पाद श्रृंखला में सॉस, सूप, चटनी, जैम, कुकिंग पेस्ट, मेयोनेज़ और बेक्ड बीन्स शामिल हैं। आरसीपीएल के सीओओ केतन मोदी ने एसआईएल की क्षमता पर भरोसा जताते हुए कहा, "रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स भविष्य के लिए व्यवसाय का निर्माण करते हुए भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और विरासत विरासत को संरक्षित करने पर केंद्रित है।कंपनी के सीओओ ने आगे कहा कि हमारा मानना है कि हम एसआईएल फूड्स की पूरी क्षमता को अनलॉक कर सकते हैं और इसे आज के तेजी से विकसित हो रहे बाजार में और अधिक प्रासंगिक बना सकते हैं।"

इस अधिग्रहण में केवल एसआईएल ब्रांड शामिल है, पुणे और बेंगलुरु में इसके विनिर्माण संयंत्रों को छोड़कर। आरसीपीएल का लक्ष्य इस कदम के साथ एफएमसीजी क्षेत्र पर अपनी पकड़ मजबूत करना है। हालांकि, सौदे की वित्तीय शर्तों का खुलासा नहीं किया गया है।

**70 साल पुरानी है कंपनी**

एसआईएल फूड्स एक प्रसिद्ध भारतीय ब्रांड है। यह 70 साल से ज्यादा पुराना है। इसकी शुरुआत मूल रूप से जेम्स स्मिथ एंड कंपनी के नाम से हुई थी। बाद में यह ब्रांड कई बार बिका। साल 2021 से इसकी कमान फूड सर्विस इंडिया के पास रही।

# चीन ने दे दिया ऐपल को झटका, एनवीआईडीआईए ने मारी बाजी, 5 ट्रिलियन की होड़ में कौन है सबसे आगे?




नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। आईफोन बनाने वाली अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी ऐपल को चीन ने तगड़ा झटका दिया है। चीन में ऐपल अब सबसे ज्यादा स्मार्टफोन बेचने वाली कंपनी नहीं रह गई है। वीवो और हुआवे ने उसे पछाड़ दिया है। पिछले तीन हफ्ते में कंपनी के मार्केट कैप में 510 अरब डॉलर की गिरावट आई है और इसके साथ ही दुनिया की सबसे वैल्यूबल कंपनी का तमगा भी उससे छिन गया है। एआई चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया अब दुनिया की सबसे वैल्यूएबल ट्रेन बन गई है। एनवीडिया के शेयरों में बुधवार को 4.43% तेजी आई और इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 3.601 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गया। दूसरी ओर ऐपल के शेयरों में बुधवार को 0.53% की मामूली तेजी रही और उसका मार्केट कैप 3.365 ट्रिलियन डॉलर रह गया है। 26 दिसंबर से कंपनी के शेयरों में 14 फीसदी गिरावट आई है। चीन में कंपनी का शिपमेंट पिछले साल 17 फीसदी गिर गया जो 2016 के बाद कंपनी की सालाना सेल में सबसे बड़ी गिरावट है। अभी दुनिया की तीन कंपनियों का मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा है। इनमें एनवीडिया और ऐपल के अलावा माइक्रोसॉफ्ट (3.317 ट्रिलियन डॉलर) शामिल है। माना जा रहा है कि जल्दी ही दुनिया को पहली 4 ट्रिलियन डॉलर वाली कंपनी मिल सकती है। इसी साल ऐसा हो सकता है।जानकारों का कहना है कि 5 ट्रिलियन डॉलर की रेस में ऐमजॉन सबसे आगे है। इस दशक के अंत तक कंपनी इस मुकाम पर पहुंच सकता है। अभी इसका मार्केट कैप 2.471 ट्रिलियन डॉलर है। इसकी वजह यह है कि कंपनी एआई और क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जमकर खर्च कर रही है। साथ ही उसका ई-कॉमर्स और एडवरटाइजिंग बिजनस अच्छा परफॉर्म कर रहे हैं।

# ट्रंप के मास्टरस्ट्रोक से भरेगी अमेरिका की तिजोरी

## मिलेंगे 3.3 ट्रिलियन डालर, समझिए पूरा गणित

वाशिंगटन,23 जनवरी (एजेंसियां)। डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ले ली है। उन्होंने ऐसे समय सत्ता संभाली है जब देश का कर्ज 36 ट्रिलियन डॉलर के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है। ऐसे में ट्रंप का एक दांव देश का खजाना भर सकता है। उन्होंने कनाडा और मेक्सिको से आने वाले सामान पर 1 फरवरी से 25 फीसदी और चीनी माल पर 10 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है। साथ ही ट्रंप ने चीन से आने वाले कुछ खास सामान पर 60 फीसदी से अधिक टैरिफ लगाने की बात कही है। जानकारों का कहना है कि इससे अमेरिकी के सरकारी खजाने में अगले दस साल में 3.3 ट्रिलियन डॉलर आ सकते हैं। ये तीन देश अमेरिका के सबसे बड़े ट्रेंडिंग पार्टनर हैं।टैक्स फाउंडेशन के मुताबिक अमेरिका आने वाले सामान पर 20 फीसदी टैरिफ लगाने से सरकार को सालाना करीब 300 अरब डॉलर मिल सकते हैं। अपने पहले कार्यकाल में ट्रंप ने कुछ प्रोडक्ट्स टैरिफ लगाया था और जो बाइडन ने इसे काफी हद तक बरकरार रखा। यानी अब मौजूदा टैरिफ के ऊपर टैरिफ लगेगा। अगर प्रतिशत के तौर पर देखें तो यह अमेरिका की जीडीपी का 1.8 फीसदी होगा। अभी अमेरिका की जीडीपी 27.6 ट्रिलियन डॉलर है। इस तरह नए टैरिफ की कॉस्ट 497 अरब डॉलर होगी। सवाल यह उठता है कि क्या टैरिफ से देश में महंगाई नहीं बढ़ेगी?



टैरिफ बढ़ने से सामान की कीमत बढ़ जाएगी और इसका बोझ आखिरकार ग्राहकों पर ही पड़ेगा। ट्रंप ने जब पिछली बार टैरिफ लगाया था तो कुछ सामान की कीमत में 4 फीसदी बढ़ोतरी हुई थी। डॉयचे बैंक का कहना है कि अगर कनाडा और मेक्सिको पर 25 फीसदी टैरिफ बढ़ाया जाता है और इसका 50 फीसदी बोझ ग्राहकों पर डाला जाता है तो महंगाई में 80 बीपीएस की तेजी आ सकती है। अगर 75 फीसदी बोझ ग्राहकों पर डाला जाता है तो महंगाई में 110 बीपीएस का इजाफा होगा। अगर ऐसा हुआ तो इससे फेड के लिए दरों में कटौती करना मुश्किल हो जाएगा। अमेरिका में अगले 5 से 10 साल में महंगाई के सालाना 3.3 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है जो 2008 के बाद सबसे ज्यादा है। टैरिफ बढ़ने का मतलब यह नहीं है कि इससे मार्केट में गिरावट आएगी। ट्रंप के पहले कार्यकाल में व्यापक टैरिफ लगाए जाने के बावजूद एसएंडपी 500 इंडेक्स में 70 फीसदी तेजी आई थी। बाइडन के दौर में इसमें 60 फीसदी तेजी आई थी। हालांकि ट्रंप के पहले कार्यकाल में ट्रेड वॉर के आंकड़ों पर नजर डालें तो यह बात साफ है कि लोगों को इसकी कुछ कीमत चुकानी पड़ेगी।

# 200 टोल पर करोड़ों का घोटाला, 3 को पकड़ा

## नॉन फास्टैग गाड़ियों से करते थे वसूली; यूपी के इंजीनियर ने रची साजिश

आजमगढ़, 23 जनवरी (एजेंसियां)। यूपी एसटीएफ ने एनएचएआई के टोल प्लाजा पर टैक्स वसूली में हो रहे घोटाले का पर्दाफाश किया है। लखनऊ एसटीएफकी टीम ने बुधवार तड़के 3.50 बजे मिर्जापुर के अतरैला टोल प्लाजा पर छापेमारी कर 3 लोगों को पकड़ा। इनमें मनीष मिश्रा, राजीव कुमार मिश्रा और आलोक सिंह शामिल हैं। इन लोगों ने टोल प्लाजा पर लगे एनएचएआई के कंप्यूटर में अपना सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कर रखा था। इससे बिना फास्टैग गुजरने वाले वाहनों के कलेक्शन से गबन कर रहे थे। 2 साल से अतरैला के शिवगुलाम टोल प्लाजा से रोज 45 हजार रुपए वसूल रहे थे। इस तरह से ये लोग अकेले इसी टोल प्लाजा से अब तक 3 करोड़ 28 लाख रुपए गबन कर चुके हैं। ये लोग अब तक देश के 12 राज्यों के 42 टोल प्लाजा में एनएचएआई के समानांतर सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कर चुके हैं। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, असम, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, गुजरात, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल शामिल हैं। एसटीएफ इंस्पेक्टर दीपक सिंह ने लालगंज थाने में 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। एसटीएफ ने आरोपियों के कब्जे से 2 लैपटॉप, 1 प्रिंटर, 5 मोबाइल, 1 कार और 19000 रुपए बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 12 राज्यों में करीब 200 टोल प्लाजा पर इस तरह से गड़बड़ी की जा रही है। इंस्पेक्टर दीपक सिंह ने बताया- विभिन्न टोल प्लाजा पर गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही थीं। ये लोग बिना फास्टैग और फास्टैग अकाउंट में कम पैसे वाले वाहनों को टारगेट करते थे। टोल प्लाजा के बूथ कंप्यूटर में एनएचएआई के सॉफ्टवेयर सर्वर के अलावा अलग से सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करते थे। वाराणसी एसटीएफ के एएसपी विनोद सिंह और लखनऊ के एएसपी विमल सिंह की टीम लगातार मामले की मॉनिटरिंग कर रही थी। इसी बीच एसटीएफ को सूचना मिली कि एनएचएआई के सॉफ्टवेयर में अलग से सॉफ्टवेयर बनाने और इंस्टॉल करने वाला व्यक्ति आलोक सिंह वाराणसी में है। एसटीएफ टीम ने बाबतपुर एयरपोर्ट के पास से आलोक सिंह को पकड़ लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। एसटीएफ की पूछताछ में आलोक ने बताया- मैं एमसीए पास हूं। पहले टोल प्लाजा पर काम करता था। वहीं से टोल प्लाजा का ठेका लेने वाली कंपनियां के संपर्क में आया। इसके बाद टोल प्लाजा मालिकों की मिलीभगत से एक सॉफ्टवेयर बनाया। टोल प्लाजा पर लगे कम्प्यूटर में अपने भी सॉफ्टवेयर को इंस्टॉल कर दिया, जिसका एक्सेस अपने लैपटॉप से कर लिया। इसमें टोल प्लाजा के आईटी कर्मियों ने भी साथ दिया। टोल प्लाजा से बिना फास्टैग के गुजरने वाले वाहनों से दोगुना शुल्क हमारे सॉफ्टवेयर से वसूला जाता था। उसकी भी प्रिंट पर्ची एनएचएआई के सॉफ्टवेयर के समान ही होती थी। इस तरह से मालिकों द्वारा बिना फास्टैग वाले वाहनों से वसूली गई। अवैध वसूली के वाहन को वाहन शुल्क से मुक्त श्रेणी दिखाकर जाने दिया जाता था।

# फेस्टिव सीजन में भी क्यों नहीं बढ़ रहे कारोबार

## आखिर डिमांड पर किसकी पड़ रही मार




नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। शादी के सीजन में धूम-धड़ाके से कारोबारी उछाल भी आता है। परंतु लोगों के फेस्टिव मूड पर महंगाई की जबर्दस्त मार पड़ रही है। इस कारण लोगों की आम जरूरत पर खर्च काफी बढ़ गए हैं।

इस कारण शहरी लोगों की खपत में कमी आई है। ऐसी स्थिति में रिटेल कारोबारी निराश हैं। क्योंकि, पूरे साल के दौरान धंधा चमकने का सबसे सही समय यही होता है। परंतु इस बार कारोबारियों की आशा निराशा में बदल रही है। रिटेलर्स की सबसे अधिक चिंता इस बात को लेकर है कि उन्हें दिवाली के बाद कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स की मांग में कमी साफ दिखाई दे रही है।

**दोपहिया वाहनों के कारोबार में तेजी**

द हिंदू बिजनेसलाइन की रिपोर्ट के मुताबिक, फेस्टिवल का सीजन होने के कारण दोपहिया वाहनों के कारोबार में तेजी दिख रही है। वहीं बाकी वाहनों के कारोबार में मामूली ग्रोथ है। इसके पीछे महंगाई का दबाव काफी काम कर रहा है।

**शहरी मांग में कमी की दिसंबर तिमाही पर बड़ी मार**

शहर में रहने वाले लोगों की खपत में कमी से कम हुए डिमांड ने दिसंबर तिमाही के कारोबार पर बड़ा असर डाला है। हालांकि एफएमसीजी सेक्टर के रूरल डिमांड में थोड़ी सी रिकवरी दिखना रिटेल कारोबारियों के लिए राहत की बात है।

पार्ले प्रॉडक्ट के वाइस प्रेसिडेंट मयंक शाह कहते हैं कि महंगाई और अर्बन स्लोडाऊन के कारण दिसंबर की तिमाही काफी चुनौतीपूर्ण रही। रिटेल सेक्टर ने सात अक्टूबर से एक दिसंबर के दौरान पिछले साल की तुलना में सात फीसदी का मामूली ग्रोथ देखा।रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के मुताबिक, यह इंडस्ट्री की आशा को पूरा नहीं करता है। एसोसिएशन के सीईओ कुमार राजागोपालन कहते हैं कि निम्न मध्यवर्गीय लोगों का काफी कम खर्च अभी भी हमारी चिंता का कारण बना हुआ है। एक अन्य एक्सपर्ट के मुताबिक, कंज्यूमर सेंटीमेंट पिछली तिमाही की तुलना में बेहतर बना हुआ है। लेकिन अभी भी यह प्री-कोविड या वित्तीय वर्ष 2023 के स्तर से ऊपर नहीं है।

# सोने-चांदी में गिरावट : सोना 58 रुपए गिरकर 80126 रुपए पर आया,चांदी 90713 रुपए प्रति किलो बिक रही

नई दिल्ली,23 जनवरी (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 23 जनवरी को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 58 रुपए गिरकर 80,126 रुपए हो गया है। इससे पहले कल यानी बुधवार को सोने ने 80,194 रुपए प्रति दस ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी की कीमत में भी आज गिरावट है। ये 535 रुपए गिरकर 90,713 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 91,248 रुपए पर थी। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।



**महानगरों सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,240 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,090 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 75,250 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 82,090 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,090 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,140 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 82,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 75,250 रुपये है।

**2024 में गोल्ड ने 20% और सिल्वर ने 17% का रिटर्न दिया**

बीते साल सोने का भाव 20.22% बढ़ा। वहीं, चांदी की कीमत में 17.19% की बढ़ोतरी हुई। 1 जनवरी 2024 को सोना 63,352 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 31 दिसंबर 2024 को 76,162 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया।

# सेंसेक्स 115 अंक चढ़कर 76,520 पर बंद

## निफ्टी में भी 50 अंक की तेजी, आईटी और ऑटो शेयर्स में रही बढ़त



मुंबई,23 जनवरी (एजेंसियां)। शेयर बाजार में आज यानी 23 जनवरी को बढ़त देखने को मिली। सेंसेक्स 115 अंक की तेजी के साथ 76,520 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 50 अंक की बढ़त रही, ये 23,205 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट देखने को मिली। आईटी और ऑटो शेयर्स में बढ़त रही। वहीं एफएमसीजी और बैंकिंग शेयर्स में गिरावट देखने को मिली।

**स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेम का शेयर 33% ऊपर लिस्ट**

आज स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेम का शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 33.3% प्रीमियम के साथ 120 रुपए पर लिस्ट हुआ। हालांकि इसके बाद इसमें और तेजी देखने को मिली, इसका शेयर एनएसई पर 36.00 (40.00%) 126 रुपए पर बंद हुआ। इसका इश्यू प्राइस 90 रुपए प्रति शेयर था।

**एशियाई बाजारों में रहा मिला-जुला कारोबार**

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.79% और चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 0.51% की तेजी रही। कोरिया के कोस्पी में 1.24% की गिरावट देखने को मिली। एनएसई के डेटा के अनुसार, 22 जनवरी को विदेशी निवेशकों (एफआईआईएस) ने 4,026 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (डीआईआईएस) ने 3,640 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। 22 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.30% की तेजी के साथ 44,156 पर बंद हुआ। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.61% चढ़कर 6,086 पर बंद हुआ। नैस्डैक इंडेक्स में 1.28% की तेजी रही।

**आज से ओपन हुआ डेंटा वाटर एंड इंफ्रा सॉल्यूशंस का आईपीओ**

डेंटा वाटर एंड इंफ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड का आईपीओ आज यानी 23 जनवरी को दूसरा दिन है। निवेशक इस इश्यू में 24 जनवरी तक बोली लगा सकेंगे। 29 जनवरी को कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल 220.50 करोड़ जुटाना चाहती है। इसमें 75 लाख नए शेयर जारी किए हैं।

**कल शेयर बाजार में रही थी तेजी**

इससे पहले कल यानी 22 जनवरी को शेयर बाजार में बढ़त देखने को मिली थी। सेंसेक्स 566 अंक की तेजी के साथ 76,404 पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 130 अंक की तेजी रही, ये 23,155 के स्तर पर बंद हुआ था।

# पंजाब नैशनल बैंक की गृह पत्रिका का विमोचन



हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पंजाब नैशनल बैंक, हैदराबाद अंचल की छमाही हिन्दी पत्रिका पीएनबी गोदावरी का विमोचन दीपक कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीवास्तव ने कहा कि 'गोदावरी' का प्रकाशन भारत सरकार की राजभाषा नीतियों को क्रियान्वित करने की दिशा में एक सार्थक पहल है। हैदराबाद अंचल की पत्रिका तेलंगाना, आंध्र प्रदेश एवं कर्नाटक में स्थित सभी 06 मंडलों (हैदराबाद, सिकंदराबाद, विजयवाड़ा, विशाखापत्तनम,बेंगलुरू तथा हुबली मंडल ) के स्टाफ सदस्यों की रचनाओं एवं गतिविधियों को समाहित करता है। प्रस्तुत अंक अखिल भारतीय स्तर पर हिंदी के विविध स्वरुपों को रेखांकित करता है। इस अवसर पर उप अंचल प्रबंधक संजय माने ने कहा कि प्रस्तुत पत्रिका भाषा के विविध प्रयोजनपरक आयामों को उद्घटित करती है। इस अंक में विविध सामग्रियों को पढकर निश्चित रुप से स्टाफ सदस्य लाभान्वित होंगे। पत्रिका के संपादक डॉ साकेत सहाय ने कहा कि 'पीएनबी गोदावरी' राजभाषा हिंदी में बैंकिंग सामग्री के प्रसार की दिशा में एक उपयोगी पहल है। प्रस्तुत अंक में स्थानीय भाषा तेलुगु पर समर्पित पृष्ठ के साथ ही, हैदराबाद, उत्तरी कर्नाटक, आंध्र प्रदेश एवं कर्नाटक के बड़े हिस्से में बोली जाने वाली दक्किनी हिंदी, दक्षिण भारत में हिंदी, भारतीय भाषा दिवस आदि पर विशेष आलेख, वित्तीय शब्दावली, वली दक्किनी, पुस्तक समीक्षा जैसे आलेख प्रकाशित हैं। इस अवसर पर अंचल के सहायक महाप्रबंधक गण एस वेंकट कृष्णन, वासुदेव राय, श्यामा कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य - उत्तरायणे - ऋतु - शिशिर
महावीर निर्वाण संवत -2051,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-53
सूर्यास्त. - 18-03
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत-1955885125
दिशाशूल - पश्चिम - दही खाकर घर से निकले
तिथि- दशमी . 19-25 तक उपरान्त एकादशी
मास - माघ कृष्ण , शुक्रवार 24 January
नक्षत्र - अनुराधा 07-07 दिन रात तक
योग - वृद्धि 05-07 दिन रात तक
करण- विष्टी 19-25 तक उप बव
विशेष:-
व्रत -त्योहार -

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | मकर मे | मकर... | 06-13 बजे |
| चंद्र- | वृश्चिक | कुंभ... | 08-04 बजे |
| मंगल | मिथुन (व) मे | मीन... | 09-42 बजे |
| बुध- | धनु मे | मेष... | 11-18 बजे |
| गुरु- | वृष मे | वृष... | 13-03 बजे |
| शुक्र- | कुंभ मे | मिथुन | 15-04 बजे |
| शनि- | कुंभ मे | कर्क.. | 17-15 बजे |
| राहु- | मीन मे | सिंह... | 19-28 बजे |
| केतु- | कन्या मे | कन्या... | 21-36 बजे |
| | | तुला.... | 23-40 बजे |
| | | वृश्चिक.. | 01-49 बजे |
| | | धनु...... | 04-03 बजे |

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 11:04 से 12:28 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | 06:53 - 08:15 | शुभ | रोग | 18:03 - 19:42 | अशुभ |
| लाभ | 08:15 - 09:39 | शुभ | काल | 19:42 - 21:17 | अशुभ |
| अमृत. | 09:39 - 11:04 | शुभ | लाभ | 21:17 - 22:53 | शुभ |
| काल | 11:04 - 12:28 | अशुभ | उत्पात | 22:53 - 00:28 | अशुभ |
| शुभ | 12:28 - 13:53 | शुभ | शुभ. | 00:28 - 02:04 | शुभ |
| रोग. | 13:53 - 15:17 | अशुभ | अमृत | 02:04 - 03:39 | शुभ |
| उत्पात | 15:17 - 16:42 | अशुभ | चंचल | 03:39 - 05:15 | शुभ |
| चंचल. | 16:42 - 18:03 | शुभ | रोग | 05:15 - 06:53 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,)
आज के दिन की खासियत आपकी किसी प्रभावी व्यक्ति से मुलाकात रहेगी जिसका प्रभाव आपके जीवन पर पर काफी लम्बे समय तक रहेगा । आप किसी ऐसीस्थिति या व्यक्ति के संपर्क में भी आ सकते हैं जहाँ आपको विपरीत दृष्टिकोणों का सामना करना पड़ सकता है । आपको रचनात्मक आलोचना को सही तरीके से ही लें और बदतमीज हुए बिना ही अपनी बात को समझाने से कोशिश करें ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
आपके किसी करीबी के जीवन में कुछ समस्याएँ चल रही हैं और आज आपको उनकी बात सहानुभूति से सुननी पड़ेंगी । ऐसा हो सकता है की आप इस आदमी की बातों से निराश और बेचैन सा अनुभव करें ,लेकिन आपको बिना किसी आलोचना के इस आदमी की सहायता करनी चाहिए । इससे आपके जीवन की बहुत महत्वपूर्ण दोस्ती या साझेदारी भी प्रभावित होगी ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
आपके अफसर आपसे पुरानी रंजिश निकालने के लिए आपके काम में देर कर सकते हैं । आप इसके कारण बहुत चिंता करेंगे,क्योकि इससे न केवल आपकी वर्त्तमान स्थिति बल्कि आगे आने वाली योजनायें भी प्रभावित होंगी । इस समय अपनी घरेलू खुशियों के कारण खुश रहें क्योकि इससे आपको नया उत्साह मिलेगा ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
आपकी जीवन में कोई ऐसी स्थति आने वाली है जब आपको सीधे ,तुरंत और अति सक्रिय रहकर फैसले लेने होंगे । यह स्थिति देखने में बहुत मुश्किल लग सकती है परन्तु आप इसे आसानी से संभाल पायेंगे ।आपको बस दृढ़ता पूर्वक डटे रहना है । लेकिन चिंता ना करें,एक बार जब यह समस्या ख़तम हो जायेगी तो लोग इसे सुलझाने में आपकी भूमिका की भी प्रशंसा करेंगे ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
आज का दिन आपके लिए विशेष है क्योंकि आज आप किसी दूसरे शहर में रहने वाले से या विदेश में किसी से संपर्क स्थापित करेंगे । यह आपके करियर के लिए फायदेमंद होगा । अपने मेल देख लें क्योंकि मेलबॉक्स में कोई महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहा है । विदेश में रह रहा कोई मित्र आपको साथ काम करने के लिए आमंत्रित कर सकता है । शुभ रंग सफ़ेद है।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आप आज अपने परिवहन के साधन से परेशान हो सकते हैं । अगर कहीं किसी महत्वपूरण काम के लिए जाना है तो अपने लिए वैकल्पिक परिवहन की व्यवस्था कर लें और कोई बैकअप योजना तैयार रखें । आज आप किसी भीतरी उलझन से परेशान हैं,लेकिन शांति बनाये रखें,यह समय जल्दी ही बीत जायेगा । परिवार के साथ समय बिताएं ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
आप अपनी बढ़ी हुई जिम्मेदारियों से परेशान हैं,लेकिन अभी आपको कोई राहत मिलती दिखाई नही दे रही । सबसे अच्छा यही है की आप शिकायत करना छोड़कर अपने कामों को पूरा करें । जितनी जल्दी पूरा करेंगे ,उतनी ही जल्दी बोझ कम होता जाएगा । लेकिन इसका अर्थ यह भी नही है कि आपको इसे लापरवाही से पूरा करना है । अपना काम कुशलता से पूरा करें और आपको भविष्य में इसका फल अवश्य मिलेगा ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आप इस वक़्त अलौकिक घटनाओं से प्रभावित रहेंगे । आप आज अपना दिन किसी रहस्यमयी मुद्दे की खोजबीन में बिताना चाहते हैं और कोई रहस्यमयी फिल्म या उपन्यास देख/पढ़ सकते हैं । आप किसी रहस्य पर से पर्दा उठाने का फैसला भी ले सकते हैं या किसी स्थिति/व्यक्ति के बारे में और अधिक जानने की कोशिश करेंगे । हालांकि,आपको यह सब करते हुए सावधान रहना होगा । सभी पक्षों से प्रतिबद्धताओं की वजह से आप एक बहुत व्यस्त जीवन जी रहे थे ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
आपके कार्य क्षेत्र का भाग्य आपके साथ चल रहा है और आपके पास काफी परियोजनायें है , फिर भी आज एक नया अवसर आपको मिल सकता है जो की आपके करियर के लिए काफी अच्छा रह सकता है । ये आपके कार्य क्षेत्र में आप पर अधिक जिम्मेदारी डालेगा । आप थोड़ा बदलाव चाहेंगे । आपको ये अवसर कार्यालय के भीतर उपलब्ध हो सकता है ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आज उत्तरार्द्ध में एक व्यापारिक यात्रा आपको करनी पड़ सकती है । यह बौद्धिक विवेक को बढ़ाने के लिए एक महान अवसर होगा। अगर आप अपने आप को बोझिल महसूस कर रहे है , तो पूर्वाद्ध में अवकाश लेकर अपने आप को तैयार करे की किस तरह से आप अपने आप को औरो के सामने प्रस्तुत करेंगे ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
सौहार्द और सार्वभौमिक जयकार का माहौल आज आपके कार्यस्थल में रहेगा और आप जिस कार्य को करने में आम तौर पर नफरत करते है उसे आप आनंद के साथ करेंगे । आज आप अपने कार्य के लिए नए उत्साह एवं ऊर्जा पाएंगे और अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए अपने सहयोगियों से सक्रिय समर्थन की प्राप्ति होने की भी संभावना प्रबल है।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
यदि आपने नौकरी के लिए आवेदन किया है, तो कंपनी से इसकी जाँच करें। आपको नौकरी से संबध में एक अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। पदोन्नति या वेतन वृद्धि भी आपको आज मिल सकती है । यह निवेश के किसी भी प्रकार के लिए एक शुभ दिन है। अगर आप संपत्ति खरी।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# क्या भारत में फिर लौटेगा टिकटॉक ?

## इलॉन मस्क की 75 दिनों में खरीदने की तैयारी

नई दिल्ली, 23 जनवरी (एक्सक्लूसिव डेस्क)। 20 जनवरी 2025 को शपथ लेते ही डोनाल्ड ट्रम्प के तमाम फैसलों में एक था- टिकटाक बैन पर 75 दिनों की मोहलत देना। दरअसल, बाइडेन सरकार ने टिकटॉक को अमेरिका में बैन किए जाने का कानून बनाया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर मुहर लगाते हुए कहा कि टिकटाक बैन तभी रुक सकता है, जब इसकी पेरेंट चीनी कंपनी 'बाइटडांस' इसे किसी अमेरिकी कंपनी को बेच दे।

19-20 जनवरी को सर्विस बंद होने लगी थी, लेकिन ट्रम्प ने 75 दिनों का वक्त देते हुए कहा, 'अगर मस्क चाहें तो इसे खरीद सकते हैं। मैं भी इसे खरीदना चाहूंगा। अगर इससे बैन नहीं हटेगा, तो ये बेकार है। परमिशन मिली, तो इसकी कीमत ट्रिलियन डॉलर के बराबर है। क्या 75 दिनों में चीनी कंपनी अपनी हिस्सेदारी बेचेगी, इसे मस्क या ट्रम्प कौन खरीदेगा और क्या भारत में बैन टिकटाक फिर लॉन्च होगा, इसकी पडताल करती रिपोर्ट।

अगस्त 2020 में डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान टिकटाक को बैन करने का मुद्दा उठाया था। ट्रम्प का कहना था कि टिकटाक से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो सकता है। ट्रम्प ने माइक्रोसॉफ्ट पर टिकटाक खरीदने के लिए दबाव बनाया था, लेकिन यह डील नहीं हो सकी। बाइडेन के राष्ट्रपति बनने




के बाद टिकटाक पर बैन की मांग तेज हो गई। 24 अप्रैल 2024 को बाइडेन ने टिकटॉक बैन वाले विधेयक पर हस्ताक्षर करके नया कानून बना दिया। बाइडेन ने 6 महीनों के अंदर टिकटॉक बैन करने की घोषणा की। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने आदेश जारी किया कि 19 जनवरी 2025 को टिकटॉक बैन हो जाएगा।

20 जनवरी को ट्रम्प ने 75 दिनों का समय दिया। इस दौरान टिकटॉक की पेरेंट कंपनी बाइटडांस को टिकटॉक की 50% हिस्सेदारी एक अमेरिकी नागरिक को बेचनी होगी। ट्रम्प ने टिकटॉक के मालिक झेंग यिमिंग से कहा कि अमेरिका में टिकटॉक को खरीदने वाले कई लोग मिल जाएंगे। अगर इस डील को मंजूर नहीं किया तो अमेरिका इसे विरोधी कार्रवाई समझेगा।

ट्रम्प 2020 से टिकटॉक को खरीदना चाहते थे, लेकिन उनकी सरकार चली गई। इसके बावजूद ट्रम्प ने टिकटॉक के लिए प्लानिंग जारी रखी। नतीजतन, टिकटॉक अमेरिका में बैन हो गया। यह प्लानिंग टिकटॉक की मार्केट वैल्यू गिराने के लिए की गई थी। ऐसे में ट्रम्प टिकटॉक को औने-पौने दामों में खरीद लेंगे। इसे ट्रम्प की 'डिक्रीज डील' भी कह सकते हैं। टिकटॉक की मार्केट वैल्यू लगभग 150 से 200 बिलियन डॉलर है, लेकिन अमेरिका में बैन लगने के बाद ट्रम्प का इसे 40 से 50 बिलियन डॉलर में ही खरीदने की उम्मीद है। 21 जनवरी को ट्रम्प ने एक पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए कहा, मैं भी टिकटॉक को खरीदना चाहूंगा। मुझे इस डील में जाने का अधिकार है। हालांकि ट्रम्प के बयान से यह साफ नहीं हुआ कि वे टिकटॉक को अपने निजी पैसे से खरीदेंगे या यह डील सरकारी खजाने से की जाएगी। टिकटॉक को खरीदने वालों में सबसे आगे इलॉन मस्क का नाम चल रहा है। इसकी 3 प्रमुख वजहें हैं।

मस्क और ट्रम्प जिगरी दोस्त हैं। इसके अलावा मस्क ट्रम्प सरकार के दक्षता विभाग के सदस्य भी हैं। ट्रम्प ने कहा, 'मस्क टिकटॉक को खरीद सकते हैं। अगर वह इसे खरीदना चाहते हैं, तो मैं तैयार हूं।इलॉन मस्क दुनिया के सबसे अमीर आदमी हैं। मस्क के पास 427 बिलियन डॉलर से ज्यादा की संपत्ति है। दूसरे नंबर पर मौजूद अमेजन के मालिक जेफ बेजोस की संपत्ति मस्क से लगभग आधी है। मस्क ने ट्विटर को खरीदकर सोशल प्लेटफॉर्म्स में अपने इंट्रेस्ट को जता दिया है और वो इसे अच्छी तरह मैनेज भी कर सकते हैं। ट्रम्प और मस्क के अलावा ओरेकल के चेयरमैन लैरी एलिसन भी टिकटॉक को खरीदने के लिए दिलचस्पी दिखा चुके हैं। यूट्यूब के सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले कंटेंट क्रिएटर मिस्टरबीस्ट, एम्प्लॉयर डॉट कॉम के फाउंडर जेसी टिंसले भी टिकटॉक को खरीदने की इच्छा जता चुके हैं। इसके अलावा लॉस एंजिलिस डोजर्स के पूर्व चेयरमैन फ्रैंक मैककोर्ट और शार्क टैंक इन्वेस्टर केविन ओ'लोरी ने भी इस डील में शामिल होने का ऐलान किया है। 29 जून 2020 को भारत ने टिकटॉक समेत 59 चाइनीज ऐप्स पर बैन लगा दिया था। सरकार ने बैन लगाने के पीछे 3 प्रमुख वजहें बताई थीं।

इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर ने इन्हें बैन करने की सिफारिश की थी। संसद के अंदर और बाहर भी इन ऐप्स को लेकर चिंताएं थीं और जनता भी एक्शन की मांग कर रही थी। इंडियन साइबरस्पेस की सुरक्षा और सम्प्रभुता के लिए ऐप्स को बैन करने का फैसला लिया गया था। अगर इलॉन मस्क टिकटॉक को खरीद लेते हैं, तो यह भारत में दोबारा शुरू हो सकता है। भारत सरकार ने सुरक्षा कारणों की वजह से इस ऐप पर बैन लगाया था क्योंकि भारतीय नागरिकों का डेटा चीन के पास भेजा रहा था, लेकिन अमेरिका की ओनरशिप के बाद भारतीय नागरिकों का डेटा अमेरिका के पास जाएगा, जिससे यह डेटा सुरक्षित रहने की उम्मीद है।' गूगल, फेसबुक और वॉट्सएप जैसे सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का डेटा अमेरिकी जांच एजेंसी सीआईए के पास इकट्ठा रहता है। अभी तक डेटा लीक होने या दुरुपयोग होने की बात सामने नहीं आई है। अगर मस्क टिकटॉक खरीदते हैं तो वो ट्रम्प सरकार के जरिए भारत पर बैन हटाने का दबाव भी बना सकते हैं। टिकटॉक को खरीदने के लिए अभी जिन कारोबारियों के नाम सामने आए हैं, इनमें से कोई भी भारतीय नहीं है। बैन से पहले टिकटॉक के लिए भारत बहुत बड़ा बाजार रह चुका है, लेकिन इसे खरीदने के लिए कोई भी भारतीय कारोबारी जोखिम नहीं उठाना चाहता। इसकी 4 बड़ी वजहें हैं

**कानूनी बाधाएं:** टिकटॉक एक चाइनीज कंपनी है, जिसे भारत में राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से बैन किया गया था। ऐसे में अगर कोई भारतीय टिकटॉक को खरीदता है, तो उसे भारतीय यूजर्स के डेटा की सिक्योरिटी का जिम्मा लेना होगा। अगर किसी वजह से डेटा लीक हुआ तो इसकी जवाबदारी टिकटॉक के मालिक की होगी।

**आर्थिक और कारोबारी चुनौती:** टिकटॉक की वैल्यू अरबों रुपए में हैं। इसके लिए बड़े इन्वेस्टर्स की जरूरत पड़ेगी। इसके अलावा भारत में पहले से ही फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब के करोड़ों यूजर्स हैं। ऐसे में टिकटॉक को दोबारा ऊंचाइयों तक पहुंचाना बहुत मुश्किल होगा।

**ग्लोबल डिजिटल मार्केट पर फोकस:** टिकटॉक को चलाने के लिए भारतीय इन्वेस्टर्स को ग्लोबल डिजिटल मार्केट पर फोकस करना होगा। जिससे भारत में टिकटॉक के यूजर्स दोबारा बढ़ने लगें।

**सेंसिटिव कंटेंट पर कड़ी नजर:** भारत में टिकटॉक पर बैन से पहले कंटेंट को लेकर आपत्ति उठाई गई थी। ऐसे में भारतीय इन्वेस्टर्स को सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों को सुलझाना भी बड़ी चुनौती होगी।

अमेरिकी न्यूज वेबसाइट एग्जियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की सरकार ने बाइटडांस पर टिकटॉक की डील को लेकर दबाव बनाया हुआ है। टिकटॉक को खरीदने के लिए अमेरिकी नागरिक सामने आने लगे हैं, लेकिन चीन की नाराजगी की वजह से बाइटडांस फैसला नहीं कर पा रही है। 20 जनवरी को चीन की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि देश की सभी प्राइवेट कंपनियों को अपने फैसले लेने का अधिकार है। कंपनियां बिजनेस से जुड़े फैसले अपनी मर्जी से ले सकती हैं, लेकिन चीनी कंपनियों को कानूनों और नियमों के तहत फैसला लेना होगा। अमेरिकी नेशनल फाइनेंशियल एडवाइजर फर्म वेडबुश के एनालिस्ट डैन इविस के मुताबिक, टिकटॉक की कीमत वर्तमान एल्गोरिदम के साथ 100 बिलियन डॉलर से ज्यादा है। बाइटडांस के एल्गोरिदम के साथ कंपनी की वैल्यू 200 बिलियन डॉलर तक हो सकती है। अगर टिकटॉक के खास एल्गोरिदम को हटा दिया जाए तो इसकी वैल्यू घटकर 40-50 बिलियन डॉलर रह जाएगी।

टिकटॉक का एल्गोरिदम बेहद स्मार्ट टेक्नोलॉजी पर आधारित है। जो यूजर्स को उसकी पसंद के मुताबिक कंटेंट दिखाता है। इस एल्गोरिदम की वजह से यूजर्स को उसके इंट्रेस्ट, सर्च हिस्ट्री और इंटरएक्शन के आधार पर रिलेटेड वीडियोज दिखाई जाती हैं। इस वजह से कंपनी की वैल्यू कई बिलियन डॉलर तक बढ़ गई है।

## बच्चों का धान बेचकर शराब पी गया शिक्षक

### नशे में स्कूल कैंपस में सोता रहा, कांकेर में स्टूडेंट्स को छेरछेरा में मिला था दान

कांकेर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कांकेर में नशे में धुत होकर शिक्षक स्कूल में सोता रहा। जानकारी के मुताबिक छेरछेरा में स्टूडेंट्स ने घर-घर जाकर दान मांगा था, शिक्षक ने दान में मिले धान को बेचकर शराब पी ली।

मामला दुर्गूकोंदल थाना क्षेत्र के ग्राम पलाचूर प्राथमिक शाला का है। जहां बुधवार को सहायक शिक्षक राम कुमार कोमरा नशे में धुत होकर सोता नजर आया। घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार स्कूली बच्चे छेरछेरा पूर्णिमा में घर-घर जाकर दान मांगकर धान और अन्य सामग्री एकत्रित किए थे। शिक्षक को इसकी जानकारी मिलते ही वो धान को ले जाकर दुकान में बेच दिया।

उस पैसे का शराब पी लिया। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि शिक्षक रोजाना इसी हालत में स्कूल पहुंचता है और अब तक उच्च अधिकारियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे समस्याएं बनी हुई है।

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने बताया कि उन्होंने भी वीडियो देखा है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को मामले की जांच के लिए निर्देशित किया गया है। रिपोर्ट आने पर एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि वीडियो में जो घटना देखने को मिल रही है, वह बहुत निंदनीय है एक शिक्षक के कारण हमारा पूरा शिक्षक समुदाय बदनाम हो रहा है। शराब के नशे में स्कूल पहुंचने की यह कोई पहली घटना नही है, इसके पहले भी कई वीडियो आ चुके हैं और लगातार विभाग के अधिकारियों की ओर से कार्रवाई की जा रही है। बावजूद इसके लगातार जिले से वीडियो सामने आ रहे हैं। शिक्षकों का नशे में स्कूल पहुंचना, शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है।

बलरामपुर जिले में भी नशे में धुत एक टीचर का वीडियो वायरल हो रहा है। शिक्षक नशे में लड़खड़ाते हुए नजर आए। इतना ही नहीं शराबी टीचर बच्चों को बिना पढ़ाए ही निकल भी गए। मामला कुसमी विकासखंड के सोनपुर गांव स्थित प्राथमिक शाला बैगापारा का है। सहायक शिक्षक का नाम गणेश राम बताया जा रहा है। वीडियो में बच्चे यह भी कह रहे हैं कि, गुरुजी रोज ही ऐसे आते हैं। मामले का वीडियो वायरल हुआ तो डीईओ देवेंद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि, एक शिक्षक का वीडियो वायरल हो रहा है, जो नशे में पाया गया है। विकास खंड शिक्षा अधिकारी को इस मामले की जांच के लिए कहा गया है। रिपोर्ट मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

## राशन लेने आए थे, ट्रायंगल शेप के एंबुश में फंसे, दो दिन भूखे-प्यासे लड़ते रहे जवान

गरियाबंद, 23 जनवरी (एजेंसियां)। कुल्हाड़ी घाट पंचायत के भालू डिग्गी टोला के जंगल में फोर्स ने 27 नक्सलियों को मार गिराया। नक्सली खाने के जुगाड़ में गांव के करीब आए थे। इसी बीच फोर्स ने इन्हें ट्रायंगल शेप के एंबुश में घेर लिया। पहाड़ी पर बसे कुल्हाड़ी घाट के गांव नक्सलियों के सबसे सेफ जोन में शामिल थे। अब तक इन पहाड़ी रास्तों के जरिए ही नक्सली 3 राज्यों में आना-जाना करते आए हैं। भालू डिग्गी में पिछले 72 घंटे तक जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चली। बुधवार तक 16 नक्सलियों की डेडबॉडी रिकवर कर ली गई। मारे गए नक्सली में 1 करोड़ का इनामी जयराम रेड्डी उर्फ अप्पाराव भी है। यह सेंट्रल कमेटी मेंबर (सीसीएम) कैडर का था। इन सबके बीच ग्राउंड जीरो पर पहुंची तो पता चला दो दिन तक जवान भूखे-प्यासे लड़ते रहे। जो खाना अपने साथ लेकर गए थे, वो खत्म हो गया था। पीने के पानी के लिए नाले या झरने का सहारा लेना पड़ा। कुल्हाड़ी घाट, 75





किलोमीटर में फैली हुई पंचायत है, जिसके अधीन सात गांव आते हैं। ये गांव आदिवासी बाहुल्य हैं और चारों ओर से पहाड़ी और जंगल से घिरे हुए हैं। कुल आबादी 1500 के आस–पास की है। पूरा इलाका नो नेटवर्क जोन है। सात में से चार गांव पहाड़ी पर बसे हैं। इसके अलावा तीन गांव पहाड़ी के नीचे बसे हैं। स्थानीय ग्रामीणों और एनकाउंटर कर लौटे जवानों ने बताया, सामान्यतः इन गांवों के ऊपर पहाड़ी का जो हिस्सा है, वहां नक्सली मूवमेंट मार्क होते हैं। जहां बड़ी–बड़ी खाई और कई वाटर फॉल के सोर्स हैं। मुठभेड़ वाली जगह यानी भालू डिग्गी टोला पहाड़ पर बसा हुआ है। इस टोले की कुल आबादी सिर्फ 102 है। इस गांव के रास्ते में आपका सामना तेंदुए जैसे जंगली जानवर से कभी भी हो सकता है। सूरज ढलने के बाद मैनपुर के लोकल्स भी कुल्हाड़ी घाट या इसके अधीनस्थ किसी भी गांव में एंट्री नहीं करते।

कुल्हाड़ी घाट पहली दफा 39 साल पहले नेशनल मीडिया में टॉकिंग पॉइंट बना था। तब 14 जुलाई 1985 को राजीव गांधी इस गांव में पहुंचे थे। बीते मंगलवार यानी 21 जनवरी को दूसरी बार ये गांव लाइम लाइट में आया। जब एक साथ इस गांव से जवान 14 नक्सलियों का शव लेकर निकले।

नक्सली लीडर इस पॉइंट से ओडिशा, आंध्रप्रदेश और छत्तीसगढ़ इन तीन राज्यों के अपने कुनबे को कंट्रोल करते थे। डेंस फॉरेस्ट और ऊंचाई के चलते पिछले 20 साल से ये इलाका अप्पाराव और उसके साथियों के लिए सेफ जोन बना हुआ था। यही कारण है कि टॉप कैडर के लीडर्स यहां लंबे समय से अपना डेरा जमाते रहे हैं।

जो आबादी पहाड़ी पर बसी हुई है, वो सप्ताह में केवल एक दिन ही राशन पानी लेने नीचे–उतरती है। ये लोग घोड़े और खच्चर के सहारे सप्ताहभर का राशन एक बार में ही पहाड़ों पर लेकर जाते हैं। इसके बाद इनका नीचे वाले लोगों और उनकी जिंदगी से कोई वास्ता नहीं रहता।

रविवार रात जवानों को जानकारी मिली कि राशन पानी के जुगाड़ में अप्पाराव ने अपनी प्रोटेक्शन टीम के साथ भालू डिग्गी टोले के करीब डेरा जमाया हुआ है। हालांकि, ऐसा बहुत कम ही होता है कि सीसी लेवल का कोई नक्सली अपना सेफ जोन छोड़कर किसी गांव के करीब डेरा जमा ले। रात का वक्त होने के चलते ये लोग गांव को सेफ जोन मानकर रुक गए होंगे।

इसके बाद बिना देर किए रात को ही ई–30 (जिला गरियाबंद के जवान), कोबरा 207, सीआरपीएफ 65 और 211 नंबर की बटालियन मौके के लिए रवाना हुई। लेकिन पेंच ये था कि भालू डिग्गी से ओडिशा केवल 5 से 6 किमी की दूरी पर है।

एक तरफ से हमला होता तो नक्सली आराम से ओडिशा की ओर निकल जाते। ऐसे में ओडिशा के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप(एसओजी) के जवानों को काम पर लगाया गया।

ओडिशा वाले छोर को एसओजी ने ब्लॉक कर दिया।

## सर्कल इंस्पेक्टर 20 हजार रुपए रिश्वत लेते धराया

### गिरफ्तारी के बाद हंसने लगा, किया हंगामा, पहले भी कर चुका है फर्जीवाड़ा

लातेहार, 23 जनवरी (एजेंसियां)। लातेहार में पलामू एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को बरवाडीह प्रखंड के प्रभारी अंचल निरीक्षक (सर्कल इंस्पेक्टर) को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी सर्कल इंस्पेक्टर सुरेश राम को एसीबी ने 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद वो हंसने लगा और कुछ देर हंगामा भी किया। एसीबी की टीम सुरेश राम को अपने साथ पलामू ले गई। सुरेश राम को वर्ष 2011-12 में चंदवा अंचल में राजस्व कर्मचारी रहते हुए जमीन में फर्जीवाड़ा मामले में लातेहार के तत्कालीन डीसी राहुल पुरवार द्वारा निलंबित किया गया था।

इधर, पलामू एसीबी के एसपी अंजनी अंजन ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। एसीबी की टीम ने सुरेश राम को उनके घर से



गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने हंगामा किया, जिसके बाद बरवाडीह पुलिस को बुलाना पड़ा। सुरेश राम ने 30 डिसमिल जमीन का म्यूटेशन करने के लिए वादी से एक लाख रुपए की मांग की थी। पहली किस्त के रूप में 20 हजार रुपए की डिमांड रखी गई। वादी ने इसकी शिकायत एसीबी की टीम से की। एसीबी ने मामले का सत्यापन किया तो आरोप सही पाया गया। इसके बाद एसीबी ने वादी को 20 हजार रुपए लेकर सुरेश राम को देने के लिए भेजा। जैसे ही उसने रुपए पकड़े, एसीबी की टीम ने सुरेश राम को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। सुरेश राम को दो दिन पहले ही बरवाडीह से महुआडांड का ट्रांसफर किया गया था। अंचलाधिकारी द्वारा उन्हें विरमित भी कर दिया गया था, लेकिन सुरेश ने महुआडांड अंचल में योगदान नहीं दिया था।

## पेड़ से टकराई बोलेरो, दो की मौत

लातेहार, 23 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड के लातेहार जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा महुआडांड थाना क्षेत्र के रेंगाई गांव के सुग्गी मोड़ पर बुधवार की देर रात को हुआ।

दुर्घटना बोलेरो के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से हुई। बोलेरो सवार सभी लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे।

दुर्घटना में नवीन टोप्पो (पिता जोनसन टोप्पो) और वाल्टर कुजूर (पिता कमिल कुजूर) की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल हुए तीन युवकों में अर्जुन केरकट्टा, अशित और जेम्स टोप्पो शामिल हैं।

सभी पीड़ित महुआडांड थाना क्षेत्र के निवासी हैं। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को तत्काल महुआडांड स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉ. अमित खलखो ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। घायल युवकों को सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। महुआडांड पुलिस ने घटनास्थल से क्षतिग्रस्त वाहन को जब्त कर थाने में ले जाकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कुणाल षाड़ंगी की नई थार पर धोनी ने दिया ऑटोग्राफ

### माही के आवास पर पहुंचे थे पूर्व विधायक, कहा–धोनी व्यक्तिगत रिश्तों में भी चैंपियन

रांची, 23 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने अपने खास दोस्त और बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी की नई महिंद्रा थार गाड़ी पर ऑटोग्राफ देकर इस पल को खास बना दिया। कुणाल षाड़ंगी, जो झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य भी हैं, धोनी से मिलने उनके आवास पहुंचे और अपनी नई गाड़ी को दिखाया।

धोनी ने गाड़ी पर अपने हस्ताक्षर करके इसे यादगार बना दिया। यह पल न केवल उनकी दोस्ती के मजबूत रिश्ते को दर्शाती है, बल्कि धोनी के फैन्स के बीच उनकी लोकप्रियता को और बढ़ा देती है। कुणाल ने इस मौके पर कहा कि धोनी के इस



खास अंदाज ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे केवल मैदान पर ही नहीं, बल्कि व्यक्तिगत रिश्तों में भी चैंपियन हैं।

कुणाल षाड़ंगी ने नई गाड़ी खरीदने के बाद धोनी से मिलने की इच्छा जाहिर की, जिसे धोनी ने खुशी-खुशी पूरा किया। धोनी से ऑटोग्राफ पाकर कुणाल ने कहा- एमएस धोनी न केवल एक महान खिलाड़ी हैं, बल्कि एक सच्चे दोस्त भी हैं। उनकी सादगी और गर्मजोशी अद्वितीय है। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन में सदस्य होने के नाते कुणाल का धोनी से पुराना जुड़ाव है।

## सीबीआई ने हजारीबाग के सिरसी गांव में की छापेमारी

हजारीबाग, 23 जनवरी (एजेंसियां)। पटना से आई केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने गुरुवार को झारखंड के हजारीबाग जिले में एक बड़ी कार्रवाई की। ईचाक थाना क्षेत्र के सिरसी गांव में साइबर अपराध से जुड़े एक मामले में छापेमारी की गई। सीबीआई की टीम ने गांव निवासी राजू प्रसाद कुशवाहा के घर पर छापेमारी कर कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए। टीम ने कई घंटों तक गहन जांच-पड़ताल की, जिसमें स्थानीय पुलिस ने भी सहयोग किया। हालांकि, अधिकारियों ने इस कार्रवाई के बारे में विस्तृत जानकारी साझा करने से परहेज किया। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई साइबर अपराध से जुड़े एक बड़े मामले का हिस्सा है। सीबीआई की टीम विशेष रूप से पटना से इस छापेमारी के लिए पहुंची थी।

इस कार्रवाई से क्षेत्र में साइबर अपराध में संलिप्त गिरोहों पर अंकुश लगाने की उम्मीदें बढ़ी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस छापेमारी के बाद गांव में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

## गर्भवती महिला को बेरहमी से पीटा


रायपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद बुधवार को रायपुर पहुंचे। वह अपने समर्थकों के साथ रायपुर सेंट्रल जेल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बलौदाबाजार हिंसा मामले में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद लोगों से मुलाकात की। मुलाकात के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार में बीते दिनों सतनामी समाज के आंदोलन और उसमें हुई हिंसा में गिरफ्तार किए गए लोगों से आज रायपुर के सेंट्रल जेल में मुलाकात की। निर्दोष सतनामी समाज के लोगों को बर्बरतापूर्वक पीटा गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में एक गर्भवती महिला को पीटा गया और पेट में ही उसका बच्चा खत्म हो गया। उस महिला ने अपना सब कुछ खो दिया। उन्होंने कहा कि यह घटना पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है, सिर्फ सतनामी समाज को फंसाने के लिए इस तरह की कार्रवाई की गई है। सरकार सतनामियों पर जुल्म करना चाहती है, लेकिन सतनामी समाज अपने हक और अधिकार के लिए हमेशा आवाज उठाएगा।

## 9 साल के ओम की हत्या का खुलासा नहीं

गोड्डा, 23 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड के गोड्डा जिले में 9 वर्षीय मासूम ओम कुमार की हत्या का मामला अभी भी अनसुलझा है। बुधवार को न्याय की मांग को लेकर परिजनों और ग्रामीणों ने कैंडल मार्च निकाला। मृतक के पिता रंजित दास के नेतृत्व में एसबीआई शाखा से शुरू हुआ मार्च पथरगामा अस्पताल रोड होते हुए बीएसएनएल टावर चौक तक पहुंचा। बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर न्याय की मांग की। पुलिस द्वारा अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी न होने से परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं, पुलिस का कहना है कि वह हर बिंदु पर जांच कर रही है। पथरगामा के द्वारिकाचक गांव निवासी रंजित दास उर्फ कटकून दास का बेटा ओम 11 जनवरी को अपने घर के बाहर से रहस्यमय तरीके से गायब हो गया था। परिवार की तलाश के बाद उसका शव एक तालाब में मिला। मन्नतों के बाद जन्मे ओम की मौत ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है।

# शॉन करन यूएस सीक्रेट सर्विस के डायरेक्टर बने

## पिछले साल गोली लगने के बाद ट्रम्प को बचाया, सिक्योरिटी टीम को लीड कर रहे थे



वॉशिंगटन, 23 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीक्रेट सर्विस के डायरेक्टर के तौर पर शॉन करन को चुना है। ट्रम्प ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। शॉन करन पिछले साल पेंसिलवेनिया में ट्रम्प पर हुए जानलेवा हमले के दौरान सुरक्षा टीम को लीड कर रहे थे।

शॉन करन न्यूयॉर्क के रहने वाले हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक उन्होंने सीक्रेट सर्विस के नेवार्क फील्ड ऑफिस में एक स्पेशल एजेंट के तौर पर अपना करियर शुरू किया था। उनके साथ काम कर चुके एक पूर्व एजेंट जोनाथन वैक्रो के मुताबिक करन ने राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ स्पेशल डिपार्टमेंट में भी काम किया है। वे हाई प्रोफाइल लोगों की सुरक्षा वाले विभाग में कर चुके हैं।

एनवाईटी के मुताबिक शॉन करन को सीक्रेट सर्विस का डायरेक्टर बनाना आश्चर्यजनक है। करन ने सीक्रेट सर्विस के किसी भी हेडक्वार्टर में काम नहीं किया है। उन्हें एक एजेंट से सीधे डायरेक्टर के तौर पर नियुक्त किया जा रहा है। उनकी नियुक्ति के लिए शॉनेट की मंजूरी की जरूरत भी नहीं हैं।

डोनाल्ड ट्रम्प पर हुए जानलेवा हमले के बाद सीक्रेट सर्विस की तत्कालीन डायरेक्टर किम्बर्ली चीटल को 10 दिन बाद ही इस्तीफा देना पड़ा था। उन पर अपनी जिम्मेदारी ठीक से न निभाने का आरोप लग रहा था। इस वजह से चीटल को संसद की कमेटी के सामने पेश होना पड़ा था। ये वेयर हाउस ट्रम्प के मंच से सिर्फ 400 फीट की दूरी पर था। चीटल से जब पूछा गया कि सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स वहां पर तैनात क्यों नहीं थे, इस पर उन्होंने कुछ नहीं बताया था।

# अमेरिका से अवैध प्रवासियों की वापसी पर भारत सहमत

## जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री से बात की, 18 हजार भारतीय निकाले जाने हैं

वॉशिंगटन, 23 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी दौरे पर गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि हम अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों नागरिकों की वापसी के लिए तैयार है। विदेश मंत्री ने इस मुद्दे पर भारत के रुख को स्थिर और सैद्धांतिक बताया। जयशंकर ने इसे लेकर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात की है।

जयशंकर ने वॉशिंगटन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये जानकारी दी। कॉन्फ्रेंस के दौरान जयशंकर ने कहा, हमारा मानना है कि अगर हमारे नागरिक यहां अवैध रूप से रह रहे हैं और ये तय हो जाता है कि वे हमारे नागरिक हैं, तो उनकी वापसी के लिए हम हमेशा तैयार हैं। अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 18 हजार भारतीयों की देश वापसी होगी। अमेरिकी वेबसाइट ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक इनके पास अमेरिका की नागरिकता नहीं है, वहां की नागरिकता हासिल करने के लिए सही कागज दस्तावेज भी नहीं हैं।

अमेरिका में पिछले महीने अवैध प्रवासियों से डील करने वाली सरकारी संस्था (आईसीई) ने करीब 15 लाख लोगों की एक सूची बनाई थी, जो अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे हैं। 18 हजार भारतीय इसी सूची का हिस्सा हैं।

अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक 2023 में 3,86,000 लोगों को एच-1बी वीजा दिया गया था, जिनमें से लगभग तीन-चौथाई भारतीय नागरिक हैं।

कॉन्फ्रेंस के दौरान जयशंकर ने बताया कि उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज से बांग्लादेश के मुद्दे पर संक्षिप्त चर्चा की है। पत्रकारों ने जयशंकर से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के हालात से जुड़ी चर्चा का सवाल किया था।

# कैलिफोर्निया में फिर से भड़की आग

## 10 हजार एकड़ इलाका जला, 50 हजार लोगों को घर छोड़ने का आदेश



लॉस एंजिलिस, 23 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के कैलिफोर्निया में पिछले कई हफ्तों से लगी आग एक बार फिर भड़क गई है। इस बार लॉस एंजिलिस के उत्तरी इलाके ह्यूजेस में आग लगी है। बुधवार को लगी आग से करीब 10 हजार एकड़ इलाका जल गया है। आग की वजह 50 हजार लोगों को घर छोड़ने को कहा गया है।

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, कास्टिक झील के पास लगी इस आग को बुझाने के लिए 4 हजार फायर फाइटर्स को तैनात किया गया है। यहां 48 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही हैं। आग इतनी तेजी से फैल रही है कि इससे हर 3 सेकेंड में एक फुटबॉल मैदान के बराबर इलाका जल रहा है।

सैटेलाइट डेटा के मुताबिक स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 10:45 बजे कास्टिक झील के पास हॉटस्पॉट का पता चला था। इससे पहले लॉस एंजिलिस के आसपास के दक्षिणी जंगलों में 7 जनवरी को आग लगी थी। इसमें 25 लोगों की जान चली गई थी।

कैलिफोर्निया में कई सालों से सूखे के हालात हैं। इलाके में नमी की कमी है। इसके अलावा यह राज्य अमेरिका के दूसरे इलाकों की तुलना में काफी गर्म है। यही वजह है कि यहां पर गर्मी के मौसम में अक्सर जंगलों में आग लग जाती है। यह सिलसिला बारिश का मौसम आने तक जारी रहता है। हालांकि, बीते कुछ सालों से हर मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। पिछले 50 सालों में कैलिफोर्निया के जंगलों में 78 से ज्यादा बार आग लग चुकी है। कैलिफोर्निया में जंगलों के पास रिहायशी इलाके बढ़े हैं। ऐसे में आग लगने पर नुकसान ज्यादा होता है। 1933 में लॉस एंजिलिस के ग्रिफिथ पार्क में लगी आग कैलिफोर्निया की सबसे बड़ी आग थी। इसने करीब 83 हजार एकड़ के इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था। करीब 3 लाख लोगों को अपना घर छोड़कर दूसरे शहरों जाना पड़ा था।

# ट्रम्प सरकार के पहले दिन 308 अवैध प्रवासी गिरफ्तार

## इन पर हत्या, रेप, किडनैपिंग के आरोप, न्यूयॉर्क से 4 बांग्लादेशी भी पकड़े गए

वॉशिंगटन, 23 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पदभार संभालने के पहले दिन (मंगलवार) इमीग्रेशन एंड कस्टम इन्फोर्समेंट (आईसीई) ने 308 अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किया है। द न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक सीमा सुरक्षा अधिकारी टॉम होमन ने यह खुलासा किया है।

ये गिरफ्तारियां देश के हर हिस्से से हुई हैं। इन अवैध प्रवासियों में से ज्यादातर अपराधी हैं। इनमें से कुछ पर अपहरण, हत्या और बलात्कार के आरोप हैं। होमन ने बुधवार को कहा कि इमीग्रेशन अधिकारियों ने उन अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार करना शुरू कर दिया है जो देश के लिए खतरा पैदा करते हैं। इनकी आबादी 7 लाख से ज्यादा है।

बांग्ला अखबार प्रथोम अलो की रिपोर्ट के मुताबिक पहले दिन पकड़े गए लोगों में 4 बांग्लादेशी नागरिक हैं। इन्हें न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन बरो फुल्टन इलाके से गिरफ्तार किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के कई राज्यों में छापेमारी जारी है और बड़े पैमाने पर अप्रवासियों से पूछताछ की जा रही है।

राष्ट्रपति चुनाव जीतने के कुछ ही दिन बाद ट्रम्प ने इमिग्रेशन और कस्टम एनफोर्समेंट (आईसीई) के पूर्व प्रमुख टॉम होमन को 'बॉर्डर जार(सीमा सुरक्षा अधिकारी)' नियुक्त किया था। होमन ने पिछले सप्ताह ऐलान किया था कि ट्रम्प के शपथ ग्रहण के अगले दिन वे देशभर में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू करेंगे और हिना दस्तावेज वाले अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार करेंगे। सोमवार को शपथ लेने के बाद ट्रम्प ने कई एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर दस्तखत किए। इनमें से अवैध प्रवासियों की एंट्री रोकने और सीमा पर सुरक्षा कड़ी करने जैसे आदेश थे। ट्रम्प ने शपथ के दौरान भी अमेरिका से अवैध प्रवासियों को निकालने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि बहुत जल्द अमेरिका इतिहास का सबसे बड़ा निर्वासन अभियान शुरू होगा।

प्यू रिसर्च सेंटर के मुताबिक अमेरिका में दुनिया के सबसे ज्यादा अप्रवासी हैं। दुनिया के कुल 20% अप्रवासी अमेरिका में ही रहते हैं। 2023 तक यहां रहने वाले अप्रवासियों की कुल संख्या 4.78 करोड़ थी। ट्रम्प का मानना है कि दूसरे देशों से लोग अवैध तरीके से अमेरिका में घुसकर अपराध करते हैं।

### पटना एम्स में पहली बार 2 मरीजों का किडनी ट्रांसप्लांट

#### 65 और 53 साल के मां-बाप ने 34 और 19 साल के बच्चों को दिया जीवनदान

पटना, 23 जनवरी (एजेंसियां)। पटना एम्स में पहली बार 2 मरीजों का एक साथ किडनी ट्रांसप्लांट हुआ है। 20 और 21 जनवरी को पीजीआई चंडीगढ़ की मदद से डॉक्टरों की टीम ने सफल ऑपरेशन किया है। 65 और 53 साल के मां-बाप ने 34 और 19 साल के बच्चों को जीवनदान दिया है। पहला ट्रांसप्लांट सीतामढ़ी के युवक का हुआ। जिसे उनकी 65 वर्षीय मां ने किडनी डोनेट किया। दूसरा ऑपरेशन जहानाबाद की रहने वाली मेडिकल छात्रा का हुआ। 53 वर्षीय पिता ने किडनी दी। एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. सौरभ वार्ष्णेय ने बताया कि सभी मरीज पूरी तरह से स्वस्थ हैं। सफल ऑपरेशन में किडनी यूनिट के 13 सदस्यीय दल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# अमेरिका में 20 फरवरी से पहले सीजेरियन डिलीवरी की होड़

## इसके बाद जन्मे बच्चों को नागरिकता नहीं मिलेगी, ट्रम्प ने बर्थराइट सिटिजनशिप खत्म की



वॉशिंगटन, 23 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में 20 फरवरी से पहले बच्चे को जन्म देने की होड़ मच गई है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक एक भारतीय मूल की स्त्री रोग विशेषज्ञ ने बताया कि उन्हें ऐसे करीब 20 फोन आए हैं जिनमें गर्भवती महिलाएं समय से पहले डिलीवरी के लिए सी-सेक्शन यानी सर्जरी कराना चाह रही हैं।

दरअसल, राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ट्रम्प ने एग्जीक्यूटिव ऑर्डर जारी कर जन्मजात नागरिकता के अधिकार को समाप्त करने का फैसला किया है। ऐसे में अवैध प्रवासियों या वीजा पर रहने वाले लोगों के उन बच्चों को नागरिकता नहीं मिल पाएगी जिनका जन्म अमेरिका में होगा।

ट्रम्प ने इस आदेश को लागू करने के लिए 30 दिन का समय दिया है। 19 फरवरी को यह समय सीमा पूरी हो रही है। यही वजह है कि कई गर्भवती महिलाएं 20 फरवरी से पहले बच्चा पैदा करना चाहती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक कई भारतीय महिलाएं आठवें या नौवें महीने में, 20 फरवरी से पहले बच्चे पैदा करना चाहती हैं। न्यू जर्सी की डॉ. एस.डी. रामा ने बताया कि ट्रम्प के ऐलान के बाद ऐसे मामले बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि एक महिला तो सातवें महीने में ही डिलीवरी चाहती है। इसके लिए वे पति के साथ आई थीं और डिलीवरी की तारीख मांग रही थीं।

टेक्सास की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. एस जी मुक्काला ने समय से पहले बच्चे के जन्म के बाद होने वाले नुकसान पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि समय से पहले बच्चे पैदा करना संभव है, लेकिन इससे मां और बच्चे के लिए खतरा बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि समय से पहले डिलीवरी से बच्चों में अविकसित फेफड़े, तंत्रिका तंत्र को नुकसान, कम वजन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। गरीब और युद्धग्रस्त देशों से आए लोग अमेरिका आकर और बच्चों को जन्म देते हैं। ये लोग पढ़ाई, रिसर्च, नौकरी के आधार पर अमेरिका में रुकते हैं। बच्चे का जन्म होते ही उन्हें अमेरिकी नागरिकता मिल जाती है। नागरिकता के बहाने माता-पिता को अमेरिका में रहने की कानूनी वजह भी मिल जाती है।

अमेरिका में यह ट्रेंड काफी लंबे समय से जोरों पर है। आलोचक इसे बर्थ टूरिज्म कहते हैं। प्यू रिसर्च सेंटर की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक 16 लाख भारतीय बच्चों को अमेरिका में जन्म लेने की वजह से नागरिकता मिली है।

ट्रम्प ने जिस एग्जीक्यूटिव ऑर्डर से जन्मजात नागरिकता कानून को खत्म किया है उसका नाम 'प्रोटेक्टिंग द मीनिंग एंड वैल्यू ऑफ अमेरिकन सिटिजनशिप' है। यह आदेश 4 परिस्थितियों में अमेरिकी नागरिकता देने से इनकार करता है। बीबीसी के मुताबिक ज्यादातर कानूनी जानकारों का मानना है कि जन्मजात नागरिकता के अधिकार को एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर से खत्म नहीं किया जा सकता। इसे खत्म करने के लिए संविधान में संशोधन की जरूरत होगी। यह संसोधन रिप्रेजेंटेटिव हाउस और सीनेट में दो-तिहाई वोटों के साथ ही पास कराया जा सकता है। इसके अलावा इसमें राज्यों का भी समर्थन चाहिए होगा। हालांकि ट्रम्प के आदेश का अमेरिका में विरोध शुरू हो गया है। मंगलवार को 22 राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने दो फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में इसके खिलाफ मुकदमा दायर कर आदेश को रद्द करने के लिए कहा।

# थाईलैंड में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता

## पूर्व पीएम बोले– हम अमेरिका से ज्यादा खुले ख्याल वाले, ट्रांसजेंडर्स को भी शादी का अधिकार





बैंकॉक, 23 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्वी एशिया के देश थाईलैंड में आज यानी 23 जनवरी से समलैंगिक विवाह को कानून मान्यता मिल गई। इसके बाद कई समलैंगिक जोड़ों ने अपनी शादी रजिस्टर कराई। एशिया में ताइवान और नेपाल के बाद थाइलैंड तीसरा प्रमुख देश है, जिसने समलैंगिक विवाह को मान्यता दी है। इस मौके पर पूर्व थाई पीएम श्रेष्ठा थाविसिन ने कहा हम अमेरिका से भी ज्यादा खुले विचारों वाले हैं।

वहीं, प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनवात्रा ने X पर लिखा- आज रेनबो फ्लैग (समलैंगिक झंडा) थाईलैंड पर गर्व से लहरा रहा है। नए विवाह कानून में पुरुष, महिला, पति और पत्नी की जगह जेंडर न्यूट्रल शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। नए कानून में ट्रांसजेंडर्स को भी शादी का अधिकार दिया गया है।

इस कानून के लागू होते हुए थाई एक्टर अपीवात पोर्श ने अपने पार्टनर साप्पन्यो आर्म के साथ अपनी शादी रजिस्टर कराई। पूर्व थाई प्रधानमंत्री श्रेष्ठा थाविसिन ने इस कानून के लागू होने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तंज किया। उन्होंने कहा- हाल ही में एक देश के नेता ने कहा था कि वहां सिर्फ दो ही जेंडर हैं, लेकिन मुझे लगता है कि हम उनसे कहीं ज्यादा खुले विचारों वाले हैं।

इस कानून को थाईलैंड के राजा महा वजीरालोंगकोर्न ने सितंबर में अप्रूव किया था, जिसके 120 दिनों बाद यह कानून लागू हो पाया। थाईलैंड में एलजीबीटीक्यू+ समुदाय के अधिकार को काफी ज्यादा प्रमुखता दी जाती है। थाईलैंड के सामाजिक कार्यकर्ता एक दशक से समलैंगिक विवाह के अधिकारों को मान्यता दिलाने के लिए कोशिश कर रहे थे, लेकिन देश में राजनीतिक उथल-पुथल की वजह से इसमें लगातार देरी हो रही थी।

**भारत में सेम सेक्स मैरिज गैर-कानूनी**

2001 में नीदरलैंड समलैंगिक विवाह को अनुमति देने वाला पहला देश था। इसके बाद 30 से अधिक देशों ने इस विवाह को मान्यता दी है। हालांकि, भारत में सेम सेक्स मैरिज गैर-कानूनी है।

भारत में विभिन्न धर्मों में शादी की वैधता के लिए कई तरह के कानून हैं। हिन्दू, जैन, बौद्ध और सिक्ख धर्म के लोगों के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम-1955 है, जबकि ईसाईयों के लिए क्रिश्चयन मैरिज एक्ट-1872 है। इसी तरह मुस्लिम अपने धार्मिक कानून मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत शादी करते हैं। इन सभी कानूनों के अनुसार सिर्फ पुरुष और महिला के बीच ही शादी हो सकती है।

### 3 लाख की सुपारी देकर भाभी ने कराई हत्या

#### हजारीबाग डीसी ऑफिस में तैनात था देवर, 12 जनवरी को घर में घुसकर मारी थी गोली

बोकारो, 23 जनवरी (एजेंसियां)। हजारीबाग डीसी ऑफिस में तैनात पिंटू कुमार नायक (32) हत्याकांड का बोकारो पुलिस ने गुरुवार को खुलासा कर दिया। 12 जनवरी को पिंटू की गोली मारकर हत्या उसकी ही सगी भाभी सुनीता देवी (42) ने 3 लाख रुपए सुपारी देकर करवाई थी। सुनीता देवी और पिंटू के बीच संपत्ति का विवाद चल रहा था और इसी वजह से महिला ने उसकी हत्या करवा दी। पिंटू हजारीबाग डीसी ऑफिस के जिला कोषागार में लेखा सहायक के रूप में पदस्थापित था। पिंटू को करीब डेढ़ साल पहले ही यह जॉब मिली थी। पुलिस ने पिंटू की हत्या मामले में सुनीता देवी, छोटेलाल नायक उर्फ छोटु उर्फ भोलू (22), टिमा तुरी (36), राहुल कश्यप (32) और अजीत कुमार उर्फ सीताराम साव (29) को गिरफ्तार कर लिया है।

# गलती से विमान में छूटी बिल्ली

## 24 घंटे तक हवाई यात्रा की, तीन बार की न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया की यात्रा



वेलिंग्टन, 23 जनवरी (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड से एक अजीबोगरीब खबर सामने आ रही है। जहां एक मिटेंस नामक बिल्ली छोटी सी गलती के कारण जेटसेटर बन गई। दरसअल इस महीने एक मेन कून बिल्ली जिसका नाम मिटेंस है। जब उसका पिंजरा विमान के कार्गो होल्ड में छूट गया, तो उसने न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच 24 घंटे में तीन बार यात्रा की। बता दें कि 8 साल की मिटेंस को 13 जनवरी को न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च से ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में अपने नए घर के लिए एक साइड की यात्रा पर भेजा गया था। लेकिन जब उसके मालिक मार्गो नेस विमान से बिल्ली को उतारने का इंतजार कर रही थीं, तो तीन घंटे बाद भी मिटेंस का कोई पता नहीं चला। फिर ग्राउंड स्टाफ ने बताया कि विमान न्यूजीलैंड वापस लौट आया था और मिटेंस अभी भी उस पर सवार थी। यह यात्रा लगभग 7.5 घंटे लंबी थी।

मेंटस की मालीक नेस को जब ये पता चला तो उन्होंने आश्चर्यचकित होकर उन्होंने कहा कि यह कैसे हो सकता है?, इसके बाद पता चला कि एयर न्यूजीलैंड के पायलट को उड़ान के दौरान बिल्ली के बारे में जानकारी दी गई थी और उसने कार्गो होल्ड में हीटिंग चालू कर दी थी ताकि मिटेंस आरामदायक रहे। ऐसा हुआ क्योंकि व्हीलचेयर के कारण बैगेज हैंडलर को मिटेंस का पिंजरा नजर नहीं आया था।

**मिटेस से मिलने के बाद नेस की प्रतिक्रिया**

मिटेंस का वजन थोड़ा कम हो गया था, लेकिन उसे कोई नुकसान नहीं हुआ। नेस ने कहा कि वह बस मेरी बाहों में आकर लिपट गई और सबसे बड़ी झप्पी ली। यह बहुत राहत देने वाली बात थी। एयरलाइन ने इसके लिए माफी मांगी और कहा कि वह इस तरह की परेशानी को दोबारा न होने देने के लिए कदम उठाएगी।

# मोहम्मद यूनुस से नहीं संभल रहा बांग्लादेश

## रिपोर्ट में सामने आई सच्चाई, शेख हसीना को हटाने वाले ही अब पछता रहे



ढाका, 23 जनवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश में बीते साल जुलाई में छात्रों ने नौकरियों में कोटा सिस्टम के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया और 16 साल से चल रही शेख हसीना की सरकार को 5 अगस्त को उखाड़ फेंका। शेख हसीना को भागकर भारत में शरण लेनी पड़ी। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सीने पर गोलियां खाईं, जिसमें सैकड़ों लोगों की मौत हुई। अब शेख हसीना की सरकार के जाने के छह महीने बाद बेरोजगारों की हालत और खराब हो गई है। अब कई लोगों का मानना है कि नौकरी पाना सीने पर गोली खाने से भी ज्यादा मुश्किल काम है।

पिछले साल विरोध प्रदर्शनों की मुख्य वजह बेरोजगारी थी। अगस्त क्रांति के बाद के छह महीनों में यह और भी बदतर हो गई है। समाचार एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, आंदोलन में हिस्सा लेने वाले छात्रों को अब सपने टूटते नजर आ रहे हैं। ढाका विश्वविद्यालय के छात्र मोहम्मद रिजवान चौधरी ने एएफपी को बताया कि मोहम्मद यूनुस की कार्यवाहक सरकार की ओर से युवाओं के लिए बहुत कम कोशिश की गई है। चौधरी ने कहा, 'मुझे सरकार से अब तक कोई भी सार्थक पहल नहीं दिख रही है।' 25 वर्षीय चौधरी ने पिछले साल शेख हसीना को देश छोड़कर जाने के लिए मजबूर करने वाले विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लिया था। बांग्लादेश सांख्यिकी ब्यूरो (बीबीएस) के अनुसार, सितम्बर 2024 के अंदर में बेरोजगारों की संख्या 26.6 लाख हो गई थी, जो बीते साल के 24.9 लाख की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी सितम्बर में देश की आर्थिक गतिविधि के काफी धीमी होने की चेतावनी दी थी।

### वित्त मंत्री पहुंचे निरीक्षण करने, मधुमक्खियों ने किया हमला

#### एसडीएम समेत कई अधिकारी घायल, मंत्री को सुरक्षाकर्मियों ने बचाया

पलामू, 23 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर पलामू में गुरुवार को एक अधूरी सिंचाई परियोजना का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी दौरान वहां मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इस घटना में एसडीएम सहित कई अधिकारी, पत्रकार और स्थानीय ग्रामीण घायल हो गए। वित्त मंत्री राज्य के जल संसाधन सचिव और अन्य अधिकारियों के साथ पांकी स्थित अमानत बराज का निरीक्षण करने पहुंचे थे। वहीं, सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल मंत्री को घेरकर गाड़ी में सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। घायलों का इलाज सर्किट हाउस में डॉक्टर आरके रंजन द्वारा किया गया। मधुमक्खियों के हमले से बचने के लिए लोग काफी दूर तक भागते नजर आए।

# ईरान को चीन भेज रहा 1000 टन इजरायल की तबाही का सामान

## शिया देश बना सकेगा मिसाइलों का जखीरा, बढ़ा तनाव

तेहरान, 23 जनवरी (एजेंसियां)। इजरायल के साथ मिसाइल युद्ध के बाद अब ईरान ने एक बार फिर से अपने हथियारों का जखीरा बढ़ाना शुरू कर दिया है। ईरान को अपनी इस रणनीति में चीन से बड़ी मदद मिल गई है। चीन 1000 टन सोडियम पर्कलोरेट ईरान के कार्गो जहाज से भेज रहा है जो मिसाइल ईंधन का काम करता है। बताया जा रहा है कि दो जहाजों से चीन ने ईरान को ये केमिकल भेज रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक अगले कुछ सप्ताह के अंदर चीन से यह केमिकल ईरान के लिए रवाना हो जाएगा। इस रिपोर्ट में पश्चिमी देशों के खुफिया अधिकारियों के हवाले से यह दावा किया गया है।

माना जा रहा है कि इस रिपोर्ट के जरिए चीन और ईरान दोनों को इन जहाजों के बारे में स्पष्ट चेतावनी दी गई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के झंडे वाले जहाजों गोल्बोन और जैरान के जरिए इस केमिकल को भेजा जाएगा। इस 1000 टन सोडियम पर्कलोरेट से अमोनियम पर्कलोरेट बनाया जाता है जो मिसाइलों के लिए ईंधन का काम करता है। ईरान को पिछले साल मिसाइल के लिए ईंधन बनाने में बहुत समस्या का सामना करना पड़ा था। इजरायल ने अक्टूबर महीने में ईरान के लंबी दूरी के मिसाइल के फ्यूल बनाने के सामान को तबाह कर दिया था। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक इतने ज्यादा सोडियम पर्कलोरेट से 960 टन अमोनियम पर्कलोरेट बनाया जा सकता है। मिसाइल के ईंधन में 70 फीसदी अमोनियम पर्कलोरेट का इस्तेमाल किया जाता है। इससे करीब 250 खेइबर शेकान या हज कसाम मिसाइलों को बनाया जा सकता है। इस केमिकल को मिसाइल टेक्नॉलजी कंट्रोल प्रशासन के अंतर्गत आता है।

ईरान की ये मिसाइलें मध्यम दूरी तक मार करने में सक्षम हैं और सॉलिड फ्यूल से चलती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस केमिकल को ईरानी सेना को भेजा जा रहा है। अब मांग उठ रही है कि ईरान को इस केमिकल की आपूर्ति को रोका जाए।



# सीएम भजनलाल को घेरकर खुद फंसे टीकाराम जूली

## भ्रष्टाचार के आरोप निकले झूठे; पीडब्ल्यूडी ने इस तरह खोली पोल

जयपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर विफलताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली खुद ही फंस गए। टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गृह जिले भरतपुर में 35 करोड़ रुपये की लागत से बनी 25 सड़कों का लैब टेस्ट में फेल होने का मुद्दा उठाया तो पीडब्ल्यूडी विभाग ने पोल खोल दी। PWD ने कहा कि जिन सड़को की गुणवत्ता के संबंध में आप द्वारा एक्स पर पोस्ट की गई है, ये सभी सड़कें गत सरकार के कार्यकाल में बनी है।

टीकाराम जूली के आरोपों को लेकर राजस्थान के सार्वजनिक निर्माण विभाग के एक्स पर जवाब दिया। कहा कि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा इन सड़कों में से 9 सड़कों की जांच की गई जिनके सैंपल फेल पाए गए। अतः इनमें ज़िम्मेदार अधिकारीयों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही प्रक्रियाधीन है तथा संवेदक के विरुद्ध वसूली की कार्यवाही प्रस्तावित है।

पीडब्ल्यूडी ने कहा कि जिन सड़को की गुणवत्ता के संबंध में आप द्वारा एक्स पर पोस्ट की गई है, ये सभी सड़कें गत सरकार के



कार्यकाल में बनी है।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अपने एक्स हैंडल पर लिखते हुए कहा था कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गृह जिले भरतपुर में 35 करोड़ रुपये की लागत से बनी 25 सड़कों का लैब टेस्ट में फेल होना राज्य सरकार की विफलताओं और भ्रष्टाचार के चरम को स्पष्ट रूप से उजागर करता है। यह घटना न केवल प्रशासनिक लापरवाही का प्रमाण है, बल्कि यह सरकार के संरक्षण में फलते-फूलते भ्रष्टाचार की गंभीर तस्वीर पेश करती है।

उन्होंने कहा कि भरतपुर से सौंख रोड, अछनेरा रोड, गोलपुरा-हीरादास बाइपास रोड, एआर-मुरवारा रोड और अटल बंध लिंक रोड जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं में घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल हुआ है। करोड़ों रुपये के बजट का दुरुपयोग कर इन सड़कों का निर्माण कराया गया, लेकिन गुणवत्ता परीक्षण में ये सड़कें फेल हो गईं। यह दर्शाता है कि सरकार विकास के नाम पर जनता के साथ विश्वासघात कर रही है।

मुख्यमंत्री के गृह जिले में इस तरह का भ्रष्टाचार यह बताने के लिए पर्याप्त है कि राजस्थान में अन्य स्थानों पर क्या स्थिति होगी। अगर मुख्यमंत्री अपने ही जिले की विकास परियोजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं कर सकते, तो पूरे प्रदेश में सुशासन की बात करना मजाक के अलावा कुछ नहीं है।

**टीकाराम जूली ने सीएम से पूछा ये सवाल**

टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से सवाल करते हुए कहा कि क्या यही उनकी सरकार का विकास मॉडल है? जनता को दिए गए वादों और विश्वास के साथ की गई यह धोखाधड़ी निंदनीय है। जब जनता के टैक्स के पैसे का इस प्रकार दुरुपयोग हो रहा है, तो यह सरकार अपने नैतिक कर्तव्यों से पूरी तरह चूक गई है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मामले की उच्च-स्तरीय जांच की मांग करती है और दोषी ठेकेदारों, अधिकारियों और सरकार में शामिल भ्रष्ट व्यक्तियों पर कठोर कार्रवाई की मांग करती है। यह केवल भ्रष्टाचार का मामला नहीं है, बल्कि यह प्रदेश की साख और जनता की मेहनत की कमाई का सवाल है।

जूली ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस मुद्दे पर गंभीर कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस पार्टी उनसे विधानसभा सत्र में सवाल पूछेगी। हम जनता के साथ खड़े हैं और सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें न्याय मिले। यह सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। अब समय आ गया है कि जनता को जवाब दिया जाए और दोषियों को सजा मिले।

# सीएम भजनलाल शर्मा की पूर्व सीएम वसंधरा राजे से मुलाकात

## निकाले जा रहे कई मायने



जयपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से मुलाकात की। यह मुलाकात राजे के सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवास पर हुई। पिछले दिनों दिल्ली में राजे की पीएम नरेन्द्र मोदी से मुलाकात हुई थी। इसके बाद सीएम की राजे से यह मुलाकात चर्चा में रही।

इस मुलाक़ात को लेकर कई मायने निकाले जा रहे हैं। इस बीच कांग्रेस ने सवाल उठाए और भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए इसे सिर्फ एक शिष्टाचार मुलाक़ात बताया है। भजनलाल सरकार में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा, "कांग्रेस इस मुलाक़ात बेवजह का मुद्दा बना रही है। यह एक सामान्य मुलाक़ात थी, जिसका कोई राजनीतिक अर्थ नहीं है।"

# अचानक जोधपुर पहुंचे रविंद्र सिंह भाटी

## आंदोलन कर रहे कर्मचारियों से मिले धरनास्थल पर किया बड़ा वादा

जोधपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)।राजस्थान के जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में एक बार फिर से निविदा कर्मचारी आंदोलन पर उतर आए। दो माह से बकाया वेतन की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार किया। वहीं गुरुवार को बाड़मेर के शिव विधानसभा से विधायक रविंद्र सिंह भाटी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने धरनास्थल पर बैठे कर्मचारियों से बातचीत की।

दरअसल रविंद्र सिंह भाटी अपने किसी परिचत की कुशलक्षेम पूछने के लिए जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल पहुंचे। जैसे ही उन्हें निविदा कर्मचारियों के आंदोलन की जानकारी मिले तो वे धरनास्थल पर पहुंच गए। रविंद्र सिंह भाटी ने धरनास्थल पर बैठकर आंदोलन कर रहे कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि इस संबंध में वे शीर्ष अधिकारियों से बातचीत करेंगे। भाटी ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि जल्द ही उनके खाते में वेतन आ जाएगा।

आपको बता दें कि अस्पताल ने जिस ठेका कंपनी राजदीप को कार्यादेश दे रखा है, वह कर्मचारियों को नियमित भुगतान नहीं कर रही, इसका खामियाजा



मरीज उठा रहे हैं। ठेका कर्मचारी जो अधिकांश कैश काउंटर, ओपीडी पर्ची व अन्य फ्रंट डेस्क के कार्य देखते हैं, उन्होंने बुधवार को कार्य बहिष्कार किया। इसी कारण अधिकांश पर्चियां डॉक्टर कक्ष में ऑफलाइन बनवाई गई। मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई मरीज चक्कर काटते नजर आए।

एक साल से लापरवाही...अब तक कार्रवाई नहीं

ठेका फर्म लगातार पिछले एक साल से कर्मचारियों के भुगतान में कोताही बरत रही है। दूसरी ओर अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि वह नियमित वेतन भुगतान के लिए बजट जारी कर रहे हैं। पिछले एक साल में 8 बार से ज्यादा प्रदर्शन कर्मचारी कर चुके हैं और 20 दिन से ज्यादा आंदोलन चला तो कामकाज प्रभावित हुआ, लेकिन इसके बावजूद ठेका फर्म पर कार्रवाई करने की बजाय उनको एक्सटेंशन दिया जा रहा है।

वार्ता के बावजूद आंदोलन जारी

निविदा कर्मचारी संघ के अजीज ने बताया कि चार प्रमुख मांगों, जिनमें बकाया ढाई माह का वेतन, नियमित हर माह में 10 तारीख से पहले भुगतान, कर्मचारियों की नियमित पीएफ व ईएसआई कटौती, श्रम विभाग के गजट नोटिफिकेशन के अनुसार बकाया एरियर का भुगतान को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। कार्यवाहक अधीक्षक डॉ. गणपत चौधरी से वार्ता हुई। लेकिन सभी मांगों पर कार्रवाई नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने का निर्णय किया।

# बाला साहेब की जयंती पर निकाली भगवा रैली

## शिवसेना राष्ट्रीय सचिव ने हिंदुओं से किया जुड़ने का आह्वान

पाली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। बाला साहेब जयंती के अवसर पर शिवसेना शिंदे पार्टी द्वारा पाली शहर में एक विशाल भगवा रैली निकाली गई। इस रैली



में हजारों की संख्या में शिव सैनिकों ने भाग लिया और नारी शक्ति ने केसरिया साड़ी और केसरिया साफा में भगवा ध्वज उठाया। रैली के दौरान जय जय श्री राम के नारों से पूरा शहर गूंज उठा।

इस रैली का आयोजन बाला साहेब ठाकरे की जन्म जयंती के अवसर पर किया गया था। जिला अध्यक्ष तखत सिंह सोलंकी के नेतृत्व में यह रैली शिवाजी सर्कल से शुरू हुई और शहर के मुख्य मार्गों और बाजारों से होते हुए गीता भवन में समाप्त हुई।

**आम सभा का हुआ आयोजन**

रैली के बाद एक विशाल आम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान महाराष्ट्र से पधारे मुख्य अतिथि शिवसेना राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अडसूल ने सभा को संबोधित किया।

उन्होंने बाला साहेब के मार्ग पर चलने और सनातन धर्म व शिवसेना शिंदे पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने प्रत्येक हिंदू को शिवसेना से जुड़ने का आगाज किया।

इन्होंने किया संबोधित

इस मौके पर राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष लखन सिंह पवार और संत महात्माओं ने भी मंच को संबोधित किया। शिवसेना जिला पदाधिकारी, मातृशक्ति और कार्यकर्ता गण भी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## परिवहन विभाग अधिकारी के कई ठिकानों पर छापेमारी

जयपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान एंटी करप्शन ब्यूरो ने जयपुर में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिला परिवहन अधिकारी संजय शर्मा के ठिकानों पर एसीबी ने आज एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई जयपुर, भरतपुर, उत्तर प्रदेश और अन्य स्थानों पर करीब एक दर्जन ठिकानों पर की गई।

**जयपुर में चार जगहों पर छापेमारी**

जयपुर में विद्याधर नगर, वैशाली नगर, श्याम नगर और सांगानेर स्थित संजय शर्मा के ठिकानों पर एसीबी की टीमें पहुंचीं। विद्याधर नगर आरटीओ कार्यालय में तैनात संजय शर्मा पर भ्रष्टाचार से अर्जित आय से अधिक संपत्ति रखने की शिकायतें मिली थीं।

**भ्रष्टाचार की शिकायतों के बाद कार्रवाई**

सूत्रों के अनुसार, एसीबी को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि संजय शर्मा ने भ्रष्टाचार के माध्यम से बड़ी मात्रा में अवैध संपत्ति अर्जित की है। इन शिकायतों की पुष्टि के बाद एसीबी के डीजी रवि प्रकाश मेहरड़ा के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई।

**रिश्तेदारों के ठिकानों पर भी छानबीन**

एसीबी ने संजय शर्मा के पैतृक मकान, उनके ऑफिस और उनके रिश्तेदारों के घरों पर भी छानबीन की। इस कार्रवाई में विभिन्न दस्तावेज, बैंक खातों की डिटेल और संपत्ति के अन्य सबूत जुटाए जा रहे हैं। एसीबी के मुताबिक प्रारंभिक जांच में भ्रष्टाचार से अर्जित संपत्ति का आंकलन करोड़ों रुपये तक हो सकता है। इस मामले में अनुसंधान अधिकारी एएसपी भागचंद के सुपरविजन में कार्रवाई चल रही है। एसीबी की टीमें संभावित सबूतों को इकट्ठा करने और संपत्ति की जांच करने में जुटी हैं। छापेमारी के दौरान टीम ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं, जो जांच में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

# विधायक राजेंद्र मीणा बोले- जनता की सेवा करने के लिए उनके घर के दरवाजे 24 घंटे खुले हैं

दौसा, 23 जनवरी (एजेंसियां)। दौसा जिले के महवा विधानसभा से विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि धर्म की जड़ हमेशा हरी होती है और धार्मिक कार्यक्रमों से आपसी भाईचारा बढ़ता है। महवा की जनता की सेवा के लिए वह 24 घंटे तैयार हैं। बता दें कि महवा विधानसभा क्षेत्र केकोठीन बैजूपाड़ा में प्रसिद्ध संत बालकनाथ जी महाराज के सानिध्य में आयोजित राम दरबार मंदिर स्थापना और दो दिवसीय हरि कीर्तन व सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। महवा विधायक राजेंद्र मीणा का ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत सत्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि धर्म की जड़ सदा हरी होती है। धार्मिक आयोजन से जहां भाईचारा बढ़ता है। वहीं, हमारी संस्कृति से



हमारे आधुनिक पीढ़ी परिचित होती है। विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि महवा विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्यों अन्य विधानसभा क्षेत्र से ज्यादा विकास कार्य किया जा रहे हैं। विकास कार्य में आमजन की राय लेकर ही विकास कार्य किए जा रहे हैं। क्षेत्र में विकास कार्यों में धन की किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

इधर, महवा विधायक राजेंद्र प्रधान ने कहा कि मेरा उद्देश्य आम जनता की सेवा करना है, जिसके लिए कार्यकर्ताओं को राजस्थान सरकार व केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं आम जनता तक पहुंचा कर अधिक से अधिक लाभ दिलाएं। विधायक राजेंद्र मीणा बोले कि जनता की सेवा करना उनके लिए जनता का आशीर्वाद है और जनता की सेवा के लिए आमजन निसंकोच 24 घंटे उनके पास आ सकते हैं।

जनता के लिए उनके घर के दरवाजे हमेशा खुले हैं और खुले रहेंगे।इस अवसर पर भामाशाह केदार मीणा जिला परिषद सदस्य पप्पू बृजमोहन झूथाहेड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह मीणा सहित अनेक गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि व हजारों की संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# पोटला खुर्द गांव में पैंथर का हमला, महिला घायल

चित्तौड़गढ़, 23 जनवरी (एजेंसियां)। जिले के मंडफिया थाना क्षेत्र में आने वाले पोटला खुर्द गांव में को एक महिला पर पैंथर ने हमला कर दिया। पैंथर के हमले से महिला के हाथ बुरी तहर जख्मी हो गया। महिला को पहले भदेसर चिकित्सालय लाया गया फिर वहां से चित्तौड़गढ़ रेफर कर दिया गया। मामले की जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग की टीम ने मौका देखा और प्रारंभिक रूप से पैंथर के ही हमला करने की आशंका जताई है। ऐसे में यहां पिंजरा लगाने की कार्रवाई की गई है। वन विभाग ने रात के समय और सुबह भी खेतों पर कार्य करने जाने के दौरान सतर्क रहने का आग्रह किया है।

जानकारी में सामने आया कि भदेसर उपखंड क्षेत्र में आने वाले पोटला खुर्द गांव निवासी चंदा पत्नी कैलाश भील मनरेगा मजदूर है। काम खत्म होने के बाद खेत की तरफ आई थी। खेत के रास्ते से घर की ओर जा रही थी। तभी समीप एक पानी के नाले में पैंथर बैठा हुआ था। पैंथर ने महिला पर हमला कर दिया। इसके पैर और हाथ को दबोच लिया। इसके कारण महिला के पैर एवं हाथ पर गहरा घाव पड़ गया। पैंथर के हमले में यह महिला नीचे जा गिरी और जोर से चिल्लाई। साथ ही हिम्मत दिखाते हुए खुद के बचाव का भी प्रयास किया।

महिला के चिल्लाने और बचाव के प्रयास करने पर पैंथर वहां से खेतों की और भाग गया। उसके बाद किसी तरह महिला अपने घर पहुंची एवं परिवार जनों को घटना की जानकारी दी। इस पर परिवार जन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदेसर लेकर आए।

# पति ने की पत्नी की शिकायत, सरकारी नौकरी से सस्पेंड

## बोला- डमी अभ्यर्थी बैठाकर एग्जाम पास किया

कोटा, 23 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के एसडीएम ज्योति मौर्या जैसा मामला कोटा में भी आया है, जहां पति ने पत्नी पर नौकरी मिलने के बाद उसे ठुकराने का आरोप लगाया है. पति का कहना है कि उसने अपनी पत्नी को पढ़ाकर रेलवे में सरकारी नौकरी दिलाई, लेकिन नौकरी लगने के बाद पत्नी ने उसे करीब दो महीने पहले छोड़ दिया. उसका आरोप है कि उसकी पत्नी ने डमी कैंडिडेट के जरिए नौकरी पाई है. इसके बाद फिलहाल युवक की पत्नी को सस्पेंड कर दिया गया है. मामले की जांच रेलवे की ओर से की जा रही है. पति ने पत्नी के खिलाफ पुलिस थाने सहित कई जगह शिकायत दी है. महिला कर्मचारी सपना मीणा के रेलवे भर्ती परीक्षा में डमी कैंडिडेट के जरिए पास होने का आरोप उसके पति मनीष मीणा ने लगाया है, शिकायत पर उसे निलंबित किया गया है. मामले की जांच भी की जा रही है. फरियादी मनीष मीणा का कहना है कि उसकी पत्नी सपना मीणा मूलतः सवाई माधोपुर की रहने वाली है. वर्तमान में कोटा डीआरएम कार्यालय में नौकरी कर रही है. उसका दावा है कि उसने 15 लाख कर्जा लेकर पत्नी को पढ़ाया है.

# फोटो वायरल करने की धमकी देकर विवाहिता से की हैवानियत, पति को भी भेजे, पुलिस ने किया गिरफ्तार


जालौर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। जालौर जिले के भीनमाल पुलिस ने दुष्कर्म और फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरोपी प्रकाश मेघवाल पीड़ित विवाहित महिला पर अवैध संबंध बनाने के लिए दबाव बनाकर फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने फर्जी इंस्टाग्राम आईडी से फोटो एडिट कर पीड़िता के पति को भेजे और ब्लैकमेल कर धमकी दी। पुलिस के अनुसार एक पीड़िता ने भीनमाल पुलिस थाने में आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया। पीड़िता ने पिछले साल 24 फरवरी को पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें बताया कि जब भी वह अपने मायके आती थी आरोपी उसे परेशान करता था। आरोपी ने धमकी देकर उसके साथ दो बार दुष्कर्म किया और उसकी तस्वीरें भी अपने फोन में ले ली। उसके बाद लगातार अब संबंध बनाने के लिए डरा धमका कर ब्लैकमेल किया। आरोपी ने करीब 10 दिन पहले पीड़िता के पति के इंस्टाग्राम अकाउंट पर फर्जी आईडी से एडिट किए गए फोटो भेजकर धमकाना शुरू कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आईटी एक्ट सहित धाराओं में मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। एसपी ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशन में थानाधिकारी रामेश्वर भाटी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मामले में आरोपी प्रकाश कुमार पुत्र रेखाराम मेघवाल निवासी किरवाला को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म का खुलासा किया।

# करौली-भरतपुर में ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट

## प्रदेश के इन आठ जिलों में बारिश की चेतावनी जारी

करौली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। जयपुर मौसम केंद्र ने करौली और भरतपुर में भारी बारिश और जबरदस्त ओलावृष्टि का ओरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। यह अलर्ट अगले तीन घंटों के लिए है। इसके साथ ही दौसा और अलवर में बारिश की चेतावनी भी जारी की गई है। राजस्थान में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है, जिसके प्रभाव से अब ओलावृष्टि और बारिश के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग ने भी प्रदेश के 8 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की थी, लेकिन बारिश नहीं हुई। आज ओलावृष्टि और बारिश की प्रबल संभावना जारी की गई है।

पश्चिमी विक्षोभ के निकल




जाने के बाद प्रदेश में ठंड का दौर फिर से लौटकर आएगा। मौसम विशेषज्ञों ने अब राज्य में सर्दी के फिर से बढ़ने की संभावना जताई है। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा का कहना है कि जनवरी तक तो यह स्थिति बनी रहेगी।

दिन-रात का तापमान सामान्य से ऊपर राजस्थान के दूसरे शहरों में भी पिछले दो-तीन दिन से तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज हो रहा है। बीते 24 घंटों में डूंगरपुर सबसे गर्म इलाका रहा। यहां अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, चित्तौड़गढ़ में, 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जोधपुर में अधिकतम तापमान 28.9 डिग्री, गंगानगर में अधिकतम तापमान 24.9, बाड़मेर, उदयपुर में 28.8, भीलवाड़ा में 27.3, जालोर में 28.9, धौलपुर में 27.6 डिग्री रहा। वहीं, बीकानेर में 26, जैसलमेर में 25.8, कोटा में 26 और अजमेर में अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इन सभी शहरों में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 1 से 5 डिग्री सेल्सियस तक ऊपर दर्ज हुआ।

# टोरेस पोंजी से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी की कार्रवाई

## मुंबई-जयपुर के 10 से ज्यादा जगहों पर की छापेमारी

जयपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को टोरेस निवेश नामक एक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी की। इस मामले में कई निवेशक को कथित तौर पर ठगी का शिकार हुए थे। छापेमारी मुंबई और जयपुर के लगभग 10-12 स्थानों पर की गई। बता दें कि ईडी ने मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक आपराधिक शिकायत दर्ज की थी। अब तक 3,700 से अधिक निवेशकों ने मुंबई पुलिस से धोखाधड़ी की शिकायत की है, और धोखाधड़ी की कुल राशि 57 करोड़ रुपये से ज्यादा बताई जा रही है।

एमएलएम योजनाओं का इस्तेमाल कर ठगी का आरोप

टोरेस ब्रांड के स्वामित्व वाली एक आभूषण कंपनी पर पोंजी और मल्टी-लेवल मार्केटिंग (एमएलएम) योजनाओं का इस्तेमाल करके निवेशकों से करोड़ों रुपये ठगने का आरोप है। यह घोटाला तब सामने आया जब इस महीने की शुरुआत में दादर (पश्चिम) में कंपनी के एक स्टोर पर सैकड़ों निवेशक इकट्ठा हुए, क्योंकि कंपनी ने उन्हें वादा की गई रकम देना बंद कर दिया था। पुलिस ने अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक उज्बेकिस्तान का नागरिक तजागुल ज़ासातोव, एक रूसी नागरिक वैलेंटिना गणेश कुमार, और सर्वेश सुर्वे शामिल हैं। ये सभी कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी हैं।





**निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कंपनी का प्रलोभन**

जांचकर्ताओं का कहना है कि कंपनी के प्रमोटरों ने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कार, फ्लैट, गिफ्ट कार्ड और हैम्पर्स जैसे पुरस्कार देने का वादा किया था। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस ने इस घोटाले में त्वरित कार्रवाई नहीं की, जिससे उन्होंने अपना कर्तव्य ठीक से नहीं निभाया। कोर्ट ने कहा कि कोई भी अधिकारी जल्द कार्रवाई करने के लिए तत्पर नहीं था।

**धोखाधड़ी के मास्टरमाइंड की तालाश जारी**

साथ ही मामले से जुड़े सूत्रों का मानना है कि अभी तक पुलिस और ईडी दोनों ही इस धोखाधड़ी के मास्टरमाइंड की तलाश कर रहे हैं, जिसने आभूषण कंपनी (प्लेटिनम हर्न) की शुरुआत की थी, जो टोरेस ब्रांड की मालिक है। यह फर्म वही जगह है, जहां से आरोपियों को शुरुआती फंड मिला था।

# जीएचएमसी स्थायी समिति ने 13 मदों को मंजूरी दी



हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर की मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी ने गुरुवार को जीएचएमसी मुख्यालय के कमांड कंट्रोल रूम में 7वीं स्थायी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। मेयर ने बताया कि समिति की बैठक में सदस्यों ने 10 आइटम और तीन टेबल आइटम को मंजूरी दी। इस मौके पर मेयर ने पार्षदों और अधिकारियों से शहर का हर तरह से विकास करने और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा है। आयुक्त इलांबर्ती, स्थायी समिति के सदस्य बन्नाला गीता प्रवीण मुदीराज, फहेद बिन अब्दुल समद बिन अब्दत, निमदु अर्चना, मोहम्मद नजीर उद्दीन, गौस उद्दीन मोहम्मद, मन्ने कविता रेड्डी, मोहम्मद राशिद फराजुद्दीन, उप्पलपति श्रीकांत, सबिहा बेगम, अवुला रविंदर रेड्डी, चिंताला उपस्थित थे। इस बैठक में विजय शांति. कंडी शैलजा, अतिरिक्त आयुक्त शिव कुमार नायुडू, नलिनी पद्मावती, गीता राधिका, चंद्रकांत रेड्डी, वेणुगोपाल रेड्डी, सत्यनारायण, सुभद्रा देवी, सरोजा, पंकजा, यदागिरी राव, रघु प्रसाद, ईएनसी भास्कर रेड्डी, सीई कोटेश्वर राव, क्षेत्रीय आयुक्त हेमंत केशव पाटिल, रविकिरण, वेंकन्ना, उपेन्द्र रेड्डी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अब्दुल वकील, संपदा अधिकारी उमा प्रकाश और अन्य ने भाग लिया। स्थायी समिति ने गुलमोहर पार्क जंक्शन से वाया तारा नगर होते हुए बीएचईएल जंक्शन तक और रेलवे क्रॉसिंग लिंगमपल्ली से विद्यानिजेथन स्कूल से गुलमोहर जंक्शन तक 1100 मीटर लंबी सड़क, 30 मीटर चौड़ी और 36 मीटर चौड़ी सड़क चौड़ीकरण, 227 संपत्तियों के अधिग्रहण के लिए सरकार की मंजूरी के लिए निगम द्वारा सिफारिश किया गया। समिति ने सरकार के आदेश के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर छह लेन ग्रेड सेपरेटर का नाम डॉ. मनमोहन सिंह एक्सप्रेसवे रखने के लिए आयुक्त की कार्रवाई करने के लिए सरकारी निगम को सिफारिश को मंजूरी दे दी। केबीआर पार्क के चारों ओर प्रवेश बिंदुओं पर फाइबर और सीमेंट के गमलों के साथ फूलों के पौधों के साथ हरियाली के लिए सीएसआर पद्धति की व्यवस्था और रखरखाव के लिए मेसर्स क्रिएटिव थॉट्स मीडिया हैदराबाद को तीन साल के लिए खैरताबाद जोनल कमिश्नर को एमओयू बनाने के लिए समिति की मंजूरी चारमीनार, खैरताबाद, कुकटपल्ली और सेरिलिंगमपल्ली जोन में वर्ष 2025 के लिए छह डी-सिल्टिंग कार्यों के लिए 2231.75 लाख की अनुमानित लागत के साथ किए जाने वाले 6 डी सिल्टिंग कार्यों में से, चारमीनार ज़ोन में 1233 लाख के साथ 3 कार्य, चारमीनार ज़ोन में 3 कार्य, खैरताबाद ज़ोन में 379.15 लाख, इसी तरह कुकटपल्ली ज़ोन में 315.00 लाख के साथ सेरिलिंगमपल्ली ज़ोन में एक 305 लाख की लागत को प्रशासन ने मंजूरी दे दी है, साथ ही टेंडर बुलाने में भी देरी हुई है उपचार की अनुसमर्थन समिति की मंजूरी दी है। वर्ष 2025 के लिए चारमीनार, खैरताबाद और सिकंदराबाद जोन में तीन डी-सिल्टिंग कार्यों के लिए चारमीनार जोन में एक कार्य 697.85 लाख, खैरताबाद जोन में 229.95 लाख, सिकंदराबाद जोन में 264.30 लाख, सिकंदराबाद जोन में 203.60 लाख, साथ ही इस खरीद के लिए टेंडर जारी करने की कमेटी की मंजूरी मिल गई है।

# आंध्र प्रदेश और तेलंगाना निदेशालय के एनसीसी कैडेट्स ने ख्याति अर्जित की



हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना निदेशालय एनसीसी ने नई दिल्ली में चल रहे गणतंत्र दिवस शिविर के हिस्से के रूप में आयोजित अखिल भारतीय स्तर की घुड़सवारी प्रतियोगिता में दो पदक जीतकर अपनी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ ली है। 1 तेलंगाना आरएंडवी रेजिमेंट एनसीसी के तहत राजेंद्र नगर के सरकारी जूनियर कॉलेज के कैडेट शेख मुजम्मिल ने शोजंपिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीता और सिक्स बार जंपिंग स्पर्धा में सह-विजेता घोषित किया गया, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से बीस से अधिक टीमों ने भाग लिया। अन्य खेल आयोजनों के विपरीत, घुड़सवारी प्रतियोगिता के लिए उच्च तैयारी और समर्पण की आवश्यकता होती है। सवार को अपने साहस, शारीरिक फिटनेस और मानसिक मजबूती के साथ-साथ जिस जानवर की सवारी करनी है, उस पर दृढ़ नियंत्रण रखना होता है। 1(टी) आर एंड वी एनसीसी रेजिमेंट के योग्य प्रशिक्षकों के तहत कठोर प्रशिक्षण और निरंतर मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप यह शानदार सफलता मिली। यह सफलता न केवल दूसरों को प्रेरित करेगी बल्कि एक ऐसे खिलाड़ी को भी तैयार करेगी जिसे अगर भविष्य में समर्थन मिले तो वह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेलंगाना के लिए बेहतर परिणाम और गौरव ला सकता है।

# पत्नी की बॉडी के टुकड़े कर कुकर में उबालने वाला आर्मी जवान गिरफ्तार



हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में सेना से रिटायर्ड एक शख्स ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के बाद सबूत मिटाने लाश के छोटे-छोटे टुकड़े किए और प्रेशर कुकर में उबालकर झील में फेंक दिया। कुछ रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि हड्डियों से मांस अलग करने के लिए आरोपी ने उन्हें मूसल से कुचला था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

रंगारेड्डी जिले के मीरपेट के डीएसपी नागराजू ने बताया कि 18 जनवरी को सुबम्मा नामक एक महिला ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि उसकी बेटी माधवी (35) की 13 साल पहले गुरुमूर्ति के साथ शादी हुई थी। गुरुमूर्ति सेना का रिटायर्ड कर्मचारी है। फिलहाल वह कंचनबाग में सुरक्षा गार्ड का काम करता है। रंगारेड्डी जिले के डीएसपी एलबी नागर ने बताया कि जिल्लेलागुडा में एक 35 साल की महिला के लापता होने का मामला उसकी मां ने दर्ज कराया था। मामले में पति खुद दावा कर रहा है कि उसने अपनी पत्नी की हत्या की है। आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। हालांकि अभी तक पुलिस को शव के टुकड़े नहीं मिले हैं।

एलबी नागर ने बताया कि जिल्लेलागुडा में एक 35 साल की महिला के लापता होने का मामला उसकी मां ने दर्ज कराया था। मामले में पति खुद दावा कर रहा है कि उसने अपनी पत्नी की हत्या की है। पुलिस ने बताया कि पिछले 5 साल से पति-पत्नी अपने दो बच्चों के साथ वेंकटेश्वर कॉलोनी में रह रहे थे। 16 जनवरी को माधवी और उसके पति गुरुमूर्ति के बीच किसी बात पर बहस हुई और वे घर से बाहर चले गए। हत्या वाले दिन गुरुमूर्ति के बच्चे उसकी बहन से मिलने गए थे। उसने गुमशुदगी का नाटक रचा और माधवी के माता-पिता को इस बारे में बताया। मीरपेट एसएचओ के नागराजू ने भी कहा है कि इस मामले को गुमशुदगी का मामला माना जा रहा है, क्योंकि संदिग्ध हत्या का कोई सबूत अभी तक नहीं मिला है। हालांकि, पुलिस ने बताया कि गुरुमूर्ति की माधवी से बहस हुई थी, जिसके बाद उसने उसकी हत्या की।

पकड़े गए आरोपी ने हत्या के सबूत मिटाने बाथरूम में उसके शव के टुकड़े किए। हड्डियों को मांस से अलग किया, उन्हें मूसल से कुचला और फिर उबाला। उसने मांस और हड्डियों को तीन दिनों तक पकाया, जिसके बाद उसने उन्हें एक थैले में भरकर पास की झील में फेंक दिया।

पुलिस को अभी तक उस झील में पीड़िता के शव का पता नहीं चल पाया है, जिसमें गुरुमूर्ति ने शव के अंगों को फेंकने का दावा किया था। एक अधिकारी ने बताया कि सुराग लगाने वाली टीमें और डॉग स्क्वॉड तलाशी अभियान चला रहे हैं।

# एससीआर ने अक्कनापेट-मेदक नई रेलवे लाइन का विद्युतीकरण शुरू किया

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मिशन विद्युतीकरण की दिशा में एक बड़ा जोर देते हुए, दक्षिण मध्य रेलवे के हैदराबाद डिवीजन ने 15.49 करोड़ रुपये की लागत से 18.56 ट्रैक किलोमीटर की दूरी के लिए नवनिर्मित अक्कनापेट-मेदक रेलवे लाइन का विद्युतीकरण पूरा कर लिया है। अब डिवीजन पर ट्रैक किलोमीटर का कुल विद्युतीकरण 1,004 टीकेएम हो गया है। डिवीजन ने हाल ही में निर्मित मनोहराबाद-सिद्दीपेट रेल लाइन को छोड़कर 100 प्रतिशत विद्युतीकरण भी हासिल कर लिया है। बृज मोहन मीना, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर, एससीआर और लोकेश विश्नोई, मंडल रेल प्रबंधक, हैदराबाद डिवीजन ने 21.01.2025 को अक्कनापेट-मेदक रेल लाइन पर विद्युतीकरण

**अक्कनापेट स्टेशन पर नई टावर कार का उद्घाटन**



के कमीशन के लिए निरीक्षण के दौरान अक्कनापेट रेलवे स्टेशन पर एक नई टावर कार (विद्युतीकृत रेलवे खंडों में ओवरहेड उपकरणों के निरीक्षण, रखरखाव और मरम्मत के लिए उपयोग की जाने वाली विशेष वाहन) का उद्घाटन किया। हैदराबाद डिवीजन पर इस खंड का विद्युतीकरण भारतीय रेलवे द्वारा निर्धारित शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक कदम आगे है। यह ट्रेनों को शक्ति प्रदान करने का एक पर्यावरण-अनुकूल साधन है, जबकि साथ ही साथ ईंधन लागत में बचत होती है। अक्कनापेट-मेदक रेलवे लाइन एक महत्वपूर्ण लाइन है जो मेडक को सिकंदराबाद-निजामाबाद-औरंगाबाद के मुख्य रेल मार्ग और उससे आगे मुंबई की ओर जोड़ती है। मंडल में सकल टन किलोमीटर (जीटीकेएम) में विद्युत कर्षण का हिस्सा 2023-24 में 29.37 से बढ़कर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 81.77 हो गया है। अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक ने इस उपलब्धि को हासिल करने में एससीआर और हैदराबाद मंडल के विद्युत विभाग को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि रेल लाइनों का विद्युतीकरण एक हरित, अधिक कुशल और आधुनिक रेलवे प्रणाली के निर्माण में योगदान दे रहा है।

# श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर एवं नंदीशाला का शिलान्यास




मेड्चल, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। यल्लमपेट स्थित श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर प्रांगण में उत्तराखंड की प्रवासी संस्था के लोगों ने श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर का शिलान्यास विद्वान ब्राह्मणों के अनुसार शुभ मुहूर्त में किया गया।

प्रेस विज्ञप्ति में चेयरमैन जयपाल सिंह नयाल सनातनी एवं शिलान्यास स्वागत समिति के अध्यक्ष राम भाटी ने बताया कि श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा शिलान्यास व आरती व पूजा अर्चना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि मलकाजगरी सांसद ईटला राजेन्द्र व कांग्रेस नेता हनुमंत राव सहित विभिन्न गणमान्य नेता एवं सर्व समाज गणमान्य पदाधिकारी रामजी भाटी, जयदयाल, शांतिलाल सुथार, कोटी हनुमंत राव, चेनाराम सीरवी, राजेश परिहार, सोहनलाल हाम्बड़, मोतीलाल मादावत, भोलाराम पंवार, जयदयाल, जयराम, जगदीश परिहार, कानाराम, पाप्सा, जगदीश सीरवी उपस्थित थे। उत्तराखंड के प्रवासी बाल और वयस्क कलाकार द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मंदिर ट्रस्ट एवं देवभूमि उत्तराखंड सेवा संस्थान द्वारा पधारे भक्तों के लिए अल्पाहार प्रसादी की व्यवस्था की गई थी।

## 286 इलेक्ट्रिक बसें चलाने की योजना

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीजीएसआरटीसी) इस साल की पहली छमाही में शहर में 286 और इलेक्ट्रिक बसें शुरू करने की योजना बना रहा है। मई तक इन बसों को अलग-अलग रूटों पर चलाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं, जिनकी मांग अच्छी है। वर्तमान में शहर में 254 इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं, जिनमें औसतन 80 प्रतिशत यात्री सवार होते हैं। टीजीएसआरटीसी, जिसका लक्ष्य चरणबद्ध तरीके से डीजल बसों की संख्या कम करके 2,500 इलेक्ट्रिक बसें चलाना है, शहर में प्रदूषण मुक्त सार्वजनिक परिवहन की दिशा में कदम उठा रहा है।

इससे पहले अगले तीन महीने में रानीगंज डिपो में इलेक्ट्रिक बसों के लिए ईवी चार्जिंग प्वाइंट शुरू करने और वहां से करीब 100 इलेक्ट्रिक बसें चलाने का निर्णय लिया गया है। इस बीच, कुकटपल्ली बस डिपो से 100 और इलेक्ट्रिक बसें चलाने की व्यवस्था की जा रही है। हयातनगर बस डिपो से फिलहाल 55 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जा रही हैं, जबकि डिपो से 45 और इलेक्ट्रिक मेट्रो एक्सप्रेस बसें चलाने के लिए रूट मैप तैयार किया गया है। परिवहन अधिकारियों का कहना है कि इलेक्ट्रिक बसें न केवल लागत प्रभावी हैं, बल्कि प्रदूषण भी कम करती हैं। डीजल बस की परिचालन लागत लगभग 20 रुपये प्रति किलोमीटर है, जबकि इलेक्ट्रिक बस की लागत मात्र 8 रुपये प्रति किलोमीटर है।

# एक शाम गौमाता के नाम भजन संध्या में झूमे गोभक्त



हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कापरा बालाजी नगर स्थित श्री आईजी गौशाला में एक शाम गौमाता के नाम जागरण आयोजित किया गया। प्रेस विज्ञप्ति में रामनारायण जाट ने बताया कि राजस्थान से आए भजन गायक ओमप्रकाश गगरना के जागरण का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। गायकों ने राजस्थानी वीर तेजाजी महाराज के भजन प्रस्तुत किये, भजनों से किया गोमाता की महिमा का बखान किया गया। आयोजक श्री वीर तेजाजी कर्टन एसोसिएशन मारवाड़ी ग्रुप द्वारा सभी गौभक्तों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्व जाट महासभा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष धर्माराम जाट, चुन्नीलाल जाट का राजस्थानी साफा पहनाकर सम्मान किया गया। श्री आईजी गौशाला के सह सचिव ढगलाराम सेपटा, कोषाध्यक्ष नारायणलाल परिहार, भंगाराम मुलेवा, नारायणलाल बर्फा, अचलाराम हाम्बड़, मोहनलाल भायल,सर्व समाज अध्यक्ष एवं सचिव समाज बन्धु को राजस्थानी साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

## तेलंगाना वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ने कब्रिस्तान का किया निरीक्षण

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अजमतुल्लाह हुसैन ने बोर्ड के अधिकारियों के साथ गुरुवार को खादिम ईदगाह मदन्नापेट का दौरा किया और ईदगाह तथा निकटवर्ती कब्रिस्तान का निरीक्षण किया।

कुछ भू-हड़पने वालों द्वारा कब्रिस्तान पर अतिक्रमण की शिकायतों की पृष्ठभूमि में उनका निरीक्षण महत्वपूर्ण हो जाता है। अजमतुल्लाह ने कहा कि मदन्नापेट में कब्रिस्तान में कब्रों को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अजमतुल्लाह ने स्थानीय लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि इसे रोकने के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे।

# राजभवन में मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा के स्थापना दिवस का स्मरणोत्सव आयोजित

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद विश्वविद्यालय के मेघालय और मणिपुर राज्यों के संकाय और छात्रों ने तेलंगाना के राजभवन में मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा राज्यों के स्थापना दिवस के समारोह में भाग लिया। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवस के ऐसे स्मरणोत्सव को एक ही मंच पर मनाने से पूर्वोत्तर राज्यों के बहुसांस्कृतिक ताने-बाने को एक साथ लाया गया। इससे विविधता में एकता की भावना पैदा हुई, जो राष्ट्रवाद के आदर्श में परिणत हुई। उन्हें हैदराबाद में रहने वाले संबंधित राज्यों के लोगों की भागीदारी के



साथ इस कार्यक्रम को मनाने में खुशी हुई, जो विश्वविद्यालय समुदाय के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से आते हैं। इस कार्यक्रम में एक समृद्ध सांस्कृतिक आदान-प्रदान की झलक मिली। प्रो. रोमेश सिंह और डॉ. ग्रेसियस मैरी टेमसेन ने भी इस अवसर पर बात की। डॉ. बारीलांग मावलोंग और डॉ. ग्रेशियस मैरी टेमसेन ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्रों ने मेघालय राज्य की प्रशंसा करते हुए एक प्रेरक गीत गाया। राज्यपाल ने गीत के कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ.बी. कृष्णैया कार्यक्रम के संचालक थे।

## जीवनदान के तहत नलगोंडा के ब्रेन डेड व्यक्ति के अंग किए गए दान

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कट्टंगुर (एम), नलगोंडा के माणिक्यलागुडेम के 62 वर्षीय किसान बंटू अंजैया (जिन्हें डॉक्टरों की टीम ने ब्रेन डेड घोषित कर दिया था) के रिश्तेदारों ने जरूरतमंद मरीजों के लिए राज्य द्वारा संचालित जीवनदान पहल के तहत मृतक के अंगों को दान करने का फैसला किया है।

14 जनवरी की सुबह बंटू अंजैया साइकिल चलाते समय एक अज्ञात वाहन से टकरा गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां 22 जनवरी को उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। मृतक किसान की पत्नी रुकम्मा ने जीवनदान अंगदान कार्यक्रम के तहत जरूरतमंद मरीजों को मृतक के लीवर, 2 किडनी और 2 कॉर्निया, कुल 5 अंग दान करने की सहमति दी।

# भ्रामक दावों के लिए आयुर्वेदिक दवाएं जब्त

## औषधि एवं जादुई उपचार अधिनियम का उल्लंघन



हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आयुर्वेद आधारित दो दवाओं रुएम लिनिमेंट (जो गठिया के इलाज के लिए दावा किया जाता है) और स्टोलिस्ट कैप्सूल, जो मूत्र पथरी के इलाज के लिए विपणन की जा रही हैं, को भ्रामक विज्ञापनों के लिए तेलंगाना राज्य औषधि नियंत्रण प्रशासन (टीएसडीसीए) के औषधि निरीक्षकों द्वारा जब्त कर लिया गया है। उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित माहेश्वरी फार्मास्यूटिकल्स द्वारा निर्मित रयूम लिनिमेंट का स्टॉक आसिफाबाद में पाया गया, जबकि हरियाणा के भृगु फार्मा द्वारा निर्मित स्टोलिस्ट कैप्सूल का स्टॉक मेडचल-मलकाजगिरी जिले में पाया गया।

टीएसडीसीए के अधिकारियों ने (जिन्होंने बाजार में दो आयुर्वेदिक दवाओं के लेबल पर भ्रामक दावों का पता लगाया था) कहा कि इस तरह के दावे औषधि और जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 का उल्लंघन हैं। औषधि और जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954, कुछ बीमारियों और विकारों के उपचार के लिए कुछ दवाओं के विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाता है। जो व्यक्ति कुछ बीमारियों और विकारों के उपचार के लिए दवाओं के बारे में भ्रामक विज्ञापन करते हैं, उन्हें औषधि और जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 के तहत दंडनीय माना जाएगा।

# केले के तने से खाद योग्य सैनिटरी नैपकिन विकसित, आईआईसीटी को मिली सफलता




हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर स्थित भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) ने अपने औद्योगिक साझेदार आकार इनोवेशन के साथ मिलकर कृषि अपशिष्ट, विशेष रूप से केले के स्यूडोस्टेम को खाद योग्य सैनिटरी पैड में परिवर्तित करने के लिए एक पेटेंट प्रौद्योगिकी विकसित की है। 'वेस्ट से धन' तकनीक कृषि अपशिष्ट, विशेष रूप से केले के स्यूडोस्टेम से स्वच्छता अनुप्रयोगों के लिए लुगदी के व्यावसायिक उत्पादन पर केंद्रित है। यह किफायती, खाद बनाने योग्य सैनिटरी पैड के उत्पादन को सक्षम बनाता है, जो विशेष रूप से ग्रामीण और वंचित समुदायों में मासिक धर्म स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को संबोधित करता है।

आईआईसीटी ने कहा कि यह नवाचार भारत में स्वच्छता उत्पादों के लिए वाणिज्यिक स्तर के कृषि अपशिष्ट मूल्यांकन के पहले सफल उदाहरणों में से एक है। पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रिया में बेहतर अवशोषण और प्रतिधारण गुणों के साथ लुगदी निकालने के लिए टिकाऊ पद्धतियों का उपयोग किया जाता है। यह लुगदी पारंपरिक पाइनवुड-आधारित लुगदी के लिए एक लागत प्रभावी और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प प्रदान करती है, जिससे पारंपरिक कच्चे माल पर निर्भरता कम हो जाती है।

इस प्रक्रिया का ज्ञान 7 और 8 जनवरी के बीच आईआईसीटी में 50 लीटर के पायलट पैमाने पर सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया गया, जिसमें सीई एंड पीटी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विनीत अनिया, आकार इनोवेशन के एमडी और संस्थापक जयदीप मंडल, आईआईसीटी के निदेशक डॉ. श्रीनिवास रेड्डी शामिल थे। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) समझौते को 17 जनवरी को सीएसआईआर इनोवेशन कॉम्प्लेक्स, मुंबई (सी-आईसीआईएम) के उद्घाटन समारोह के दौरान औपचारिक रूप दिया गया।

# इंदिराम्मा आवास योजना को लेकर किसान ने की आत्महत्या की कोशिश

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुलुगु जिले के कन्नाईगुडेम मंडल के बुट्टायिगुडेम स्थित ग्राम सभा में एक दुखद घटना में एक छोटे किसान कुम्मारी नागेश्वर राव ने गुरुवार को जनता के सामने आत्महत्या का प्रयास किया। इंदिराम्मा आवास आवंटित किए गए लाभार्थियों की सूची से अपना नाम गायब होने से निराश होकर उन्होंने कठोर कदम उठाने से पहले गांव की समिति के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने तुरंत नागेश्वर राव को इलाज के लिए एतुरूनगरम अस्पताल में भर्ती कराया।

बाद में उन्हें बेहतर चिकित्सा देखभाल के लिए मुलुगु के जिला मुख्यालय अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। नागेश्वर राव ने अधिकारियों से बहस की और उन पर सरकारी योजनाओं के लिए कांग्रेस सदस्यों का पक्ष लेने का आरोप लगाया।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# दूसरे मैच के लिए भारत की संभावित प्लेइंग 11

## रवि बिश्नोई का कट सकता है पत्ता

मुंबई, 23 जनवरी (एजेंसियां)। कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुआई में टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज की जोरदार शुरुआत की है। भारत ने वरुण चक्रवर्ती की गेंदबाजी और अभिषेक शर्मा की जोरदार बैटिंग के दम पर पहले मैच में आसान जीत दर्ज की। दोनों टीम अब चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में शनिवार को दो-दो हाथ करेंगी। आइए एक नजर डालते हैं कि इस मैच में कप्तान सूर्यकुमार किस प्लेइंग इलेवन के साथ उतर सकते हैं।

कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए सीरीज के पहले मैच में भारत के सभी बल्लेबाजों को बैटिंग करने का मौका नहीं मिला। टीम ने इंग्लैंड से मिले 133 रनों के टारगेट को सिर्फ तीन विकेट गंवाकर ही हासिल कर लिया। यहां बैटिंग के मोर्चे पर सिर्फ सूर्यकुमार ही फेल रहे, जो अपना



खाता भी नहीं खोल सके। गेंदबाजी डिपार्टमेंट की बात की जाए तो वरुण चक्रवर्ती की अगुवाई में रवि बिश्नोई को छोड़कर भारत के लगभग सभी गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

**रवि बिश्नोई को नहीं मिला एक भी विकेट**

उन्होंने अपने कोटे के चार ओवर में 22 रन खर्च किए। बिश्नोई भारत की तरफ से एकमात्र ऐसे गेंदबाज रहे, जिन्हें मैच में एक भी विकेट नहीं मिला। उनके इस प्रदर्शन के बाद टीम मैनेजमेंट उनकी जगह अगले मैच में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को मौका दे सकती है। उनके कोलकाता में पहला मैच खेलने की पूरी उम्मीद थी, लेकिन टॉस के बाद उनकी प्लेइंग इलेवन से छुट्टी हो गई।

**शमी ने 14 महीने बाद की नेशनल टीम में वापसी**

मैच खत्म होने के बाद कप्तान सूर्यकुमार ने बताया कि तीन स्पिनर खिलाने की वजह से शमी को प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं दिया गया। बता दें कि इस सीरीज के साथ शमी ने 14 महीने बाद नेशनल टीम में वापसी की। उन्होंने आखिरी बार साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला खेला था।

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे मैच के लिए भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन- अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती।

# ना रोहित चले ना यशस्वी

## जम्मू-कश्मीर के खिलाफ बुरा हाल

मुंबई, 23 जनवरी (एजेंसियां)। रोहित शर्मा रेड बॉल क्रिकेट में लगातार संघर्ष कर रहे हैं। पिछली 15 टेस्ट पारियों में 10.93 की औसत से महज 164 रन बनाए थे। बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद उन पर सवाल उठने लगे थे। इसके बाद उन्होंने अपनी फॉर्म को वापस पाने के लिए घरेलू क्रिकेट का रुख किया। भारतीय कप्तान करीब 10 साल के बाद गुरुवार 23 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के खिलाफ रणजी मैच में उतरे। लेकिन यहां भी उनका संघर्ष जारी रहा। वो 19 गेंद में महज 3 रन बनाकर आउट हो गए। उनके अलावा ऑस्ट्रेलिया में बल्ले से दम दिखाने वाले यशस्वी जायसवाल भी इस मैच में नहीं चल सके।

**रोहित जम्मू-कश्मीर के खिलाफ हुए परेशान**

मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे



ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया था। इसके बाद भारत की ओपनिंग जोड़ी यानि यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा मुंबई की ओर से पारी की शुरुआत करने उतरे. लेकिन जम्मू-कश्मीर के गेंदबाजों ने उन्हें खूब परेशान किया. खास तौर से 6 फीट 4 इंच के उमर नजीर के सामने वह बिल्कुल मजबूर नजर आए. उमर के सामने वह कई बार बीट हुए. रोहित को उनकी गेंद पढ़ने में मुश्किल हो रही थी. इसका नतीजा रहा कि उमर ने 12 गेंद डॉट खिलाने के बाद उन्हें 13वें गेंद पर आउट कर दिया.

रोहित शर्मा के साथ आए यशस्वी जायसवाल हालांकि अच्छे फॉर्म में चल रहे हैं. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में भी अपना दम दिखाया था और 5 मैचों की सीरीज में 43 की औसत से 391 रन बनाए. इस दौरान उन्होंने 2 अर्धशतक और 1 शतक भी लगाया था. लेकिन जम्मू-कश्मीर के खिलाफ उनका भी प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा. हालांकि, वो काफी आत्मविश्वास में दिख रहे थे और उन्होंने पारी की दूसरी ही गेंद पर चौका जड़ दिया था. लेकिन इस मैच में वो 8 गेंद में 4 रन बनाकर आउट हो गए.

**खतरे में टेस्ट करियर**

बैटिंग में पड़े सूखे के कारण टेस्ट टीम में रोहित शर्मा की जगह धीरे-धीरे खत्म होती हुई नजर आ रही है. रोहित ने ऑस्ट्रेलिया में 5 पारियों में 6.2 की औसत से 31 रन बनाए थे. अब भारत को इस साल जून के महीने में इंग्लैंड दौरे पर जाना है. इस दौरान 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है. लेकिन रोहित को इसमें जगह मिलने की उम्मीद सिर्फ घरेलू प्रदर्शन पर टिकी हुई है. अगर वो इसमें फेल हुए शायद उनके टेस्ट करियर का अंत हो जाए.

# फिडे की ताजा रैंकिंग में गुकेश चौथे स्थान पर

## सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय बने, एरिगैसी को पछाड़ा

विज्क आन ज़ी (नीदरलैंड), 23 जनवरी (एजेंसियां)। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने अपने नाम पर नित नई उपलब्धियां दर्ज करने का क्रम जारी रखा है और वह गुरुवार को फिडे (विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था) की ताजा रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचकर अर्जुन एरिगैसी की जगह भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी बन गए। गुकेश ने अपनी समझबूझ और तकनीकी खेल का शानदार नमूना पेश करते हुए टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर अपने अंकों की संख्या 3.5 अंक तक पहुंचा दी। उन्होंने इस प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत भी दर्ज की।

**खेल रत्न से सम्मानित हुए गुकेश**

हाल में भारत के सर्वोच्च खेल





पुरस्कार ध्यान चंद खेल रत्न को प्राप्त करने वाले गुकेश के अब 2784 रेटिंग अंक हो गए हैं, जबकि पिछले कुछ समय से भारत के नंबर एक खिलाड़ी रहे एरिगैसी 2779.5 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन 2832.5 अंकों के साथ निर्विवाद रूप से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं। उनके बाद अमेरिका के दो खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा (2802) और फैबियानो कारुआना (2798) का नंबर आता है।

**एरिगैसी ने पिछले साल किया था ऐसा**

गुकेश ने पिछले साल दिसंबर में सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व खिताब जीता था। एरिगैसी पिछले साल सितंबर में भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी बने थे। उन्होंने इसके बाद दिसंबर में अपनी सर्वोच्च रेटिंग 2801 हासिल की थी। वह 2800 या इससे अधिक रेटिंग अंक हासिल करने वाले दुनिया के 15वें और विश्वनाथन आनंद के बाद भारत के दूसरे खिलाड़ी हैं।

**गुकेश को प्रज्ञानंद से टक्कर**

टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में अभी आठ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी है। गुकेश दो जीत और तीन ड्रॉ के साथ हमवतन आर प्रज्ञानंद और उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से पीछे संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानंद ने नीदरलैंड के मैक्स वार्मरडैम के साथ ड्रॉ खेला, जबकि अब्दुसत्तोरोव ने एक अन्य स्थानीय खिलाड़ी जोर्डन वान फॉरेस्ट को हराया।

**एरिगैसी ने मेंडोंका से ड्रॉ खेला**

पांचवें दौर के बाद प्रज्ञानंद और अब्दुसत्तोरोव दोनों चार-चार अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं, जबकि गुकेश स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव के साथ उनसे केवल आधा अंक पीछे है। फेडोसीव ने अमेरिका के शीर्ष वरीय फैबियानो कारूआना को हराया। एरिगैसी ने जहां हमवतन मेंडोंका से ड्रॉ खेला, वहीं पी हरिकृष्णा को पूर्व चैंपियन चीन के वेई यी के खिलाफ अपने काले मोहरों से कुछ खास नहीं कर सके।

**वैशाली ने स्वेन से ड्रॉ खेला**

चैलेंजर्स वर्ग में आर वैशाली ने जर्मनी की फ्रेडरिक स्वेन के साथ ड्रॉ खेला, जबकि अन्य भारतीय खिलाड़ी दिव्या देशमुख नीदरलैंड की इरविन एल'एमी से हार गईं। वैशाली के 2.5 और दिव्या के 1.5 अंक हैं।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

## यानिक सिनर, शेलटन से होगा मुकाबला

मेलबोर्न, 23 जनवरी (एजेंसियां)। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पायदान पर काबिज यानिक सिनर ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी एलेक्स डि मिनौर को आसानी से हराकर अंतिम चार की टिकट पक्की की। सिनर के सामने शुक्रवार को पुरुष एकल के सेमीफाइनल में 2023 अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनलिस्ट बेन शेलटन की चुनौती होगी, जिन्होंने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में लोरेंजो सोनेगो को मात दी।

मिनौर के साथ स्थानीय दर्शकों का समर्थन था लेकिन सिनर ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया और 6-3, 6-2, 6-1 की आसान जीत दर्ज की। इससे पहले अमेरिका के 22 साल के बामहस्त खिलाड़ी शेलटन ने इटली के गैरवरीय खिलाड़ी के खिलाफ 6-4, 7-5,



4-6, 7-6 से जीत दर्ज की।

इस 21वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 144 मील प्रति घंटे (232 किलोमीटर प्रतिघंटे) की रफ्तार से सर्विस कर पहला सेट अपने नाम करने के साथ मौजूदा सत्र के सबसे तेज सर्विस की बराबरी की। शेलटन ने इस जीत के बाद कहा, राहत महसूस कर रहा हूं। मैं सोनेगो की तारीफ करना चाहूंगा, उसने भी कमाल का खेल दिखाया।

# इंडोनेशिया मास्टर्स: क्रास्टो-कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी अगले दौर में पहुंची

जकार्ता, 23 जनवरी (एजेंसियां)। तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया और सीधे गेम में जीत दर्ज करके इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। क्रास्टो और कपिल ने पहले दौर के मैच में अदनान मौलाना और इंदा काहया सारी जमील की इंडोनेशियाई जोड़ी को 21-18, 21-14 से हराया और अब उनका अगला मुकाबला मलेशिया के पैंग रॉन हू और सु यिन चेंग से होगा।

क्रास्टो ने मंगलवार को अनुभवी अश्विनी पोनप्पा के साथ महिला युगल के दूसरे दौर में भी प्रवेश किया। इस जोड़ी ने थाईलैंड की ओर्निचा



जोंगसथापोर्नपार्न और सुकिता सुवाचाई को 21-6, 21-14 से हराया और अब उनका सामना मलेशिया की पेई की गो और मेई जिंग तेओह से होगा। हालांकि रोहन कपूर और रूथविका शिवानी गद्दे की अन्य भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी पहले दौर में इंग्लैंड के ग्रेगरी मायर्स और जेनी मायर्स से 9-21, 13-21 से हारकर बाहर हो गई।

भारत के लिए दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओडिशा मास्टर्स 2023 के उपविजेता आयुष शेट्टी और किरण जॉर्ज दोनों अपने पुरुष एकल के शुरुआती दौर के मैच हार गए। शेट्टी ने 19-21, 19-21 से हारने से पहले चीन के विश्व में नंबर एक खिलाड़ी शी यू क्यूई के सामने कड़ी चुनौती पेश की, जबकि किरण जॉर्ज कोरिया के जियोन ह्योक-जिन से 12-21, 10-21 से हार गए। महिला एकल में भी भारत के लिए यह अच्छी शुरुआत नहीं रही।

रक्षिता श्री संतोष रामराज शुरुआती दौर में जापान की टोमोका मियाज़ाकी से 17-21, 19-21 से जबकि तान्या हेमंत थाईलैंड की रतचानोक इंतानोन से 14-21, 11-21 से हार गईं।

# मांडविया ने एशियाई खेलों, ओलंपिक में खो-खो को शामिल करने की इच्छा जताई, विश्व विजेताओं का सम्मान किया

नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। खो-खो विश्व कप में भारत की महिला और पुरुष टीमों की जीत के बाद केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने खो-खो को एशियाई खेलों और 2036 ओलंपिक में शामिल करने की इच्छा जताई है। मांडविया ने विश्व विजेता महिला और पुरुष खो-खो टीम को सम्मानित किया और कहा कि खो-खो को एशियाई खेलों और 2036 ओलंपिक में शामिल करने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत होगी।

**पुरुष और महिला खो-खो टीम का किया सम्मान**

सम्मान समारोह में पुरुष और महिला टीमों के साथ टीम के कोच और भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल सहित अन्य लोग शामिल हुए।



भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने 19 जनवरी को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में पहले खोखो विश्व कप का खिताब जीता था। दोनों भारतीय टीमों ने फाइनल में नेपाल को हराया।

भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है और उसने अपनी महत्वाकांक्षी योजना की दिशा में पहला ठोस कदम उठाते हुए अंतराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के भविष्य मेजबान आयोग को अपनी इच्छा व्यक्त करते हुए एक आशय पत्र प्रस्तुत किया है। अगर भारत को मेजबानी का अधिकार मिलता है तो खो-खो उन छह खेलों में से एक होगा जिन्हें मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) टी20 क्रिकेट, कबड्डी, शतरंज और स्क्वाश के साथ 2036 ओलंपिक में शामिल करने की सिफारिश करने की योजना बना रहा है।

मांडविया ने कहा, हमने खो-खो विश्व कप का आयोजन करके शानदार काम किया है और हमें यह प्रयास करना चाहिए कि इन खिलाड़ियों को एशियाई खेलों में खेलने का मौका मिले। सरकार का प्रयास खो-खो को 2036 के ओलंपिक में ले जाना भी है। इसके लिए, खिलाड़ियों और कोचों को अच्छा प्रदर्शन करते रहना होगा, महासंघ को अच्छा प्रबंधन करते रहना होगा और खेल मंत्रालय खिलाड़ियों के प्रदर्शन के स्तर को बढ़ाने में सहायता और सहयोग करता रहेगा।

मांडविया ने कहा, पारंपरिक खेल सामुदायिक भावना और सहनशीलता को दर्शाते हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ये हमारे पारंपरिक खेल मूल्यों को बनाए रखते हैं। दुनिया इन पारंपरिक खेलों की समृद्धि से बहुत कुछ सीख सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर जिक्र किया है कि हमें पारंपरिक खेलों को सर्वश्रेष्ठ एक्सपोजर देना होगा। अब हमारी टीम को सर्वश्रेष्ठ एक्सपोजर ही नहीं मिल रहा बल्कि टीम शानदार प्रदर्शन भी कर रही है।

# राष्ट्रमंडल खेलों से कुश्ती को बाहर करने पर आया एरिका वीब का बयान, जताई निराशा

खे डेस्क, 23 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्व ओलंपिक चैंपियन पहलवान एरिका वीब ने 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से कुश्ती को बाहर करने को बेहद निराशाजनक करार दिया लेकिन साथ ही उम्मीद जताई कि अगले सत्र में खेल की वापसी होगी। कनाडा की एरिका ने 2016 रियो ओलंपिक की महिला 75 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा के फाइनल में कजाखस्तान की गुजेल मेन्युरोवा को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता था।

**एरिका ने की कुश्ती को शामिल किए जाने की वकालत**

यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) और आईएसएस के सहयोग से यहां चल रहे अंतराष्ट्रीय महिला कुश्ती शिविर और 'रेसलिंग मास्टरक्लास' कार्यक्रम के लिए यहां इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट आई एरिका ने वकालत की कि 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी की जगह कुश्ती को शामिल किया जाना चाहिए था।

एरिका ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा- ग्लासगो में 2026 राष्ट्रमंडल खेलों का फैसला बहुत निराशाजनक था। उन्होंने खेलों के लिए एक बहुत ही अलग मॉडल अपनाया। उनके पास केवल 10 खेल हैं। यह बेहद निराशाजनक बात है। मैं वास्तव में चाहती थी कि वे मुक्केबाजी की जगह कुश्ती को शामिल करते।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इस खेल (कुश्ती) की लोगों तक अधिक पहुंच है। मुझे लगता है कि महासंघ बेहतर स्थिति में है। मुझे लगता है कि यह राष्ट्रमंडल में भारत और नाइजीरिया की मौजूदगी में कुश्ती के खेल में शानदार खिलाड़ियों के रूप में अपनी विविधतापूर्ण ताकत दिखाने का एक अवसर है। और इसलिए, हां, यह निराशाजनक है।



मुझे लगता है कि चीजें बदलेंगी। हम नहीं जानते कि भविष्य में क्या होने वाला है और इसलिए मुझे उम्मीद है कि शायद 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों में हम कुश्ती की वापसी देखेंगे।

**बजरंग पूनिया का सम्मान करती हैं एरिका**

बुडापेस्ट 2018 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता एरिका ने ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया की प्रशंसा की और कहा कि भारत में महिला कुश्ती में शानदार आदर्श मौजूद हैं। उन्होंने कहा, मैं बहुत से भारतीय खिलाड़ियों, खासकर पहलवानों की सराहना करती हूं। मैंने बजरंग के लिए मैट पर और मैट के बाहर सम्मान के बारे में बहुत बात की है, वह एक शानदार पहलवान, अविश्वसनीय सहयोगी है। भारत में महिला फ्रीस्टाइल कुश्ती में शानदार आदर्श मौजूद हैं।

बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप 2018 की कांस्य पदक विजेता एरिका ने कहा, मैं फोगाट बहनों, साक्षी मलिक और विनेश के बारे में सोचती हूं, जो ना केवल मैट पर चैंपियन रही हैं, बल्कि जिस तरह से वे खुद को संभालती हैं और मैट के बाहर जिस तरह चीजों के लिए खड़ी होती हैं, वह मेरे लिए बेहद प्रेरणादायक है। एरिका ने कहा कि एशियाई स्तर पर कुश्ती में प्रतिस्पर्धा बहुत कठिन है और एशियाई पहलवानों की कुश्ती की शैली अलग तरह की है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि एशियाई पहलवानों की कुश्ती की शैली बहुत ही अनोखी है, इतने सारे देशों की मौजूदगी में प्रतिस्पर्धा बहुत कठिन है, खासकर कम भार वाले वजन वर्गों में, वे बहुत प्रतिस्पर्धी, बहुत तेज, तकनीक रूप से सक्षम हैं, उन्हें खेलते हुए देखना शानदार होता है।

राष्ट्रमंडल खेल 2014 की चैंपियन एरिका ने कहा, मुझे 2023 एशियाई चैंपियनशिप के लिए कजाखस्तान जाने का मौका मिला। मैं 2025 एशियाई चैंपियनशिप के लिए जॉर्डन के अम्मान में रहूंगी। मैं कुश्ती की क्षमता, उत्साह, ऊर्जा को देखने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं जो हम एशिया में कुश्ती की शैली में देखते हैं।

# सबालेंका लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में

## पाउला बडोसा को सीधे सेट में हराया; 25 जनवरी को खिताबी मुकाबला

मेलबोर्न, 23 जनवरी (एजेंसियां)। डिफेंडिंग चैंपियन आर्यना सबालेंका ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के फाइनल में पहुंच गई हैं। वे लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। उन्होंने गुरुवार को मेलबर्न के रॉड लेवर एरिना में स्पेन की पाउला बडोसा को हराया।

बेलारूस की सबालेंका ने पाउला के खिलाफ 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। सबालेंका की




ऑस्ट्रेलियन ओपन में यह लगातार 20वीं जीत है। वे लगातार तीसरी बार खिताब जीतने के करीब हैं। उन्होंने 2023 और 2024 में टाइटल जीता था। विमेंस सिंगल्स का दूसरा सेमीफाइनल पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक और अमेरिका की मेडिसन कीज के बीच खेला जा रहा है। स्वियातेक ने क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की एम्मा नवारो और कीज ने यूक्रेन की 28वीं सीड एलिना स्वितोलिना को हराया था। मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले कल यानी शुक्रवार को खेले जाएंगे। पहला सेमीफाइनल नोवाक जोकोविच और एलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मुकाबला वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर और बेन शेल्टन के बीच होगा।

ऑस्ट्रेलियन ओपन साल का पहला ग्रैंड स्लैम होता है। लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने इस टूर्नामेंट को 1905 में शुरू किया था, जिसे पहले ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप कहा जाता था।

बाद में लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया 'टेनिस ऑस्ट्रेलिया' बन गया। इसके बाद ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप को ऑस्ट्रेलियन ओपन नाम दे दिया गया। 1969 से इस टेनिस टूर्नामेंट को आधिकारिक तौर पर ऑस्ट्रेलियन ओपन के नाम से जाना जाने लगा।

टेनिस में 4 ग्रैंड स्लैम होते हैं। चारों हर साल आयोजित होते हैं, इसकी शुरुआत जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन से होती है। मई और जून में फ्रेंच ओपन होता है। जुलाई में विम्बलडन और अगस्त-सितंबर में यूएस ओपन होता है। US ओपन साल का आखिरी ग्रैंड स्लैम होता है।

# हैदराबाद क्षेत्र में 60,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी अमेजन



हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और आईटी एवं उद्योग मंत्री डी श्रीधर बाबू ने विश्व आर्थिक मंच, 2025 में अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में एक बड़ी सफलता हासिल की, जब प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी तेलंगाना में डेटा सेंटर में 60,000 करोड़ रुपये का निवेश करने पर सहमत हुई। एडब्ल्यूएस की ओर से ग्लोबल पब्लिक पॉलिसी के उपाध्यक्ष माइकल पंके ने प्रतिनिधित्व किया। नेताओं ने तेलंगाना में डेटा सेंटर के बुनियादी ढांचे की स्थापना के लिए स्वागत योग्य माहौल बनाने में तेलंगाना सरकार की सहायक भूमिका और भारत में एडब्ल्यूएस के संचालन के लिए राज्य के रणनीतिक महत्व पर चर्चा की।

तेलंगाना भारत में एडब्ल्यूएस की रणनीति का एक अभिन्न अंग है। एडब्ल्यूएस हैदराबाद में अपने डेटा सेंटर का बड़े पैमाने पर विस्तार करेगा और करीब 60,000 करोड़ रुपये के नए निवेश की योजना बना रहा है। इसके साथ ही हैदराबाद में एडब्ल्यूएस क्षेत्र भविष्य में एआई सहित भारत में क्लाउड सेवाओं के विकास में सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एडब्ल्यूएस ने पहले तेलंगाना में अपने क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए 2030 तक 4.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की घोषणा की थी। एडब्ल्यूएस ने अब तक राज्य में लगभग 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश के साथ तीन साइटें विकसित की हैं। ये तीन केंद्र पहले से ही चालू हैं। एडब्ल्यूएस ने सरकार से अपने विस्तार योजनाओं के लिए अतिरिक्त भूमि के आवंटन की सुविधा के लिए अनुरोध किया है, जिसके लिए सरकार सहमत हो गई है।

अमेजन अपनी विस्तार योजनाओं के साथ तेलंगाना की डिजिटल महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रमुख निवेश निर्णय की सराहना करते हुए, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा, हम अमेजन जैसे वैश्विक व्यवसायों के हमारे राज्य में पहले से कहीं अधिक बड़े निवेश करने के आत्मविश्वास में वृद्धि से प्रसन्न हैं। पिछले एक साल के प्रयासों ने वास्तव में फल दिया है। यह तेलंगाना राइजिंग विजन का काम है। आईटी एवं उद्योग मंत्री दुदिल्ला श्रीधर बाबू ने कहा कि इस सौदे के साथ, हैदराबाद को भारत के डेटा सेंटर हब के रूप में मान्यता मिलेगी और यह इस क्षेत्र में निर्विवाद नेता बन जाएगा।

## 10वीं कक्षा के छात्र ने की आत्महत्या

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जीडीमेटला स्थित अपने घर में बुधवार रात 10वीं कक्षा की एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली। जीडीमेटला के एक निजी स्कूल से दसवीं की पढ़ाई कर रही लक्ष्मा त्रिशा (15) जीडीमेटला थाना क्षेत्र के चिंतल के गणेशनगर में अपने माता-पिता और भाई-बहनों के साथ रहती थी। बुधवार दोपहर को किशोरी स्कूल से घर आई और कथित तौर पर उदास दिख रही थी। जब उसकी मां ने कारण पूछा तो त्रिशा ने कुछ नहीं बताया और अपने नियमित स्कूल के काम में जुट गई।

जीडीमेटला पुलिस स्टेशन के सब इंस्पेक्टर वेंकट राम रेड्डी ने बताया कि गुरुवार की सुबह त्रिशा स्टडी रूम में वेंटिलेटर से लटकी हुई पाई गई। उसके माता-पिता को संदेह है कि पढ़ाई से जुड़ी समस्याओं को लेकर डिप्रेशन में आकर उसने अपनी जान दे दी।

# अक्षत ग्रीनटेक तेलंगाना में सौर ऊर्जा उत्पादन इकाई स्थापित करेगा



हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने तेलंगाना में अत्याधुनिक सौर सेल और मॉड्यूल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए मैसर्स अक्षत ग्रीनटेक प्राइवेट लिमिटेड, जो कि माईट्राह एनर्जी की एक समूह कंपनी है, के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। दावोस में विश्व आर्थिक मंच 2025 के अवसर पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, आईटी और उद्योग मंत्री डी श्रीधर बाबू और तेलंगाना राइजिंग प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति में एमओयू को औपचारिक रूप दिया गया। अक्षत ग्रीनटेक का प्रतिनिधित्व उनके निदेशक गिरीश गेली ने किया। अक्षत ग्रीनटेक हैदराबाद में 6.9 गीगावाट सौर सेल और 6.9 गीगावाट सौर मॉड्यूल विनिर्माण इकाई स्थापित करेगी। प्रस्तावित निवेश वाली यह परियोजना 150 करोड़ रुपये की है। 7,000 करोड़ रुपये की लागत से 2,500 से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होने, स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलने और क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यह अक्षय ऊर्जा नेतृत्व की ओर तेलंगाना की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। राज्य सरकार ने हाल ही में एक महत्वाकांक्षी स्वच्छ और हरित ऊर्जा नीति शुरू की है और अक्षय ऊर्जा में निवेश के लिए एक अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने, मजबूत बुनियादी ढांचे, एकल खिड़की मंजूरी और प्रोत्साहनों के आकर्षक पैकेज की पेशकश करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भारत की पेटेंट और डिजाइन परीक्षक जांच प्रक्रिया में सबसे आगे : डॉ. गोयल

> डॉ. एमसीआर एचआरडी संस्थान में पेटेंट और डिजाइन परीक्षकों के लिए प्रशिक्षण शुरू



हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। डॉ. एमसीआर एचआरडी संस्थान ने भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के डीपीआईआईटी के पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक (सीजीपीडीटीएम) कार्यालय के अंतर्गत पेटेंट और डिजाइन के 122 परीक्षकों के लिए 16 सप्ताह का प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया।

यह कार्यक्रम भारत के बौद्धिक संपदा (आईपी) परिदृश्य में बौद्धिक संपदा के संरक्षक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए अधिकारियों को तैयार करने में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी-कानूनी दृष्टिकोण से पेटेंट के लिए आवेदनों की जांच में प्रशिक्षण प्रदान करना और उन्हें प्रशासन में इनपुट से अवगत कराना है। संस्थान के महानिदेशक और तेलंगाना सरकार के विशेष मुख्य सचिव डॉ. शशांक गोयल ने कहा कि पेटेंट और डिजाइन परीक्षक भारत की पेटेंट और डिजाइन जांच प्रक्रिया में सबसे आगे हैं। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करके कि योग्य पेटेंट और डिजाइन प्रदान किए जाते हैं, आप भारत में नवाचार और रचनात्मकता का माहौल बनाने में सीधे योगदान देते हैं और आपके काम का बौद्धिक संपदा पारिस्थितिकी तंत्र पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा। डॉ. शशांक गोयल ने कहा कि परीक्षकों द्वारा किया गया कार्य अलग-थलग नहीं है, बल्कि वैश्विक बौद्धिक संपदा (आईपी) पारिस्थितिकी तंत्र से आंतरिक रूप से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, अंतर्राष्ट्रीय ढांचे पर स्पष्टता न केवल आपके कर्तव्यों को सटीकता के साथ निभाने के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए भी महत्वपूर्ण है कि भारत की आईपी प्रणाली वैश्विक मानकों और प्रथाओं के अनुरूप हो। प्रोफेसर (डॉ) उन्नत पी पंडित, महानियंत्रक, पेटेंट, डिजाइन, और ट्रेडमार्क (सीजीपीडीटीएम) ने एक प्रमुख संगठनात्मक उपलब्धि पर प्रकाश डाला, अर्थात पेटेंट और डिजाइन (समूह ए राजपत्रित) के 550 परीक्षकों की मंजूरी और भर्ती, जो भारत के बौद्धिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने आईपी दाखिल करने और निपटान में बढ़ती प्रवृत्ति पर प्रकाश डाला, जो वैश्विक आईपी परिदृश्य में भारत की बढ़ती प्रमुखता को दर्शाता है। प्रोफेसर पंडित ने परीक्षकों को अवसरों को भुनाने और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा में योगदान देने के लिए प्रेरित करने के लिए भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की एक प्रेरक कविता सुनाई। सीजीपीडीटीएम कार्यालय के निदेशक (प्रशासन) और मुख्य सतर्कता अधिकारी हेमंत एस बोराले ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में एक लाख से अधिक पेटेंट देने की कार्यालय की उपलब्धि पर प्रकाश डाला और अधिकारियों को व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास दोनों के लिए अपने प्रशिक्षण के दौरान प्रदान की गई सुविधाओं का लाभ उठाने की सलाह दी।

# केटीआर ने सीएम की 'मजदूर मानसिकता' वाली टिप्पणी पर किया पलटवार



हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व आईटी मंत्री केटी रामा राव ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी द्वारा हाल ही में उन्हें 'कर्मचारी मानसिकता वाले आईटी कर्मचारी' कहकर अपमानित करने के प्रयास पर तीखा जवाब दिया। अपने चिरपरिचित तीखे लहजे में उन्होंने इस कटाक्ष को सिरे से पलट दिया और राजनीति में अनैतिक प्रथाओं पर कड़ी मेहनत, शिक्षा और ईमानदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जो लोग सोचते हैं कि वे मुझे सिर्फ एक आईटी कर्मचारी कहकर मेरा अपमान कर सकते हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं- आईटी उद्योग का हिस्सा बनने के लिए सच्ची प्रतिभा, शिक्षा, कौशल और समर्पण की जरूरत होती है। विधायकों को रिश्वत देने या दिल्ली के बॉस को नौकरी के लिए पैसे देने के बजाय, आईटी पेशेवर कड़ी मेहनत और चतुराई से अपनी आजीविका कमाते हैं। आईटी और आईटीईएस कार्यबल के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए, रामा राव ने उन्हें सलाम करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयास और शानदार दिमाग आधुनिक तकनीक की दुनिया की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि आपके बिना, नवाचार और प्रगति के पहिये रुक जाएंगे। इसके अलावा, पूर्व आईटी मंत्री ने अपनी जड़ों, शिक्षा, कार्य अनुभव, तकनीकी पृष्ठभूमि और सहकर्मियों पर अपने गर्व की घोषणा की, जो उनके आलोचकों के बिल्कुल विपरीत है।

## गणतंत्र दिवस से पहले बढ़ा दी गई हैदराबाद हवाई अड्डे की सुरक्षा

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। गणतंत्र दिवस से पहले हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) ने एक सामान्य खुफिया अलर्ट के मद्देनजर सुरक्षा बढ़ा दी है। इसने घोषणा की है कि यह 30 जनवरी तक उच्च सुरक्षा अलर्ट पर रहेगा।

जनता तक आगंतुकों का प्रवेश वर्जित रहेगा। आरजीआईए ने यात्रियों से सुरक्षा कर्मियों के साथ सहयोग करने तथा इन दिनों में हवाई अड्डे पर समय से पहले पहुंचने का आग्रह किया। हर साल स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस से पहले हवाई अड्डे को अलर्ट पर रखा जाता है।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पिकेट में परीक्षा पर चर्चा

> 2025 एवं पराक्रम दिवस कार्यक्रम का आयोजन



हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती मनाने के लिए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पिकेट में परीक्षा पर चर्चा-2025 एवं 'पराक्रम दिवस' का आयोजन किया गया।

सभा की शुरूआत द्वीप प्रज्वलन व नेताजी की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ हुई तदुपरांत छात्रों द्वारा परीक्षा पर चर्चा के अंतर्गत योग प्रदर्शन के द्वारा सबके अंदर नई ऊर्जा का संचार कर दिया। अंग्रेजी अध्यापिका दिव्या श्रीवास्तव द्वारा पराक्रम दिवस पर नेताजी के जीवन परिचय तथा उनके द्वारा देश के लिए दिए गए अद्वितीय योगदान के विषय में दिए गए भाषण ने छात्रों पर गहरा प्रभाव डाला। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य रुपिंदर सिंह द्वारा छात्रों को नेताजी के विषय में जानकारी दी गई तथा छात्रों के अंदर देशभक्ति की भावना भरने व ईमानदारी और निडरता के मूल्यों को विकसित करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य ने प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे परीक्षा पर चर्चा-2025 के विषय में भी छात्रों को संबोधित किया तथा परीक्षा को उत्सव के रूप में लेने व किसी प्रकार का दबाव न लेने की बात कही।

इस उपलक्ष्य में विद्यालय में मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया गया। विद्यालय में छात्रों एवं शिक्षकों के मानसिक एवं भावात्मक स्वास्थ्य उन्नयन के लिए कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डॉ. स्नेहा कुलकर्णी ने संसाधक के रूप में उपस्थित थीं। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य, सभी शिक्षकगण ने बढ़-चढ़ कर अपनी सहभागिता दर्ज की।

## पेंट की दुकान में लगी आग

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मेडचल रोड पर स्थित एक दुकान में गुरुवार सुबह आग लग गई। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। खबरों के मुताबिक आग मेडचल हाईवे पर स्थित एक पेंट की दुकान में लगी। स्थानीय लोगों ने जब आग देखी तो उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी। स्थानीय पुलिस और डीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। बाद में अग्निशमन कर्मी भी वहां आ गए। आग लगने का कारण दुकान में शॉर्ट सर्किट होने का संदेह है। हालांकि, सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# पुलिस स्टेशनों की संचार प्रणाली डिजिटल में बदली



हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा कमिश्नरेट के अंतर्गत महेश्वरम जोन के सभी पुलिस स्टेशनों की संचार प्रणाली को एनालॉग से डिजिटल में बदल दिया गया है। इससे अब आयुक्तालय कार्यालय से महेश्वरम क्षेत्र के अंतर्गत 1715 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करने वाले सभी 10 कानून और व्यवस्था पुलिस स्टेशनों के अधिकारियों और कर्मचारियों को बिना किसी रुकावट के तत्काल जानकारी प्रदान करना संभव हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह डिजिटल संचार प्रणाली भारत में पहली बार राचकोंडा आयुक्तालय के अंतर्गत महेश्वरम क्षेत्र में शुरू की गई थी। कमिश्नर सुधीर बाबू ने बताया कि यह नई डिजिटल संचार प्रणाली बिना किसी अतिरिक्त लागत के उपलब्ध तकनीकी उपकरणों की मदद से स्थापित की गई है। आयुक्त ने कहा कि आने वाले दिनों में आयुक्तालय के अधीन शेष जोनों में भी इसी तरह की व्यवस्था स्थापित की जायेगी। डीआइजी आईटी एवं संचार जे. श्रीनिवास राव, डीसीपी विशेष शाखा जी. नरसिम्हा रेड्डी, एसपी आर.जे. सुधाकर, अतिरिक्त डीसीपी प्रशासन शिवकुमार, डीएसपी जी. बाबू, डीएसपी जी. श्रीनिवासुलु, एसीपी आईटी सेल नरेंद्र गौड़, एसीपी सीसीआरबी रमेश, इंस्पेक्टर जी. मुरली कृष्ण रेड्डी, ए. भानु प्रसाद, एन. ज्ञान सुंदरी, सब इंस्पेक्टर एस. नरेंद्र रेड्डी, स्वामी और अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

## ओयू ने भूमि और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के प्रति दोहराई अपनी प्रतिबद्धता

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। उस्मानिया विश्वविद्यालय (ओयू) ने बुधवार को अपनी भूमि और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। एक बयान में, उस्मानिया विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रोफेसर जी नरेश रेड्डी ने कहा कि विश्वविद्यालय की संपत्ति पर अतिक्रमण करने या उसकी परिसंपत्तियों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हब्सीगुडा में विश्वविद्यालय की परिसर की दीवार के एक हिस्से को हाल ही में ध्वस्त किए जाने की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

ध्वस्त की गई दीवार को फिर से बनाने के लिए पहले ही कदम उठाए जा चुके हैं, ताकि विश्वविद्यालय की सीमाएं सुरक्षित रहें। प्रभावित स्थान पर स्थल निरीक्षण के दौरान, विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने तारनाका, हब्सीगुडा और रामंतपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में निगरानी और सुरक्षा उपायों को बढ़ाने का निर्णय लिया। सुरक्षा विंग को गश्त बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा आसपास के निजी व्यक्तियों से संबंधित घटनाक्रमों पर नियमित जानकारी देने का निर्देश दिया गया। प्रोफेसर रेड्डी ने कहा कि विश्वविद्यालय की संपत्ति या प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाली किसी भी कार्रवाई के सख्त परिणाम भुगतने होंगे।


**भारतीय रिज़र्व बैंक**

**हैदराबाद में बैंक की औषधालयों में दवाओं और गैर-चिकित्सा वस्तुओं की आपूर्ति, क्रेडिट स्लिप पर दवाओं की आपूर्ति और बैंक के इच्छित लाभार्थियों को दवाओं की होम डिलीवरी।**

भारतीय रिज़र्व बैंक, हैदराबाद, हैदराबाद में बैंक के औषधालयों में दवाओं और गैर-चिकित्सा वस्तुओं की आपूर्ति, क्रेडिट स्लिप पर दवाओं की आपूर्ति और बैंक के इच्छित लाभार्थियों को दवाओं की होम डिलीवरी के लिए कई आउटलेट वाले आपूर्तिकर्ताओं/स्टॉकिस्टों/केमिस्टों से एमएसटीसी वेब पोर्टल के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करता है। अनुबंध की अवधि संतोषजनक प्रदर्शन के अधीन एक वर्ष की होगी यानी 01 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक। अनुबंध अवधि के दौरान अपेक्षित खरीद मूल्य ₹3.6 करोड़ (केवल तीन करोड़ साठ लाख रुपये) है।

2. बैंक, कई आउटलेट वाले हैदराबाद स्थित आपूर्तिकर्ताओं/स्टॉकिस्टों/केमिस्टों से दो-भागीय निविदा आमंत्रित करता है जो न्यूनतम पात्रता मानदंड (पिछले तीन वर्षों के लिए न्यूनतम वार्षिक कारोबार ₹1.80 करोड़ (केवल एक करोड़ अस्सी लाख रुपये)) को पूरा करते हैं और निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) दस्तावेज में उल्लिखित नियमों और शर्तों का पालन करने के लिए सहमत हैं। पात्रता की पूरी जानकारी के साथ-साथ आवश्यक दस्तावेज डाउनलोड करने के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर जाएं।

3. बैंक ई-टेंडरिंग वेब पोर्टल https://www.mstcecommerce.com/eprocn के माध्यम से टेंडरिंग प्रक्रिया को ऑनलाइन होस्ट करेगा। निविदा 24 जनवरी, 2025 को सुबह 11:00 बजे से देखने/डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध होगी। तकनीकी-वाणिज्यिक बोली जमा करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी, 2025, दोपहर 01:00 बजे है।

4. भारतीय रिज़र्व बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

क्षेत्रीय निदेशक
भारतीय रिज़र्व बैंक, हैदराबाद


# अगले 5 महीनों के लिए सिर्फ 150 टीएमसी पानी



हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भरपूर बारिश और पर्याप्त जल प्रवाह वाले इस साल के बावजूद, कृष्णा बेसिन परियोजनाओं, विशेष रूप से श्रीशैलम परियोजना और नागार्जुन सागर बांध में जल स्तर में तेजी से कमी आ रही है। श्रीशैलम परियोजना में 1,620 टीएमसी से अधिक का संचयी जल प्रवाह दर्ज किया गया, जबकि नागार्जुन सागर परियोजना को इस साल अब तक 1,200 टीएमसी से अधिक पानी प्राप्त हुआ है।

तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की पेयजल और सिंचाई की जरूरतों को पूरा करने के लिए उपलब्ध संयुक्त भंडारण अब लगभग 150 टीएमसी है। इस मौसम के लिए पानी की उपलब्धता सीमित है और इसे दोनों राज्यों को अगले पांच महीनों, फरवरी से जून 2025 तक विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करना चाहिए, इस उम्मीद में कि समय पर मानसून आने से खाली हो चुके जलाशयों में पानी भर जाएगा।

अब तक आंध्र प्रदेश ने 600 टीएमसी से ज्यादा पानी निकाला है, जबकि तेलंगाना सिर्फ 170 टीएमसी ही निकाल पाया है। आज की तारीख में, श्रीशैलम परियोजना के पास अपने मौजूदा भंडारण के हिस्से के रूप में 92 टीएमसी है, और नागार्जुन सागर बांध में 229 टीएमसी है। न्यूनतम ड्रॉडाउन स्तरों-नागार्जुन सागर के लिए 510 फीट और श्रीशैलम के लिए 854 फीट-से ऊपर उनका शुद्ध उत्पादन लगभग 150 टीएमसी है। कृष्णा नदी प्रबंधन बोर्ड (केआरएमबी) से अपेक्षा की गई थी कि वह महत्वपूर्ण पांच महीने की अवधि के दौरान उपलब्ध आपूर्ति के लिए तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के जल अधिकारों का निर्धारण करेगा। इसके बजाय, केआरएमबी ने इस मुद्दे को हल करने के लिए तीन सदस्यीय समिति नियुक्त की है। दोनों राज्यों के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वे अपने जल उपयोग की रणनीति बनाएं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे अगले मानसून तक अपनी पेयजल और सिंचाई आवश्यकताओं को पूरा कर सकें।

समिति के निष्कर्षों का परिणाम दोनों राज्यों के बीच दुर्लभ संसाधनों के वितरण को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण होगा।

## एसीबी ने रामागुंडम एसटीओ और कार्यालय के अधीनस्थ को रिश्वत लेते पकड़ा

पेद्दापल्ली, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने गुरुवार को रामागुंडम उप-कोषाध्यक्ष एकुला महेश्वर और उनके अधीनस्थ रेड्डीवेनी पवन को एक सेवानिवृत्त शिक्षक से 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी अधिकारियों के अनुसार, सेवानिवृत्त शिक्षक कन्नूरी आनंद राव ने पेंशन स्वीकृत कराने के लिए एसटीओ महेश्वर से संपर्क किया था, लेकिन एसटीओ ने पेंशन स्वीकृत करने के लिए रिश्वत की मांग की। रिश्वत देने में रुचि न होने पर आनंद राव ने एसीबी से संपर्क किया, जिसने एक योजना बनाई और एसटीओ को साथ-साथ पवन को कार्यालय में पीड़ित से 10,000 रुपये लेते हुए पकड़ लिया।


श्री गणेशाय नमः श्री सुरभ्यै नमः श्री हनुमंतेय नमः

गऊ सेवा - मानव सेवा
राधे अलबेली सरकार सेवा समिति

गऊ माता प्राणी नहीं, संसार का प्राण है।
गऊ माता जानवर नहीं, देश की शान है।

शिव मंदिर गौशाला- मालकपेट, भाग्यनगर

SEVA WILL BE DONE ON EVERY SUNDAY, AMAWASYA, AND SPCL OCCASIONS

56 BHOG SEVA WILL BE DONE ON 26 JANUARY 2025 AT 10:AM

Donate Daily ₹1/- For Gau Mata

गऊ सेवा हेतु सम्पर्क करे:
1) सुभाष अग्रवाल : 9000167691
2) मिलन वर्मा : 9398802414
3) उमेश अग्रवाल : 9291495930

सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
ब्रिगेट रोड नं 7, बंजारा हिल्स, हैदराबाद, मोबाईल 9000366660

GB GOPAL BALDAWA GROUP


Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.